राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



देवघर में अवैध हथियार खरीदने आया युवक गिरफ्तार

• बोकारो, शनिवार 12 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 118 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध हथियार खरीदने आया युवक गिरफ्तार

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** कुंडा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार खरीदने की कोशिश कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक कार्बाइन मशीन गन (सीएमजी), दो मैगजीन और एक कीपैड मोबाइल बरामद किया है। इस मामले में कुंडा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र के रोहिणी परमेश्वर चौक निवासी सूरज कुमार सिंह के रूप में हुई है।

### युवक ने की आत्महत्या

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। शव कोडरमा-गिरिडीह रेलखंड पर बरामद हुआ। मृतक की पहचान बिहार के शेखपुरा निवासी संटू सिंह के रूप में हुई है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि संटू पूर्णानगर में अपने ससुराल में रहता था। देर रात वह कोडरमा-गिरिडीह रेलखंड पर ललोचनपुर नौवाडीह के पास पोल संख्या 7/3 के पास रेलवे ट्रैक के किनारे मृत मिला।

### हाथियों के ब्रिगेड में शामिल होंगे कर्नाटक के दो हाथी

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के पलामू टाइगर रिजर्व में मौजूद हाथियों के ब्रिगेड में कर्नाटक के दो हाथी शामिल होंगे। दरअसल पलामू टाइगर रिजर्व में हाथियों का ब्रिगेड है जिसमें चार हाथी मौजूद हैं। कर्नाटक के दो हाथी शामिल होने के बाद इनकी संख्या बढ़कर छह हो जाएगी। झारखंड वन विभाग ने कर्नाटक से छह पालतू हाथियों को लाने की योजना तैयार की है जिन्हें कुमकी हाथी कहा जाता है। दो हाथियों को पलामू टाइगर रिजर्व में रखा जाएगा जहां वे ब्रिगेड में शामिल हो जाएंगे।

### कूलिंग पौंड में मिला युवक का शव

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** बोकारो जनरल अस्पताल के सामने कूलिंग पौंड में शुक्रवार सुबह एक 20 साल के युवक का शव मिला। इससे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सेक्टर-9 स्ट्रीट-11, आवास संख्या 134 निवासी रोहन कालिंदी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह टाइगर मोबाइल के जवान इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें कूलिंग पौंड में शव दिखने की सूचना दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला।

### महिला की सिर कटी लाश बरामद

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बलियापुर थाना क्षेत्र के ढांगी बस्ती मड़ई थान के आगे चटनियां पुल के सामने शुक्रवार को जंगल से एक अज्ञात महिला का शव मिला। महिला का सिर और धड़ अलग-अलग जगहों से बरामद हुआ है। पुलिस सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। घटनास्थल से अगरबत्ती और कुछ पूजा सामग्री भी मिली है।

# कैंसर मरीजों के लिए झारखंड में छह जगहों पर बनेंगे रेडिएशन सेंटर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में कैंसर मरीजों को इलाज के लिए दूसरे शहरों में कम जाना पड़ेगा। राज्य सरकार छह जगहों पर रेडिएशन सेंटर विकसित करने की योजना बना रही है। इसके साथ ही राज्य के सभी पांच मेडिकल कॉलेजों में पीपीपी मोड पर कैंसर डे-केयर और रेडिएशन सेंटर शुरू करने की तैयारी है। इसे लेकर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में कैंसर मरीजों को जिला स्तर पर कीमोथेरेपी देने की व्यवस्था की समीक्षा की गयी। अधिकारियों को अस्पतालों में उपलब्ध मशीन, मानवबल और अन्य संसाधनों की जानकारी जुटाकर विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि रेडिएशन इलाज के लिए आधुनिक लीनैक मशीन के साथ विशेषज्ञ डॉक्टर, टेक्नीशियन



और रेडियो फिजिसिस्ट की जरूरत होती है। झारखंड में रेडियो फिजिसिस्ट की कमी को बड़ी चुनौती बताया गया। मशीन खराब होने पर इलाज प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था और रखरखाव पर भी चर्चा हुई। रेडिएशन सेंटर के लिए मेडिकल कॉलेजों को दो समूहों में रखने का प्रस्ताव है। पहले समूह में जमशेदपुर, धनबाद और दुमका को रखा गया है। दूसरे समूह में रांची, हजारीबाग और पलामू को शामिल करने की योजना है। इन केंद्रों में मशीन और तकनीकी कर्मचारियों की व्यवस्था पीपीपी मोड से करने पर विचार किया जा रहा है। डे-केयर सेंटर और रेडिएशन सेंटर को अलग रखने की योजना है। डे-केयर में मेडिकल ऑफिसर के जरिए इलाज की सुविधा दी जा सकती है। वहीं रेडिएशन सेंटर में विशेषज्ञ और प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारियों की जरूरत होगी। आयुष्मान और अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लाभुकों को तय पैकेज और दर के अनुसार इलाज मिलेगा। दूसरे मरीजों के लिए सीजीएचएस की दर को आधार बनाने पर सहमति बनी है। इसके अलावा रिम्स में कैंसर डे-केयर सेंटरों की निगरानी के लिए कंट्रोल एंड कमांड सेंटर बनाने पर भी विचार हुआ। रांची, जमशेदपुर और धनबाद में पीइटी स्कैन की सुविधा बढ़ाने और इसे पीपीपी मोड पर चलाने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। योजना की निगरानी के लिए विभागीय स्तर पर एक समिति बनाने की तैयारी है। समिति प्रस्ताव तैयार करने, संसाधनों का आकलन, टेंडर और सेंटरों के संचालन की निगरानी करेगी। विभाग भारत सरकार के बीजीएफ कार्यक्रम के तहत भी जरूरी मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर रहा है।

# जेपीएससी के पूर्व उप परीक्षा नियंत्रक की जमानत पर आदेश सुरक्षित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** 14वीं जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में कथित फर्जीवाड़े और अनियमितता के मामले में गिरफ्तार झारखंड लोक सेवा आयोग की पूर्व उप परीक्षा नियंत्रक श्वेता कुमारी गुप्ता की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई पूरी हो गई। अपर न्यायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब अदालत के फैसले का इंतजार है। श्वेता कुमारी गुप्ता को सीआईडी ने 22 जुलाई को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। जांच के दौरान सीआईडी ने परीक्षा से जुड़ी प्रक्रियाओं और कथित अनियमितताओं में उनकी भूमिका को लेकर पूछताछ की है। बताया गया कि दूसरे विभाग में तबादला होने के बावजूद श्वेता गुप्ता जेपीएससी में ही कार्यरत थीं। इसी को लेकर भी जांच एजेंसी ने उनसे पूछताछ की है। 14वीं जेपीएससी फर्जीवाड़ा मामले में सीआईडी की कार्रवाई लगातार जारी है। इस मामले में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष एल. खियांगते समेत दो दर्जन से अधिक लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जांच एजेंसी आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान परीक्षा प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी से जुड़े कई अहम तथ्यों के सामने आने का दावा किया जा रहा है। मामले में 21 जुलाई से रांची पुलिस और सीआईडी ने कार्रवाई शुरू की थी। इसी क्रम में जेपीएससी कार्यालय में छापेमारी की गई थी। छापेमारी के दौरान परीक्षा से संबंधित बड़ी संख्या में दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण सामग्री बरामद की गई थी। इसके बाद जांच का दायरा लगातार बढ़ता गया। सीआईडी अब परीक्षा में कथित फर्जीवाड़े की पूरी कड़ी को जोड़ने में जुटी है। जांच एजेंसी यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितता कैसे हुई और इसमें किन-किन लोगों की भूमिका रही। फिलहाल श्वेता गुप्ता की जमानत याचिका पर अदालत का फैसला सुरक्षित है।

# कुचाई के जंगलों में सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन, हथियारों का जखीरा बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां के कुचाई इलाके में तीन वरिष्ठ माओवादियों के आत्मसमर्पण के बाद सुरक्षा बलों ने जंगल में बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक रोलाहातु के जंगल में चल रहे संयुक्त अभियान के दौरान हथियार और अन्य नक्सली सामग्री मिलने की सूचना है। अभियान जारी होने के कारण बरामदगी का पूरा ब्योरा अभी सामने नहीं आया है। कुचाई थाना क्षेत्र के रोलाहातु जंगल में सरायकेला-खरसावां पुलिस, कोबरा और पश्चिम बंगाल पुलिस की संयुक्त टीम तलाशी अभियान चला रही है। सुरक्षा बल जंगल के अलग-अलग हिस्सों में सर्च कर रहे हैं और ऑपरेशन फिलहाल जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जंगल से हथियार और अन्य सामान बरामद होने की सूचना है। हालांकि कितने हथियार मिले हैं और उनकी प्रकृति क्या है, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी जारी नहीं की गई है। यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल में तीन इनामी माओवादियों के आत्मसमर्पण के बाद शुरू हुई है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक रीजनल कमेटी सदस्य रामप्रसाद मार्डी उर्फ सचिन, जोनल कमेटी सदस्य मीता उर्फ नयनतारा और सब-जोनल कमेटी सदस्य गौरी उर्फ बुल्लू ने पश्चिम बंगाल पुलिस के सामने सरेंडर किया है। रामप्रसाद मार्डी उर्फ सचिन पर झारखंड सरकार की ओर से 15 लाख रुपये और मीता पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

# कर्मियों की हड़ताल से बैंकों में लटके रहे ताले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सहित देशभर में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर सभी बैंक कर्मचारी और अधिकारी शुक्रवार को एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। राजधानी रांची के अरगोड़ा चौक के नजदीक अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों ने केंद्र सरकार के रुख पर नाराजगी जताते हुए जमकर नारेबाजी की और पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने, पीएलआइ भुगतान की विसंगतियों को दूर करने और 8 मार्च 2024 को हुए समझौते को लागू करने की मांग की। बैंक कर्मियों ने कहा कि केंद्र सरकार के साथ 8 मार्च 2024 को मांगों को लेकर समझौता हुआ था, जो अब तक लागू नहीं किया गया है। यूनियन्स के वरीय उपाध्यक्ष एसके ठाकुर





ने कहा कि केंद्र सरकार के अड़ियल रुख की वजह से बैंककर्मी बेहद परेशान हैं। केंद्र सरकार के कार्यालयों या बीमा सेक्टर में पांच दिनों का कार्यदिवस लागू है लेकिन बैंककर्मी जो रात 10 बजे तक काम करते हैं उनके प्रति दोहरी नीति अपनाई जा रही है। ऐसे में अत्यधिक कार्य दबाव के कारण अब तक 1200 बैंककर्मियों ने आत्महत्या की है। वहीं यूनियन्स के संयुक्त संयोजक मुनिन्द्र लाल सिंह ने कहा कि हमने केंद्र सरकार से पांच दिवसीय बैंकिंग कारोबार लागू करने की मांग की थी। इसके बदले में बैंक यूनियनों ने आश्वस्त किया था कि बैंकों में 40 मिनट अतिरिक्त समय देकर सभी बैंककर्मी समय का समायोजन कर देंगे। बावजूद केंद्र सरकार टालमटोल कर बैंक कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है। बैंक कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में सितंबर महीने में चार दिन हड़ताल पर रहेंगे। यूनियन्स ने 11, 28, 29 और 30 सितंबर को अखिल भारतीय हड़ताल की घोषणा की है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के महासचिव जे. पांडे और दिनेश कुमार शर्मा ने कहा है कि आज एक दिवसीय हड़ताल है। बावजूद केंद्र सरकार यदि हमारी मांगें नहीं मानती है तो 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैंक कर्मचारी चले जाएंगे और पूरा बैंकिंग कारोबार ठप कर देंगे।

# साइबर ठगी करने वाले पांच आरोपित धराये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जामताड़ा।** जामताड़ा पुलिस को साइबर अपराध के खिलाफ सफलता मिली है। पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। एसपी के निर्देश पर साइबर थाना पुलिस ने छापेमारी की। नारायणपुर और करमाटांड़ थाना क्षेत्रों से इन पांच साइबर आरोपियों को पकड़ा गया। इनके पास से 11 मोबाइल फोन और 13 सिम कार्ड मिले हैं। साइबर थाना प्रभारी राजेश मंडल के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई थी। इस टीम ने नारायणपुर थाना क्षेत्र के मुचियाडीह और करमाटांड़ थाना क्षेत्र के मटटांड़ गांव के तालाब के पास आम के बागान में छापा मारा। कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों को नारायणपुर से और दो को करमाटांड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तसलीम



अंसारी, मनजीर अंसारी, अब्दुल लतीफ, उस्मान गनी और जितेंद्र मंडल के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी लोगों को फोन करते थे। वे 999 रुपए कैशबैक मिलने का लालच देते थे और उसे 'एक्सेप्ट' करने को कहते थे। जैसे ही पीड़ित 'एक्सेप्ट' करता था, उसके खाते से पैसे निकाल लिए जाते थे। इसके अलावा वे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया समेत दूसरे बैंकों के क्रेडिट कार्ड बंद होने और नया कार्ड जारी करने का झांसा देते थे। लोगों के मोबाइल में एक एपीके फाइल डाउनलोड करवाई जाती थी। इस फाइल के जरिए क्रेडिट कार्ड से जुड़ी निजी जानकारी हासिल कर साइबर ठगी की जाती थी। इस मामले में साइबर अपराध थाना जामताड़ा में केस नंबर 58/26 दर्ज किया गया है। बीएनएस, आईटी एक्ट और टेलीकम्युनिकेशन एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार इस गिरोह का नेटवर्क देश के कई राज्यों में फैला हुआ था।

## जंगल में पेड़ से लटका मिला आर्मी जवान का शव

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** पेलावल थाना क्षेत्र में छड़वा डैम के जंगल में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। शव की पहचान कटकमसांडी थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव के रहने वाले धनंजय कुमार के रूप में हुई है। उनके पिता का नाम राजकुमार महतो है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक धनंजय भारतीय सेना में जवान था। घटना की खबर मिलते ही आसपास के कई लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने जंगल में पेड़ से शव लटका देखा। उन्होंने तुरंत पेलावल थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी। खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जगह का जायजा लिया। पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने घटना के बाद आसपास के इलाके की भी जांच की। पुलिस ने अभी यह साफ नहीं किया है कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट या दूसरा संदिग्ध सामान मिला है या नहीं।

# डीजीपी तदाशा मिश्रा ने दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** झारखंड की पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा शुक्रवार को गिरिडीह पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने दिवंगत मंत्री एवं गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के आवास पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डीजीपी ने दिवंगत नेता के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। गिरिडीह पहुंचने पर जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों ने डीजीपी तदाशा मिश्रा का औपचारिक स्वागत किया। इसके बाद वह सीधे दिवंगत सुदिव्य कुमार सोनू के आवास के लिए रवाना हुईं। आवास पर पहुंचकर उन्होंने दिवंगत नेता के परिजनों से मुलाकात की और इस अपूरणीय क्षति पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए डीजीपी ने कहा कि दुख की इस कठिन घड़ी में पूरा पुलिस प्रशासन परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। डीजीपी की परिजनों से मुलाकात के दौरान माहौल बेहद भावुक हो गया। वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं और पूरे परिसर में शोक का माहौल रहा। इस अवसर पर जिले के कई वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने भी दिवंगत मंत्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। डीजीपी की इस शोक संवेदना यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से दिवंगत नेता के प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि व्यक्त की गई।


# साहिबगंज में गंगा नदी ने तोड़ा चार वर्षों का रिकॉर्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**साहिबगंज।** झारखंड का साहिबगंज जिला बाढ़ से प्रभावित है। शुक्रवार सुबह गंगा नदी का जलस्तर 28.72 मीटर तक पहुंच गया, जो पिछले चार सालों में दर्ज किया गया सबसे ज्यादा स्तर है। इससे नदी के किनारे रहने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बता दें कि पिछले साल गंगा का अधिकतम जलस्तर 28.70 मीटर तक पहुंचा था। इससे पहले के सालों में अधिकतम स्तर 28.06 मीटर (2024), 27.38 मीटर (2023) और 28.60 मीटर (2022) रहा था। अभी जलस्तर धीमी गति से बढ़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग के साइट इंचार्ज छोटे लाल ने बताया कि बक्सर और मुंगेर के बीच नदी का जलस्तर घट रहा है और बाकी जगहों पर स्थिर है। हालांकि कोसी नदी से पानी छोड़े जाने के कारण साहिबगंज में गंगा का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही जलस्तर स्थिर हो जाएगा। गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए नदी के किनारे स्थित सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को 12 सितंबर तक बंद कर दिया गया है। नतीजतन बाढ़ प्रभावित इलाकों में स्कूल अब सोमवार को खुलेंगे। गंगा के बढ़ते जलस्तर और जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्यों को लगातार मजबूत कर रहा है। प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी बाढ़ प्रभावित परिवारों तक जरूरी खाद्य सामग्री और अन्य जरूरत की चीजें पहुंचाने के लिए जमीन पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इन प्रयासों के तहत, शुक्रवार को गोपालपुर,



घिसु टोला, मकईया टोला और बांसकोला जैसे बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द और साहिबगंज अंचलाधिकारी बासुकीनाथ टुडू ने एनडीआरएफ की टीम और कर्मचारियों के साथ मिलकर किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायजा लिया और उनके बीच खाद्य सामग्री बांटी। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कई जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे बाढ़ से प्रभावित लोगों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील रहें, राहत और खाने-पीने की चीजें पहुंचाने में कोई कमी न होने दें, प्रभावित परिवारों तक समय पर मदद पहुंचाएं और इलाके पर लगातार नजर रखें। शकुंतला सहाय घाट पर अपने जानवरों के साथ डेरा डाले पशुपालक चारे की लगातार कमी से परेशान हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने उनसे अपने जानवरों को दियारा क्षेत्र से लाने की अपील की थी और वादा किया था कि चारा उपलब्ध कराया जाएगा लेकिन चारे का कोई अता-पता नहीं है। कई पशुपालकों ने बताया कि उन्हें आए हुए कई दिन हो गए हैं फिर भी कोई प्रशासनिक अधिकारी उनका हाल-चाल जानने तक नहीं आया है। सुनीता देवी, सुंदर मंडल, महेंद्र मंडल और रामप्रसाद समेत कई पशुपालकों ने बताया कि उनके पास कुल 50 मवेशी हैं। उन्हें चारा जुटाने में बहुत मुश्किल हो रही है। उन्हें उम्मीद थी कि चारा मिलेगा लेकिन प्रशासन के रवैये से उन्हें निराशा हुई है। गुरुवार को पाकुड़ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के फरसा गांव में सादिकुल मोमीन की पांच साल की बेटी शरमीन खातून बाढ़ के पानी में डूब गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गौरव कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों को बच्ची की तलाश के लिए पानी में उतारा गया लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी शरमीन का कोई सुराग नहीं मिल पाया। शुक्रवार को भी बच्ची की तलाश जारी है।



# विभावि में आचार्य विनोबा भावे जयंती समारोह आयोजित

## वैसे लोगों के लिए कुछ करें जिनके पास संसाधन का अभाव है : कुलपति प्रोफेसर चंद्र भूषण शर्मा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)। कुलगुरु के रूप में मेरा धर्म है विद्यार्थियों की सेवा करना। बचपन से ही मैं विनोबा और गांधी के जीवन और दर्शन से जुड़ा रहा। आचार्य विनोबा के साहित्य को पढ़ें। इनके माध्यम से गांधी तक पहुंचें। उक्त बातें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने शुक्रवार को कही। वह रवींद्रनाथ टैगोर कलाभवन में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में आयोजित आचार्य विनोबा भावे जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया। कुलपति ने कहा कि हम सब भाग्यशाली हैं कि हमें समाज ने इतना पढ़ने लिखने का अवसर दिया। परंतु समाज को हमसे कुछ अपेक्षाएं भी है। विनोबा भावे को सच्ची श्रद्धांजलि देनी है तो समाज के वैसे लोगों के लिए कुछ सार्थक करें जिनके पास संसाधन का अभाव है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा तो बिल्कुल ही सरकार का काम नहीं होनी चाहिए। समाज को शिक्षित करना हमारी और आपकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह शेरनी की दूध है जिसका पान करके यह बोध होता है कि क्या सही है और क्या गलत। विश्वविद्यालय के सारे विभागों से एक-एक गांव को गोद लेने का आग्रह करते हुए प्रो शर्मा ने उस गांव में शिक्षा के प्रसार में योगदान देने का आह्वान किया। सबको प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा, किसी भी काम के लिए संसाधन को रुकावट नहीं बनने दें। अपनी हुनर, शक्ति और परिश्रम से लोगों के जीवन को बदलें। समारोह का शुभारंभ आचार्य विनोबा भावे की प्रतिमा पर कुलपति एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा पुष्पार्पण के साथ किया गया। तत्पश्चात राजनीति विज्ञान विभाग के प्रशाल में आयोजित गोष्ठी का आयोजन किया गया। विभागीय पदध्यापक डॉ अशोक राम ने विषय प्रवेश करते हुए सब का स्वागत किया। विद्यार्थी वक्ता प्रज्ञा आर्या ने अपने ओजस्वी संबोधन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ अजय बहादुर सिंह ने विनोबा भावे के 'भूदान यज्ञ' दर्शन की चर्चा की। लाइब्रेरी साइंस के निदेशक डॉ विनोद रंजन ने विनोबा के जीवन और चिंतन के अनुसरण करने के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी मुस्कान कुमारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यार्थी ऋतिक मिश्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ इंद्रजीत कुमार, वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ अग्रवाल, समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ रेणु बोस, मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ एस जेड हक के अलावे कुलसचिव डॉ सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, वित्त पदाधिकारी डॉ प्रदीप पाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ पंकज माझी, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ सरोज कुमार सिंह, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ अविनाश कुमार, अर्थशास्त्र के विभाग अध्यक्ष डॉ देवनारायण राम, फिजियोथेरेपी के निदेशक डॉ उमेंद्र कुमार, गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ गोविंद झा, मानवविज्ञान के अध्यक्ष डॉ जॉनी रुफिना तिर्की, प्रबंधन विभाग के निदेशक डॉ मोख्तार आलम, सीएनडी विभाग के निदेशक डॉ मृदुला भारती, दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ विजय कुजूर, योग केंद्र के निदेशक डॉ राजकुमार चौबे, जंतुविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार, तथा शिक्षक प्रो मृत्युंजय प्रसाद, डॉ ममता कश्यप, डॉ सर्वर अली, डॉ विनीता बानकीरा, डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ अमिता कुमारी, डॉ कुमारी भारती, डॉ रजनीश कुमार, डॉ राहुल कुमार, डॉ संजीव कुमार, डॉ अंबिका गुप्ता विभाग अध्यक्ष शिक्षक सुधरता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# मूलभूत सुविधाओं के लिए 22 से फिर शुरू होगा माले का 36 वार्ड अभियान

## हर वार्ड से 100 आवेदन जुटाने का लक्ष्य, 36 दिनों में सभी वार्डों का होगा भ्रमण : राजेश सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। नगर निगम क्षेत्र में मूलभूत समस्याओं के समाधान को लेकर भाकपा (माले) लिबरेशन की नगर कमिटी का द्वारा से 36 वार्ड अभियानह 22 सितंबर से फिर शुरू होगा। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन के कारण 5 सितंबर से शुरू हुआ अभियान बीच में स्थगित कर दिया गया था। नगर सचिव राजेश सिन्हा ने बताया कि अभियान की शुरुआत 5 सितंबर को वार्ड नंबर-1 पचम्बा से की गई थी। अब 22 सितंबर से इसे पुनः शुरू किया जाएगा। इसके तहत 36 दिनों में 36 वार्डों का भ्रमण कर लोगों की समस्याओं और नगर निगम से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतों को चिह्नित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड से कम से कम 100 आवेदन जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। आम लोग सड़क, नाली, पानी, आवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र समेत नगर निगम से संबंधित अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से दर्ज करा सकेंगे। अभियान के दौरान समस्याओं का आंकड़ा तैयार कर संबंधित अधिकारियों से बातचीत के जरिए समाधान की पहल की जाएगी। राजेश सिन्हा ने कहा कि मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का असमय निधन बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। माले परिवार दिवंगत मंत्री के परिजनों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि मंत्री जीवित रहते तो हजारों आवेदन लेकर उनके साथ बैठकर समस्याओं के समाधान पर चर्चा की जा सकती थी। अब नगर निगम क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी कौन और किस स्तर पर निभाएगा, यह आने वाले एक-दो महीनों में स्पष्ट होगा। तब तक माले कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर समस्याओं का आंकड़ा जुटाएंगे। उन्होंने अभियान में आम लोगों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं के साथ वर्तमान और पूर्व वार्ड पार्षदों से भी जुड़ने की अपील की। संगठन विस्तार पर भी जोर अभियान के दौरान भाकपा (माले) में नए सदस्यों को जोड़ने के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में ब्रांच कमिटी और ब्रांच सचिव बनाए जाएंगे। पार्टी के अनुसार एक ब्रांच के गठन के लिए करीब 10 सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें महिलाओं, दलित, अल्पसंख्यक, बुजुर्ग, छात्र और अन्य सामाजिक वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। राजेश सिन्हा ने कहा कि जो लोग पार्टी के समर्थक के रूप में जुड़ना चाहते हैं, वे भी सदस्य बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि हुगिरिडीह को आपकी जरूरत हैह और शहर की समस्याओं के समाधान के लिए अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जुड़ने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

### एनटीपीसी की सीबी साउथ कोल परियोजना के विरोध में हजारीबाग उपायुक्त से मिले केरेडारी के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण

केरेडारी/हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। केरेडारी क्षेत्र में एनटीपीसी की सीबी साउथ कोल परियोजना को लेकर रैयतों और ग्रामीणों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। परियोजना के विरोध में केरेडारी के जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण हजारीबाग उपायुक्त से मिले और अपनी बात मजबूती से रखी। रैयतों ने साफ शब्दों में कहा कि हुकिसी भी हाल में हम अपनी जमीन नहीं देंगे।ह ग्रामीणों का कहना है कि जमीन उनके जीवन, आजीविका और आने वाली पीढ़ियों का आधार है, इसलिए किसी भी कीमत पर जमीन अधिग्रहण स्वीकार नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष अपनी चिंताओं को रखते हुए कहा कि परियोजना के नाम पर स्थानीय रैयतों के अधिकारों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनका कहना है कि केरेडारी के लोग अपनी जमीन बचाने के लिए एकजुट हैं और जरूरत पड़ने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। सीबी साउथ कोल परियोजना को लेकर अब केरेडारी में हुहल्ला बोलह शुरू हो गया है। उपायुक्त से मुलाकात के बाद विरोध की आवाज और मुखर हो गई है। रैयतों का दो टूक कहना है—जान दे देंगे, लेकिन अपनी जमीन नहीं देंगे। इस दौरान बालेश्वर कुमार, अमेरिका, अनिता सिंह, अमित गुप्ता, गुरदयाल साव, महेश साव सहित सैकड़ों ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



### अभिभावक-शिक्षक समन्वय से ही मजबूत होगा बच्चों का भविष्य : अशोक मिश्रा

गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पीएम श्री शारदा कन्या मध्य विद्यालय, पंचंबा में द्वितीय अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रेशमी देवी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपस्थित अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों का तिलक-चंदन लगाकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव अशोक कुमार मिश्रा ने कहा कि अभिभावक और शिक्षक के बेहतर समन्वय से ही विद्यार्थियों के भविष्य को मजबूत आधार मिल सकता है। उन्होंने विद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी अभिभावकों को दी। उन्होंने एफएलएन, निपुण भारत, नशामुक्ति अभियान, छात्र छात्राओं की सुरक्षा, शत-प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव, एमडीएम, स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार, विद्यालय प्रमाणीकरण, आयरन गोली वितरण, शैक्षणिक भ्रमण, गणित-विज्ञान मूल्यांकन तथा अर्द्धवार्षिक परीक्षा समेत अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अशोक कुमार मिश्रा, तनु प्रिया, स्वीटी कुमारी, रेशमी देवी, सरिता देवी, ललिता, काजल, प्रीसू रानी, सारिका, सोनी, पूजा देवी, राखी देवी समेत विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं माता समिति के सदस्य तथा सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे।

### राजद जिला कमेटी की बैठक अब 13 सितंबर को, संगठन विस्तार व उपचुनाव पर होगी चर्चा

गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) गिरिडीह जिला कमेटी की 12 सितंबर को प्रस्तावित बैठक की तिथि में बदलाव किया गया है। अब यह बैठक रविवार, 13 सितंबर 2026 को सुबह 10 बजे नया परिषदन भवन, गिरिडीह में आयोजित होगी। जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने बताया कि जिला कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के विचार-विमर्श के बाद बैठक की तिथि में परिवर्तन किया गया है, ताकि अधिक से अधिक साथी इसमें शामिल हो सकें। बैठक की शुरुआत स्वर्गीय सुदिव्य कुमार सोनू को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ होगी। इसके बाद संगठन को मजबूत करने, प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक संगठन के विस्तार तथा आगामी उपचुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक में संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर ठोस निर्णय लिए जाने की भी संभावना है। जिला अध्यक्ष ने सभी जिला एवं प्रखंड पदाधिकारियों, प्रदेश पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर पहुंचकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

# कांटों के बीच जिंदगी की पुकार, थाना प्रभारी ने बचाई नवजात की जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। पचम्बा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को इंसानियत और पुलिस की संवेदनशीलता की तस्वीर सामने आई। थाना से महज कुछ दूरी पर एक निजी कार शोरूम के बगल में घनी और कांटेदार झाड़ियों के बीच एक नवजात शिशु मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सड़क से करीब पांच फीट नीचे झाड़ियों में नवजात के पड़े होने की जानकारी मिलते ही आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। लेकिन घनी और कांटेदार झाड़ियों के कारण कोई भी बच्चे तक पहुंचने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। सूचना मिलते ही पचम्बा थाना प्रभारी राजीव कुमार अपने चालक विमलेश और सहायक पुलिस सुनीता के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। हालात को देखते हुए थाना प्रभारी ने किसी दूसरे के आने का इंतजार नहीं किया और खुद कांटेदार झाड़ियों में उतर गए। सावधानीपूर्वक झाड़ियों को हटाते हुए उन्होंने नवजात को सुरक्षित बाहर निकाला। बताया गया कि झाड़ियों के बीच पड़े रहने के कारण नवजात के शरीर और आंखों के आसपास छोटी छोटी चोट और खरोंच के निशान थे। बच्चे की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। नवजात को पचम्बा थाना के समीप स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। किसने छोड़ा, क्यों छोड़ा—जांच में जुटी पुलिस नवजात इतनी घनी झाड़ियों तक कैसे पहुंचा, उसे वहां किसने छोड़ा और इसके पीछे क्या वजह रही, यह फिलहाल रहस्य बना हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ घटनास्थल से जुड़ी परिस्थितियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। घटना के दौरान थाना प्रभारी राजीव कुमार द्वारा खुद झाड़ियों में उतरकर नवजात को सुरक्षित बाहर निकालने और तत्काल अस्पताल पहुंचाने की कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की। कांटों के बीच फंसी एक नन्ही जिंदगी के लिए पुलिस की यह तत्परता इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।



# सरकारी जमीन की अवैध जमाबंदी खोलने और बिक्री का आरोप, डीसी से जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। जिले के अंचल गिरिडीह अंतर्गत मौजा लोहिपिटी, हल्का नंबर-3, थाना नंबर-108 एवं प्लॉट नंबर-853 की सरकारी भूमि को लेकर उपायुक्त से शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि नियमों के विपरीत ऑनलाइन जमाबंदी दर्ज कर सरकारी भूमि की खरीद-बिक्री की जा रही है, जिससे सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। शिकायत में कहा गया है कि उक्त जमीन की ऑनलाइन जमाबंदी एवं खाता परिवर्तन की तत्काल जांच कराई जाए। साथ ही कथित अवैध जमाबंदी को निरस्त करने तथा संबंधित अंचल अधिकारी, राजस्व कर्मचारी एवं अन्य दोषियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने जांच पूरी होने तक उक्त भूमि के क्रय-विक्रय और रजिस्ट्री पर रोक लगाने की भी मांग की है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि भू-माफिया द्वारा सरकारी भूमि की खरीद-बिक्री की जा रही है और इसमें कुछ सफेदपोश लोगों एवं संबंधित कर्मियों की मिलीभगत की आशंका है। मामले में उपायुक्त से सरकारी भूमि को अतिक्रमण एवं अवैध बिक्री से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई है। शिकायत के साथ खतियान की प्रति और ऑनलाइन जमाबंदी से संबंधित दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं।

# झारखंड हाईकोर्ट ने किया असिस्टेंट टीचर नियुक्ति अवमानना मामला खत्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

झारखंड। झारखंड हाईकोर्ट ने असिस्टेंट टीचर नियुक्ति से जुड़े अवमानना मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार और विभिन्न जिलों के उपायुक्तों के खिलाफ चल रही अवमानना कार्यवाही समाप्त कर दी। जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने कहा कि पहले दिए गए न्यायालय के आदेश के अनुसार याचिकाकर्ताओं के मामलों पर दोबारा विचार किया जा चुका है। पुनर्विचार के बाद यह पाया गया कि संबंधित श्रेणियों में चयनित अंतिम अभ्यर्थियों की तुलना में याचिकाकर्ताओं के अंक कम थे। इसलिए उनकी नियुक्ति का दावा खारिज कर दिया गया और इसे कोर्ट के आदेश का अनुपालन माना गया।

### 2023 के आदेश के उल्लंघन का लगाया था आरोप

यह मामला कंटेम्प्ट केस (सिविल) संख्या 269/2024 से संबंधित है। प्रद्युमन प्रसाद साहू, दिलीप कुमार, गोपाल साव और सुदीप कुमार गुप्ता ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि 17 अक्टूबर 2023 को डब्ल्यूपी (एस) संख्या 1896/2022 में हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश का जानबूझकर पालन नहीं किया गया। इसी आधार पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की मांग की थी।

### राज्य सरकार ने रखा अनुपालन का पक्ष

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से एसी टू सीनियर एसजी-द्वितीय निरुपमा ने अदालत को बताया कि सभी संबंधित उपायुक्तों की ओर से जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के 17 अक्टूबर 2023 के आदेश के अनुसार याचिकाकर्ताओं के मामलों की दोबारा समीक्षा की गई। सरकार ने अदालत को बताया कि पुनर्विचार में यह पाया गया कि याचिकाकर्ताओं के अंक अपनी-अपनी श्रेणी में चयनित अंतिम उम्मीदवारों से कम थे। इसी कारण उन्हें असिस्टेंट टीचर के पद पर नियुक्ति के लिए अयोग्य माना गया और उनके दावे को अस्वीकार कर दिया गया।

### कोर्ट ने अवमानना कार्यवाही की समाप्त

राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद जस्टिस राजेश शंकर ने कहा कि जब न्यायालय के पूर्व आदेश के अनुरूप मामलों पर पुनर्विचार कर निर्णय लिया जा चुका है, तब अवमानना कार्यवाही को आगे बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने सभी विपक्षी पक्षों के खिलाफ चल रही अवमानना कार्यवाही समाप्त करते हुए मामले का निपटारा कर दिया।

### अन्य कानूनी उपाय अपनाने की छूट

हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के लिए एक रास्ता भी खुला रखा। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि वे पुनर्विचार के बाद पारित आदेशों से असंतुष्ट हैं, तो कानून के तहत उपलब्ध उचित उपाय अपना सकते हैं। आदेश के साथ फिलहाल अवमानना का यह मामला समाप्त हो गया है, जबकि नियुक्ति संबंधी पुनर्विचार आदेश को चुनौती देने का विकल्प याचिकाकर्ताओं के पास बना रहेगा।

# माले नेताओं ने दिवंगत मंत्री सुदिव्य सोनू को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। भाकपा माले के राज्य कमिटी, पोलित ब्यूरो एवं एप्वा की नेत्रियों ने शुक्रवार को दिवंगत झामुमो नेता एवं मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताओं ने तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू के निधन से झारखंड ने एक बेहतर नेता खो दिया है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में माले परिवार उनके परिजनों के साथ खड़ा है। पूर्व विधायक विनोद सिंह ने कहा कि यह घटना सभी के लिए अचंभित करने वाली है। झारखंड ने बड़ा विजन रखने वाले एक नेता को खो दिया है। पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि गिरिडीह ने एक सुलझे हुए नेता को खो दिया है। माले परिवार दिवंगत नेता के बेटे-बेटियों और पूरे परिवार के साथ है। एप्वा नेत्री जयंती चौधरी ने परिजनों को हिम्मत रखने की बात कही और कहा कि माले परिवार हर परिस्थिति में उनके साथ रहेगा। राज्य कमिटी सदस्य रामेश्वर चौधरी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में परिवार के लोग माले परिवार को अपने से अलग न समझें।



# डीजीपी तदाशा मिश्रा व डीआईजी अंजनी झा ने दिवंगत मंत्री सुदिव्य सोनू को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा शुक्रवार को गिरिडीह पहुंचीं। उनके साथ डीआईजी अंजनी झा भी मौजूद थीं। दोनों अधिकारियों ने एसपी डॉ. बिमल कुमार के साथ दिवंगत मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के आवास पहुंचकर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान डीजीपी और डीआईजी ने दिवंगत मंत्री की पत्नी तथा दोनों बेटियों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को इस दुख की घड़ी में हिम्मत रखने का भरोसा दिलाया। इसके बाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीजीपी तदाशा मिश्रा ने सुदिव्य कुमार सोनू के निधन को राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि उनके असामयिक निधन से पूरे झारखंड को बड़ा झटका लगा है। मौके पर एएसपी सुरजीत कुमार, डीएसपी नीरज सिंह, डीएसपी रूपेंद्र राणा, नगर थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, मुफस्सिल थाना प्रभारी ज्ञान रंजन समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।



# तैलिक साहू सभा ने दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा की ओर से शुक्रवार को साहू समाज भवन, हुट्टी बाजार में शोकसभा आयोजित कर दिवंगत मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बालगोविंद साहू ने की। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान शोक-संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का असामयिक निधन गिरिडीह ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से गिरिडीह की राजनीति में एक बड़ा शून्य उत्पन्न हो गया है। वे मृदुभाषी, सुलझे हुए राजनेता, सक्रिय जनप्रतिनिधि और जनसरोकारों से जुड़े नेता थे। वक्ताओं ने कहा कि आम लोगों के बीच उनकी सहजता और लोकप्रियता उन्हें अलग पहचान देती थी। उनके निधन से समाज और राजनीतिक क्षेत्र को हुई क्षति की भरपाई कठिन है। शोकसभा में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उमाचरण प्रसाद साहू, महासचिव धर्म प्रकाश, उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू, हरगौरी साहू, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश साहा, नगर सचिव मनीष गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार साव, अभय साहा, जय किशन साहा, श्याम सुंदर गुप्ता, अजय साव, उमेश कुमार साव, संतोष कुमार साहू, धीरज कुमार, विक्की साव, गोविंद कुमार समेत समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे।



# पुरानी कमेटी भंग किए बिना नई कमेटी गठन पर उठे सवाल

## झारखंड फुटबॉल संघ की बैठक को लेकर पूर्व खिलाड़ी, कोच व रेफरी मुखर, कार्यप्रणाली की जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


हजारीबाग ब्यूरो। झारखंड फुटबॉल संघ की ओर से हजारीबाग में आयोजित बैठक और नई कमेटी के गठन को लेकर जिले के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों, कोच, रेफरी एवं संघ से जुड़े रहे सदस्यों में नाराजगी है। सदस्यों ने बैठक में बुलाए गए लोगों तथा कमेटी गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए संघ की कार्यप्रणाली की जांच कराने की मांग की है। पूर्व खिलाड़ियों एवं सदस्यों का कहना है कि बैठक में ऐसे लोगों को भी आमंत्रित किया गया, जो पूर्व में संघ के सदस्य नहीं रहे हैं। कुछ लोगों को पुराने खिलाड़ियों के रूप में बुलाया गया, जिन्होंने कभी फुटबॉल प्रतियोगिताओं में भी नहीं देखा है। आरोप लगाया गया कि हजारीबाग की पुरानी कमेटी को औपचारिक रूप से भंग किए बिना ही नए सदस्यों को जोड़कर नई कमेटी का गठन कर दिया गया। सदस्यों के अनुसार संघ की परंपरा के तहत पहले पुरानी कमेटी को भंग किया जाना चाहिए और उसके बाद नई कमेटी का गठन होना चाहिए। पूर्व सदस्यों ने झारखंड फुटबॉल संघ की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि झारखंड गठन के बाद से गुलाम रब्बानी लगातार सचिव पद पर बने हुए हैं, जबकि इस दौरान अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के पदों पर बदलाव होता रहा है। सदस्यों ने संघ में परिवारवाद को बढ़ावा दिए जाने का भी आरोप लगाया है। सदस्यों के मुताबिक पूर्व कमेटी के कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव एवं अन्य सदस्यों के साथ नए लोगों को जोड़कर लगातार लीग मैच आयोजित किए जाते रहे हैं। पिछले वर्ष 28 टीमों के बीच लीग मैच आयोजित किए जाने की बात भी सदस्यों ने कही। पूर्व सदस्यों ने दावा किया कि 72 खिलाड़ियों के पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा किए गए थे, लेकिन अब तक उनका रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है। इस संबंध में जानकारी मांगने पर भी स्पष्ट जवाब नहीं मिलने का आरोप लगाया गया। सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन से प्रतियोगिताओं की जानकारी पहले मिलने के बावजूद झारखंड के सदस्यों को कई बार अंतिम समय में सूचना दी जाती है। इससे खिलाड़ियों और प्रतियोगिता आयोजकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। संतोष ट्रॉफी जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के लिए भी पर्याप्त समय नहीं मिलने की बात सदस्यों ने कही। पुराने खिलाड़ियों एवं सदस्यों ने झारखंड फुटबॉल संघ के कार्यकाल और कार्यप्रणाली की पूरी जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग में गठित नई कमेटी के संबंध में उपायुक्त से मिलकर पूरी जानकारी दी जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की मांग की जाएगी। वहीं, छह सितंबर को खेल मंत्री सुदीप कुमार सोनू के निधन के बाद आठ सितंबर को हजारीबाग में बैठक आयोजित किए जाने पर भी सदस्यों ने नाराजगी जताई और इसकी निंदा की। मौके पर लाल किशोर प्रसाद, अशोक भट्टाचार्य, नजरूल हसन, भैया मुरारी सिन्हा, सरफराज अहमद, बहादुर राम, महताब आलम, धनेश्वर गोप एवं सूरज सिंह थापा उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय लोक अदालत आज, 11 पीठों में मामलों का होगा निस्तारण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झालसा के दिशा-निर्देश एवं पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 12 सितंबर शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत की कार्यवाही सुबह 11 बजे से शुरू होकर न्यायालय की कार्य अवधि तक चलेगी। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।




जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव गौरव खुराना ने बताया कि मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए 11 पीठों का गठन किया गया है। पीठ संख्या एक में कुटुंब न्यायालय से जुड़े मामलों की सुनवाई प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास एवं अधिवक्ता वीणा मिश्रा करेंगे। पीठ संख्या दो में एमएसीटी, आपराधिक अपील, पुनरीक्षण, सिविल अपील एवं विद्युत विभाग से संबंधित मामलों का निस्तारण जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजकुमार मिश्रा एवं अधिवक्ता अमिताभ चंद्र सिंह करेंगे।

पीठ संख्या तीन में वन एवं उत्पाद विभाग तथा सिविल जज सीनियर डिवीजन के न्यायालयों से जुड़े मामलों की सुनवाई सीजेएम मनोरंजन कुमार एवं अधिवक्ता वीर विक्रम वक्स राय करेंगे। पीठ संख्या चार में आपराधिक मामलों का निस्तारण सिविल जज सीनियर डिवीजन रविशंकर पांडेय एवं अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय करेंगे। पीठ संख्या पांच में रेलवे न्यायालय के मामलों की सुनवाई रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी प्रज्ञेष निगम एवं अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा करेंगे।

पीठ संख्या छह में एनआई एक्ट एवं सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालयों के मामलों का निस्तारण एसडीजेएम कमल प्रकाश एवं अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह करेंगे। पीठ संख्या सात में उपभोक्ता फोरम के मामलों की सुनवाई अध्यक्ष मोहम्मद नसरुद्दीन एवं सदस्य राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल करेंगे। पीठ संख्या आठ में प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण स्थायी लोक अदालत के प्रभारी अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता एवं अधिवक्ता अजय कुमार पांडे करेंगे।

पीठ संख्या नौ में कार्यपालक, राजस्व एवं श्रम विभाग से संबंधित मामलों का निस्तारण सदर एसडीएम संजय कुमार पांडेय एवं अधिवक्ता कुमारी नीतू सिंह करेंगे। हुसैनाबाद अनुमंडलीय न्यायालय में कार्यपालक एवं राजस्व मामलों के लिए एसडीएम समीर अल्फ्रेड मुर्मू एवं अधिवक्ता रामचंद्र सिंह तथा छतरपुर अनुमंडलीय न्यायालय में एसडीएम गणेश महतो एवं अधिवक्ता राकेश कुमार मिश्रा की पीठ रहेगी।

लोक अदालत में सहायता के लिए हेल्प डेस्क भी बनाया गया है, जहां अधिवक्ता पुष्कर राज एवं पीएलवी अनुरेखा देवी लोगों की मदद करेंगे। रिजर्व न्यायिक अधिकारियों के रूप में आभाष कुमार एवं शंभू महतो तथा रिजर्व अधिवक्ता के रूप में संजीव कुमार सिंह को रखा गया है।

## ट्यूशन के लिए निकला किशोर लापता



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के मौलाना आजाद कॉलोनी गली नंबर-20 निवासी मौलाना मंजूर हसन का 16 वर्षीय पुत्र मोहम्मद हसन 8 सितंबर से लापता है। मंगलवार दोपहर करीब 2:45 बजे वह ट्यूशन जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन न तो ट्यूशन पहुंचा और न ही वापस घर लौटा। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में मोहम्मद हसन नूरी मस्जिद तक जाता हुआ दिखाई दिया है। तीन दिनों से बेटे का पता नहीं चलने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्हें किसी अनहोनी की आशंका सता रही है। पिता मौलाना मंजूर हसन ने नामकुम थाना पुलिस और स्थानीय लोगों से बेटे की तलाश में सहयोग की अपील की है।

# बाइकों की चोरी से मचा हड़कंप, आठ दिनों में तीसरी चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** जपला शहर में बाइक चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले कुछ दिनों में दिनदहाड़े लगातार बाइक चोरी की घटनाओं से वाहन मालिकों में दहशत है। एक्सप्रेसबीज कार्यालय के सामने से स्प्लेंडर चोरी के ताजा मामले के बीच रविवार को वी-बाजार मॉल के बाहर से भी दिनदहाड़े स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। राहत की बात यह है कि मॉल के बाहर हुई चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इससे पुलिस को चोर तक पहुंचने में अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार, झरहा गांव निवासी पवन कुमार (26) जपला स्थित वी-बाजार मॉल में काम करते हैं। रविवार सुबह करीब 10 बजे वह अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या जेएच-03-एम-2507 से मॉल पहुंचे थे। बाइक मॉल के बाहर खड़ी कर वह काम करने के लिए अंदर चले गए। करीब 2:15 बजे खाना खाने के लिए बाहर निकले तो बाइक गायब मिली। आसपास काफी खोजबीन के बावजूद बाइक का पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। बाइक चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद होने से पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिला है। फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान करने के साथ उसके आने-जाने के रास्ते का भी पता लगाया जा सकता है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर चोर तक पहुंचने और चोरी गई बाइक बरामद करने में जुटी है। इसी बीच 9 सितंबर को जपला चौबे निवासी विकास कुमार चौधरी की काले रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या जेएच-03-जी-8470 एक्सप्रेसबीज कार्यालय, हरिहर चौक के निकट से चोरी हो गई। पीड़ित के अनुसार वह दोपहर 12:48 बजे से 1:54 बजे के बीच कार्यालय में काम कर रहा था। इसी दौरान बाइक चोरी कर ली गई। मामले में हुसैनाबाद थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। विकास कुमार उक्त कंपनी कार्यालय में डिलीवरी ब्वॉय का कार्य करते हैं। बाइक चोरी जाने से उनके रोजगार पर संकट उत्पन्न हो गया है।पुलिस एक्सप्रेसबीज कार्यालय के नजदीक स्थित सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर को पकड़ने एवं बाइक बरामद करने का प्रयास कर रही है। गौरतलब है कि लगातार हो रही बाइक चोरी के बीच दो दिन पहले जपला के स्टेशन रोड से भी एक बाइक चोरी हुई थी। पुलिस की सक्रियता से चोरी गई बाइक को हैदरनगर से बरामद कर लिया गया था। इस सफलता के बाद अब लगातार सामने आ रही नई घटनाओं ने शहर में वाहन सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बीच सीसीटीवी में कैद वारदात पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सुराग साबित हो सकती है। स्थानीय लोगों ने जपला शहर में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने, प्रमुख बाजार क्षेत्रों में निगरानी मजबूत करने और संवेदनशील स्थानों पर वाहन सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बाजार और व्यस्त इलाकों में दिनदहाड़े बाइक चोरी होना पुलिस की चुनौती बढ़ाने वाला मामला है।

# सीआईडी जांच में लीपापोती हुई तो फिर करेंगे आंदोलन

**रांची।** झारखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं और भर्ती प्रक्रिया में सुधार की मांग को लेकर छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो की ओर से निकाली गई 'भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा' का शुक्रवार को रांची में समापन हुआ। 24 अगस्त को रामगढ़ के नेमरा गांव से शुरू हुई यह यात्रा 18 दिनों तक चली। इस दौरान राज्य के सभी 24 जिलों का भ्रमण किया गया।



यात्रा का उद्देश्य जेपीएससी और जेएसएससी समेत राज्य की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता की मांग को लेकर युवाओं के बीच जनसमर्थन जुटाना था। यात्रा के दौरान अलग-अलग जिलों में युवाओं और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों से संवाद किया गया और भर्ती प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को उठाया गया। शुक्रवार को रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में यात्रा के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां बड़ी संख्या में युवा जुटे। हाथों में तिरंगा लेकर युवाओं ने बापू वाटिका से पैदल मार्च निकाला। मार्च के दौरान भर्ती प्रक्रिया में सुधार और प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने की मांग को लेकर नारे लगाए गए। पैदल मार्च मोरहाबादी से आगे बढ़ते हुए रांची के कोकर स्थित बिरसा मुंडा समाधि स्थल पहुंचा, जहां यात्रा का समापन किया गया। कार्यक्रम में शामिल युवाओं ने भर्ती परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। समापन के दौरान छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि यात्रा का समापन जरूर हुआ है, लेकिन आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि युवाओं के मुद्दों को लेकर लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। आंदोलन का स्वरूप समय के साथ बदलता रहेगा, लेकिन भर्ती व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता की मांग को लेकर संघर्ष जारी रहेगा।

## जेएसएससी परीक्षा धांधली मामले में कोडरमा से दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में कथित धांधली की जांच कर रही सीआईडी की दो टीमों ने गुरुवार देर रात कोडरमा और डोमचांच में छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पूर्णानगर निवासी संदीप कुमार और गोलवडाबा निवासी राजेश प्रसाद यादव के रूप में हुई है। दोनों को पूछताछ के लिए रांची ले जाया गया है। सीआईडी के अनुसार, पूर्व में गिरफ्तार आरोपितों और बिचौलियों से पूछताछ में दोनों के नाम सामने आए थे। दोनों पर परीक्षा में सेटिंग कराने के नाम पर मध्यस्थ की भूमिका निभाने और कथित परीक्षा सिंडिकेट से संपर्क में रहने का आरोप है। राजेश यादव के यूट्यूब चैनल और संदीप कुमार द्वारा ट्रस्ट संचालित किए जाने की भी जानकारी सामने आई है।

# रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय परिसर में पलाश दीदी कैफे शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रांची: ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने रांची स्थित रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय परिसर में पलाश दीदी कैफे का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि 'पलाश दीदी कैफे' केवल झारखंड के स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन का केंद्र नहीं है। बल्कि झारखंड की ग्रामीण महिलाओं के श्रम, हुनर, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को पहले उनके हुनर के अनुरूप प्रशिक्षण दिया गया, फिर



उन्हें ऋण एवं वित्तीय सहायता का लाभ उपलब्ध कराया गया। अब उनके उत्पादों तथा सेवाओं को बाजार से जोड़ते हुए स्वरोजगार के स्थायी अवसर तैयार किए जा रहे हैं। 'पलाश' कैफे के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे स्थानीय एवं पारंपरिक उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें बेहतर पहचान और उचित मूल्य दिलाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि सरकारी आयोजनों एवं विभिन्न संस्थानों में 'पलाश' से जुड़ी दीदियों द्वारा तैयार उत्पादों और खाद्य सामग्री को प्राथमिकता के साथ स्थान मिले। इसके लिए झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि पूरे राज्य में पलाश दीदी कैफे का विस्तार किया जाए। जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि पलाश दीदी कैफे इस अभियान के विस्तार की एक और मजबूत कड़ी है।

# हिंदी दिवस पखवाड़ा पर प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर महाविद्यालय में हिंदी दिवस पखवाड़ा 2026 के अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा निबंध एवं कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एम.एस. इस्लाम के निर्देशन आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के लिए अलग-अलग विषय दिए गए थे। निबंध के लिए 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और हिंदीःअवसर, चुनौतियां और भविष्य' एवं कविता लेखन के लिए 'मेरी हिन्दी, मेरा स्वाभिमान' विषय रखा गया था। हिंदी विषय के अलावा महाविद्यालय के दुसरे विषय के इच्छुक छात्रों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का औचक निरीक्षण राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देव प्रकाश, आईक्यूएसी के प्रभारी बॉटनी के सहायक प्राध्यापक सुमित मिश्रा एवं भौतिकी के सहायक प्राध्यापक कुमार गौरव ने किया। हिन्दी के सहायक प्राध्यापक मंजू कुमार सोरेन एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. कुणाल किशोर ने की प्रतियोगिता की निगरानी की। सभी प्रतिभागी अपने निबंध एवं कविता का पाठ हिन्दी दिवस के दिन मंच से करेंगे। उनमें से उत्कृष्ट आने वाले प्रतिभागियों को प्राधानाचार्य द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।



# महिला को केरोसिन डालकर जलाने के प्रयास में आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा की अदालत ने हत्या के प्रयास के मामले में पंडवा थाना क्षेत्र के चिल्ली बरवाडीह निवासी राहुल प्रसाद को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। राशि नहीं देने पर तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

मामला पंडवा थाना कांड संख्या 48/2021 से संबंधित है। अभियोजन के अनुसार, 11 जून 2021 की शाम आरोपी ने साथ रहने से इनकार करने पर पीड़िता को धमकी दी थी। इसके बाद सब्जी काटते समय उस पर केरोसिन तेल डालकर आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई थी। उसका इलाज सदर अस्पताल डालटनगंज के बर्न वार्ड में कराया गया था। अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को भारतीय दंड विधान की धारा 307 एवं 326 के तहत दोषी पाते हुए दोनों धाराओं में 10-10 वर्ष सश्रम कारावास और 25-25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

# विज्ञान संगोष्ठी में 30 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा/औरंगाबाद।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी परिसर में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की देखरेख प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रंजीत कुमार ने की। संगोष्ठी में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से चयनित कुल 30 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों का चयन लिखित परीक्षा, व्याख्यान एवं पोस्टर प्रस्तुति के आधार पर किया गया। पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल ने छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। निर्णायक मंडल में उपेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, आशा मिश्रा, दीक्षित राज एवं पप्पू कुमार शामिल रहे। प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च विद्यालय अहियापुर के ऋषिकेश कुमार ने प्रथम, गायत्री कुमारी ने द्वितीय, बाला बिगहा विद्यालय के सबना प्रवीण ने तृतीय, महुली विद्यालय की अदिति राज ने चतुर्थ तथा अमझर शरीफ विद्यालय के कादिल अंसारी ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। सभी चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में हसपुरा प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। जानकारी के अनुसार विद्यालय स्तर पर विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन 21 अगस्त को किया गया था। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन कर उन्हें प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया गया। प्रखंड स्तर से चयनित प्रतिभागी 21 सितंबर को होने वाली जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में भाग लेंगे। इसके बाद 30 सितंबर को प्रमंडल स्तर की प्रतियोगिता आयोजित होगी। राज्य स्तर के लिए चयनित प्रतिभागी 8 अक्टूबर को श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र, गांधी मैदान, पटना में अपनी प्रस्तुति देंगे।

# जन्म से मृत्यु तक चल रहीं 150 योजनाएं

**दाउदनगर (औरंगाबाद) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त अरविंद कुमार सिंह का शुक्रवार को दाउदनगर पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर स्वागत एवं सम्मान किया गया। गयाजी रोड स्थित डॉ. दिनेश कुमार वर्मा के क्लीनिक के पास भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी के नेतृत्व में समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे विवेकानंद मिशन स्कूल पहुंचे। यहां विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर अद्यंत वत्स, डिप्टी डायरेक्टर सह काउंसलर अद्या वत्स ने बुके एवं मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया। मोमेंटो पर उनका फोटो एवं पद अंकित था। डिप्टी डायरेक्टर अद्यंत वत्स ने उन्हें विद्यालय परिसर में स्थित प्ले एरीना, म्यूजिक एंड डांस रूम तथा स्पोर्ट्स रूम का निरीक्षण कराया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी ली और विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। मुख्य अतिथि अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देने के साथ अनुशासन, संस्कार, नैतिकता और जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय स्वर्णिम काल की तरह है। वर्ष 2004 से पहले के बिहार की स्थिति की चर्चा करते हुए कहा कि आज सरकार की ओर से करीब 150 योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

# प्रखंड स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन, प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के कासमा रोड स्थित आरबीआर हाई स्कूल के सभागार भवन में प्रखंड स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2026 का आयोजन शुक्रवार को दोपहर किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 8 से 10 तक के संकुल स्तर पर सफल रहे छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रचनात्मक एवं विश्लेषणात्मक सोच विकसित करना तथा स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना को बढ़ावा देना रहा। संगोष्ठी के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी वैज्ञानिक समझ, विचार और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन लेखापाल पवन मिश्रा, प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, उच्च विद्यालय लोहरा की शिक्षिका अस्मिता कुमारी एवं उच्च विद्यालय गाजीकरमा की शिक्षिका पूजा कुमारी उपेंद्र कुमार कॉर्डिनेटर पौथू, विज्ञान शिक्षक मुकेश कुमार दिवाकर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर लेखापाल पवन मिश्रा ने कहा कि विज्ञान संगोष्ठी विद्यार्थियों के अंदर जिज्ञासा, तार्किक सोच और नई चीजों को समझने की क्षमता विकसित करने का बेहतर माध्यम है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होती है। प्रखंड स्तर पर चयनित प्रतिभागी अब जिला स्तर पर आयोजित होने वाली विज्ञान संगोष्ठी में प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# सिमरकोल-अमावां सड़क बेहाल, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया रोड जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** रजौली प्रखंड के सिमरकोल-अमावां मार्ग बदहाल स्थिति में है। बीते 10 वर्ष पूर्व बने रोड में दर्जनों गड्ढे और कीचड़ के कारण लोगों का चलना फिरना दूभर हो गया है। सड़क पर बने गड्ढे और बिछी मिट्टी के चादरों पर ग्रामीणों समेत स्कूली छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को आवागमन करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कीचड़ और गड्ढे के कारण प्रतिदिन कई सड़क दुर्घटनाओं में बाइक और साइकिल सवार घायल होते रहते हैं। वहीं निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को लाने-लेजाने वाली गाड़ियां भी कई बार दुर्घटनाग्रस्त होकर पलटते-पलटते बची है,जिसे ग्रामीणों के सहयोग से ठेल-धकेल कर किसी तरह गड्ढे से बाहर निकाला गया है। ग्रामीणों ने कभी भी अनहोनी घटना होने की आशंका जताई है। रजौली आईटीआई में पढ़ने वाले बच्चों के साथ साथ वहां पढ़ाने वाले शिक्षक और शिक्षिकाओं का आवागमन बाधित है। आईटीआई जाने के लिए सिमरकोल-अमावां मार्ग से लगभग 500 मीटर दूर कच्ची सड़क पर फैले दो फीट कीचड़ पसरा हुआ है। ग्रामीणों के आक्रोशित होने के बाद गड्ढों में नदी से निकले मोटे पत्थरों को डाला गया था,किंतु भारी वाहनों के गुजरने के कारण 24 घंटों में स्थिति और बिगड़ गई। इससे गुस्साए लोगों ने बालू लदे ट्रैक्टर समेत भारी वाहनों के आवागमन को शुक्रवार को घण्टों तक रोक दिया।



सिमरकोल गांव के ग्रामीण प्रकाश यादव, किशोरी यादव, लखन यादव, विक्रम कुमार सिंह,गुलशन बिहारी, अजीत कुमार, लालजीत कुमार, बिंदेश्वरी यादव, सरपंच प्रेमन सिंह समेत दर्जनों ने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग से बीते वर्ष 2016 में सड़क का निर्माण किया गया था एवं बाद में मरम्मती का कार्य भी किया गया। किंतु बीते तीन वर्षों से बालू घाट के बगल में कांटा लगाए जाने से ट्रैक्टर समेत हाइवा,ट्रक आदि भारी वाहनों के गुजरने से सड़क की स्थिति बदहाल हो गई है। बालू के ठेकेदार को कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी स्थिति जस का तस बना हुआ है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने बालू लदे दर्जनों वाहन को सिमरकोल गांव के समीप रोक कर विरोध जताया। ठेकेदार के प्रतिनिधियों द्वारा काफी मिन्नतें करने के बाद ग्रामीण ने बालू लदे वाहनों को जाने दिया,किंतु भारी वाहन के नहीं गुजरने की बात पर अड़े रहे। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि खराब रास्ते के कारण लोग श्मशान घाट तक नहीं आ-जा सकते हैं। ग्रामीण सावित्री देवी, सुगिया देवी, संगिरा देवी, चिंता देवी, चमेली देवी, लालो देवी समेत दर्जनों महिलाओं ने कहा कि रजौली आईटीआई के बगल में बालू घाट है। बालू घाट से बालू लादकर जाने वाले भारी वाहनों ने रास्ते को इतना खराब कर दिया है कि उनका घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। घर से साफ सुथरा कपड़ा पहनकर लोग निकलते हैं,लेकिन गांव में ही कीचड़ से कपड़े खराब हो जाते हैं। कीचड़युक्त सड़क में चलने से लोग गिरकर गंदे और घायल हो रहे हैं। साथ ही बताया कि महिलाओं के साथ साथ स्कूली बच्चों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिहार सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करके सरकारी आईटीआई और छात्रावास बनाया गया है। लेकिन यहां पढ़ने और रहने वाले सैकड़ों छात्रों और दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाओं के आवागमन का कोई रास्ता नहीं है। लोग हाथों में चप्पल लेकर दो फीट गड्ढ़े में घुसकर आवागमन करने को मजबूर हैं।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 216_2026-27, दिनांक 10.09.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **सीनि. डीईएन/सी/हावड़ा । कार्य का विवरणः** (i) एईएन/लिलुआ के अधीन सेवड़ाफुली-बिष्णुपुर अनुभाग में किमी. 99/16-100/1 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 36बी के बदले में सीमित ऊंचाई सबवे का निर्माण। (ii) एईएन/लिलुआ के अधीन सेवड़ाफुली-बिष्णुपुर अनुभाग में किमी. 97/121 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 34सी के बदले में सीमित ऊंचाई सबवे का निर्माण। (iii) एईएन/लिलुआ के अधीन सेवड़ाफुली-बिष्णुपुर अनुभाग में किमी. 99/484 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 35सी के बदले में सीमित ऊंचाई सबवे का निर्माण। (iv) एईएन/लिलुआ के अधीन सेवड़ाफुली-बिष्णुपुर अनुभाग में किमी. 115/438 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 38सी के बदले में सीमित ऊंचाई सबवे का निर्माण। **अनुमानित लागत**: रु. 26,71,75,443.20; **बयाना राशिः** रु. 53,43,500; **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 05.10.2026 को 14.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-330/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# तीन दिन की बारिश ने उजाड़ी दो गरीब परिवारों की गृहस्थी

**रजौली (नवादा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लगातार तीन दिनों से हो रही भारी बारिश ने रजौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर 02 दुफेड़ा में दो गरीब परिवारों की गृहस्थी उजाड़ दी। गुरुवार की देर रात स्वर्गीय विजय मांझी की पत्नी बसंती देवी और सरजू मांझी की पत्नी आरती देवी का मिट्टी का घर भरभराकर ध्वस्त हो गया। गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि घर में रखा अनाज, कपड़ा, बर्तन समेत कई जरूरी घरेलू सामान मलबे में दबकर बर्बाद हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि लगातार बारिश से सरजू मांझी और बसंती देवी का मिट्टी का घर पहले से ही जर्जर हो चुका था। तीन दिनों तक लगातार पानी सोखने के कारण दीवारें कमजोर पड़ गई थीं। गुरुवार रात बारिश का दबाव नहीं झेल पाने के कारण घर की एक दीवार अचानक भरभराकर गिर गई और देखते ही देखते पूरा घर जमींदोज हो गया। तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबा हटाने में मदद की। पीड़ित बसंती देवी और आरती देवी ने रोते हुए बताया कि घर गिरने से उनकी पूरी गृहस्थी बर्बाद हो गई है। अब उनके पास न तो सिर छुपाने के लिए छत बची है और न ही खाने-पीने का सामान। दोनों परिवार फिलहाल खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से आपदा राहत के तहत तत्काल आर्थिक सहायता और रहने की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि सुखदेव मांझी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने नगर पंचायत के अधिकारियों से बात कर तत्काल राहत पहुंचाने और सरकारी मुआवजा व आवास योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।


**पूर्व रेलवे**

**नीलामी सूचीपत्र**

**प्रशासनिक इकाई/जोनः** सियालदह मंडल-वाणिज्य, पूर्व रेलवे। **नीलामी प्राधिकारीः** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कमरा सं. 44, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014। **नीलामी सूचीपत्र सं.:** एमपीएस-एसईपी-03-26; **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** दिनांक 25.09.2026 को 11.30 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तारीख/समयः** 25.09.2026 को 12.40 बजे। **सूचीपत्र प्रकाशन की तारीखः** 10.09.2029 को 11.57 बजे। **सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, विवरण, लॉट समाप्ति तारीख/समयः एए/1, एमपीएस-एसडीएएच-एसपीआर-एमपीएस-52-26-1 (एमपीएस-बहु उद्देशीय स्टॉल),** सोनारपुर जंक्शन (एसपीआर) रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 2 पर 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (08 फीट x 05 फीट x 08 फीट) का आवंटन, 25.09.2026 को 12.00 बजे। **एए/2, एमपीएस-एसडीएएच-एनएमकेए-एमपीएस-51-26-1 (एमपीएस-बहु उद्देशीय स्टॉल),** नामखाना (एनएमकेए) रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 पर 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (08 फीट x 05 फीट x 08 फीट) का आवंटन, 25.09.2026 को 12.10 बजे। **एए/3, एमपीएस-एसडीएएच-एसएक्ससी-एमपीएस-54-26-1 (एमपीएस-बहु उद्देशीय स्टॉल),** सोण्डालिया (एसएक्ससी) रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 पर 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (08 फीट x 05 फीट x 08 फीट) का आवंटन, 25.09.2026 को 12.20 बजे। **एए/4, एमपीएस-एसडीएएच-एचएनबी-एमपीएस-53-26-1 (एमपीएस-बहु उद्देशीय स्टॉल),** हासनाबाद (एचएनबी) रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 पर 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (08 फीट x 05 फीट x 08 फीट) का आवंटन, 25.09.2026 को 12.30 बजे। **एए/5, एमपीएस-एसडीएएच-डीकेडीपी-एमपीएस-50-26-1 (एमपीएस-बहु उद्देशीय स्टॉल),** दक्षिण दुर्गापुर हॉल्ट (डीकेडीपी) रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 पर 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (08 फीट x 05 फीट x 08 फीट) का आवंटन, 25.09.2026 को 12.40 बजे। **दर इकाईः** वार्षिक लाइसेंस शुल्क (सभी सिक्वेंस सं. के लिए)। **ट्रिप/दिनः** 1826 (सभी सिक्वेंस सं. के लिए)। **न्यूनतम वृद्धिः** 0.2% (सभी सिक्वेंस सं. के लिए)। **लॉट की स्थितिः** मसौदा सूचीपत्र में नया (सभी सिक्वेंस सं. के लिए)। (SDAH-218/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# स्कूल के लिए निकलीं चार छात्राएं लापता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र से चार नाबालिग स्कूली छात्राओं के एक साथ लापता होने का मामला सामने आया है। बुधवार सुबह विद्यालय जाने की बात कहकर घर से निकली छात्राएं देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, वजीरगंज थाना क्षेत्र के सकरदास नवादा पंचायत के एक गांव की चार नाबालिग छात्राएं बुधवार सुबह रोज की तरह स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थीं। शाम तक जब वे घर नहीं लौटीं तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। पहले

## परिजनों को अनहोनी की आशंका

परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के इलाकों में उनकी तलाश की, लेकिन देर रात तक उनका कोई पता नहीं चल सका। लगातार खोजबीन के बावजूद छात्राओं का कोई सुराग नहीं मिलने पर गुरुवार को परिजनों ने वजीरगंज थाना पहुंचकर आवेदन दिया और चारों छात्राओं की जल्द से जल्द बरामदगी की मांग की। घटना के बाद गांव में भी चिंता का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण भी अपने स्तर पर छात्राओं की तलाश में जुटे हैं।
मिली जानकारी के अनुसार, लापता छात्राओं में तीन छात्राएं उच्च माध्यमिक कक्षा में पढ़ती हैं, जबकि एक छात्रा दसवीं कक्षा की है। पुलिस जांच के दौरान सकरदास नवादा स्थित उच्च विद्यालय पहुंची और शिक्षकों से पूछताछ की। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि चार में से तीन छात्राएं इसी विद्यालय की छात्राएं हैं। इसके बाद पुलिस ने स्कूल पहुंचने और वहां से निकलने के समय से जुड़ी जानकारियां जुटानी शुरू कर दी हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए वजीरगंज डीएसपी अभिनव कुमार भी थाना पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में छानबीन कर रही है तथा छात्राओं के संभावित ठिकानों और आने-जाने के रास्तों की भी जांच की जा रही है।

# सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्यों का दो दिवसीय दौरा

## गंदगी देख बोर्ड के सदस्य हुए दंग, कर्मचारियों के परिजनों ने रखी समस्याएं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** शुक्रवार को सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों द्वारा दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।
मौके पर सीसीएल के जीएम ऑपरेशन दिलीप कुमार, एओई एंड एम संजीव कुमार झा, एसओ सिविल अनिरुद्ध कुमार, पीओ उरीमारी अनिल कुमार सिंह, सिविल इंजीनियर बालमुकुंद, प्रोजेक्ट इंजीनियर अभिनव आनंद, रमेश कुमार, दुखहर्द महली, संदीप लकड़ा, वेलफेयर बोर्ड मेंबर राजेश कुमार सिंह, विंध्याचल बेदिया एवं पप्पू सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड के पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्यों ने सर्वप्रथम सीसीएल के पानी सप्लाई कारखाने का निरीक्षण किया।
पानी सप्लाई कारखाने में गंदगी देखकर बोर्ड के सदस्य दंग रह गए। बताया गया कि इसी पानी सप्लाई कारखाने से उरमारी एसी कैंटीन, डिस्पेंसरी, चेकपोस्ट, सयाल कॉलोनी, रिवर साइड कॉलोनी, बीटीटीआई कॉलोनी, जवाहर नगर कॉलोनी, भुरकुंडा हॉस्पिटल, पटेल नगर कॉलोनी, सौंदाडीह सहित अन्य स्थानों पर पानी की सप्लाई की जाती है। इसके बाद जब बोर्ड के पदाधिकारी एवं सदस्य सीसीएल क्वार्टरों में पहुंचे तो वहां सीसीएल कर्मियों के परिजनों ने अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। परिजनों ने बताया कि कॉलोनी की सड़कों की स्थिति खराब होने के कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।
कर्मियों के परिजनों ने कहा कि स्ट्रीट लाइट के अभाव में अंधेरे में आवागमन करना पड़ता है। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है। रिवर साइड कॉलोनी के लोगों ने पानी की समस्या से भी बोर्ड के सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कई बार दो से तीन दिनों तक पानी की सप्लाई नहीं होती है। पानी की सप्लाई सुचारू रखने के लिए जनरेटर की व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके अलावा ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। नालियों में गंदगी जमा रहती है। कर्मचारियों के परिजनों ने सीसीएल क्वार्टरों के आसपास एवं परिसर में नियमित साफ-सफाई कराने तथा क्वार्टरों में आवश्यक मरम्मत कार्य पर विशेष ध्यान देने की मांग बोर्ड के समक्ष रखी।
निरीक्षण के दौरान एकेसी अस्पताल का भी जायजा लिया गया। अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था चौबीस घंटे उपलब्ध रहने की बात सामने आई, लेकिन अस्पताल में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता नहीं होने की शिकायत की गई। अस्पताल का एक्स-रे मशीन पिछले दस वर्षों से खराब पड़ा हुआ है। इलाज के दौरान उपयोग होने वाली कई महत्वपूर्ण मशीनें भी उपलब्ध नहीं हैं, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।
उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान सामने आई समस्याओं की लिखित रिपोर्ट तैयार कर सौंपी जाएगी। साथ ही धरातल पर कितना कार्य किया गया है और कितना कार्य बाकी है, इसकी भी जांच-पड़ताल की जाएगी।
मौके पर जीएम ऑपरेशन दिलीप कुमार, एसओई एंड एम संजीव कुमार झा, एसओ सिविल अनिरुद्ध कुमार, पीओ उरीमारी अनिल कुमार सिंह, सिविल इंजीनियर बालमुकुंद, प्रोजेक्ट इंजीनियर अभिनव आनंद, रमेश कुमार, दुखहर्द महली, संदीप लकड़ा, वेलफेयर बोर्ड मेंबर राजेश कुमार सिंह, विंध्याचल बेदिया, प्रदीप कुमार विश्वास, अरविंद कुमार शर्मा, सुखदेव प्रसाद, सतीश कुमार सिंह, रामेश्वर मंडल, मुकेश कुमार, अनूप सिंह, विनय सिंह, मानकी, डीएन सिंह, उदय कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, वासुदेव साव, अशोक गुप्ता, रमाकांत दुबे, पप्पू सिंह, सत्यनारायण ठाकुर, विनोद साहू, संजय यादव, असगर अंसारी, सुभाष ओझा, नौशाद आलम, लखेंद्र राय, दशरथ कुर्मी, श्रीकांत गुप्ता, शंभू सिंह, अनिल पासवान एवं रामनरेश सिंह सहित अन्य सीसीएल टीम के लोग मौजूद थे।

## दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** जिले के रोसड़ा प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को हुए एक सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रोसड़ा स्थित मुरादपुर पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार बुलेट और साइकिल की आमने-सामने की टक्कर में साइकिल सवार डब्लू कुमार (24) और बुलेट पर सवार दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, दुर्घटना में बुलेट चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद जुटे लोगों ने इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर के बाद दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सड़क पर अचानक हुए हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और घायल को अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद सड़क पर कुछ देर तक आवागमन प्रभावित रहा।

## भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**भागलपुर।** अपराधियों ने भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात बरगंज थाना क्षेत्र के कुतुबगंज इलाके में हुई। बदमाशों ने उसके सिर के पास गोली मारी है, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान उमा भूषण तांती के तौर पर की गई है। वह भाजपा में मंडल अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। पुलिस ने बॉडी को मायागंज अस्पताल लाया है, जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि की। फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि काली पूजा को लेकर उगाही हो रहे चंदा को लेकर विवाद था। इसी विवाद में सिर में गोली मारी है। इधर, घटना की सूचना के बाद मृतक की बेटी मायागंज अस्पताल पहुंची। पिता के शव को पकड़कर फूट-फूट कर रोने लगी। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा के विधायक रोहित पांडे भी मौके पर पहुंचे हैं। सूचना के बाद एसडीपीओ सिटी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

## निधन पर शोक सभा



**गयाजी।** शुक्रवार को रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गयाजी में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय लाव टिकारी की प्रधानाध्यापिका प्रतिमा कुमारी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा की प्रतिमा कुमारी एक साहसी प्रतिभावान प्रधानाध्यापिका थी। कम समय में ही उन्होंने विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था दुरुस्त करने और विद्यालय को सही ढंग से संचालित करने का कार्य कर रही थी इनके आकस्मिक निधन से हम सारे विद्यालय परिवार दुखी हैं भगवान इन्हें स्वर्ग में स्थान दें और उनके परिवार को सहर्ष धैर्य दे।

## गांधी स्मृति यात्रा प्रारंभ

**पटना।** आचार्य विनोबा जी की 131वी जयंती एवं भूदान आंदोलन के 75वा वर्ष के अवसर पर बिहार सर्वोदय मंडल,लोक समिति,बिहार नशाबंदी परिषद की ओर से पटना के आदिवासी कॉलोनी में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए गांधी स्मृति यात्रा का 5वां चरण प्रारंभ हुआ। जिसका संयोजन करते हुए बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि उत्तर बिहार में आया भयंकर बाढ़ आ जाने के कारण यह यात्रा के प्रोग्राम में बदलाव करते हुए मगध के पटना, नालंदा, जहानाबाद, अरवल, और भोजपुर जिले में गांधी जी का सर्वोदय,खादी ग्रामोद्योग, विनोबा जी का भूदान,लोक नायक जयप्रकाश का संपूर्ण क्रांति,राजेंद्र बाबू का राष्ट्रीय एकता, गांव ,किसानी,पढ़ाई,दवाई, और कमाई कपूरी ठाकुर का सामाजिक न्याय का संदेश लेकर युवाओं,किसानों,स्कूल कॉलेजों में जाएगा, और सर्वोदय ,लोक समिति के लिए युवाओं,किसानों,मजदूरों को संगठित करेगा।

## विनोबा भावे की 131वीं जयंती पर सम्मेलन संपन्न

**बोधगया।** संत विनोबा की 131वीं जयंती के अवसर पर कोमल पूजन पब्लिक स्कूल, सिलौंजा के सभागार में लोक समिति और मजदूर - किसान समिति के संयुक्त तत्वावधान में सम्मेलन का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, जमुनालाल बजाज पुरस्कृत गिरिजा सतीश और संचालन राजेन्द्र मांझी ने किया ।सम्मेलन में विनोबा जी के तैल चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई । सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने कहा कि विनोबा जी का जन्म आज ही के दिन 11 सितंबर, 1895 को गागोद, कोंकण, महाराष्ट्र में हुआ था । उन्होंने कहा कि आज भू-दान की जमीन को बिहार सरकार कर दिया गया है जिससे भू-दान किसान परेशान हैं और कर्मचारियों और अधिकारियों के ऑफिस का चक्कर लगाना पड़ रहा है ।जेपी सेनानी उपेन्द्र सिंह ने कहा कि विनोबा भावे भारत के महान संत और समाज सुधारक थे । वे समाज में व्याप्त गैरबराबरी , छुआछूत , लिंगभेद के खिलाफ थे। अध्यक्षीय भाषण के दौरान लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजा सतीश ने कहा कि आचार्य विनोबा भावे महात्मा गांधी के सच्चे शिष्य थे और आजादी की लड़ाई लड़ने के बाद सत्ता को ठुकराकर 13 वर्षों तक भारत के गांवों में कठिनाइयों के बीच पैदल यात्रा करते हुए भूदान जैसी क्रांतिकारी अवधारणा को क्रियान्वित किया। सम्मेलन को लोक समिति के जिला अध्यक्ष पुतुल कुमारी , सर्वश्री मजदूर - किसान समिति के जिला संयोजक बिशुनधारी यादव , प्रमेश्व यादव, बालेश्वर मांझी , मल्लू मांझी , पूर्व सरपंच , सुरेंद्र गिरि , संतोष कुमार , रंजीत कुमार , पैक्स के चेयरमैन राजकुमार यादव , शारदा मांझी , रेखा कुमारी , बालचंद पासवान आदि न संबोधित किया ।सम्मेलन में पं. समिति पुर्व सदस्य सुखदेव सिंह , किशोरी यादव , बलराम सिंह , जगदेव सिंह , ईश्वर साव, सहीत सैंकड़ों के संख्या में लोग थे ।

# मजदूर यूनियन के सदस्यों ने सीसीएल वेलफेयर बोर्ड मेंबर का किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** सीसीएल वेलफेयर बोर्ड मेंबर विनय कुमार सिंह का बरका-सयाल एरिया में कोलफील्ड मजदूर यूनियन की ओर से जोरदार स्वागत किया गया।
केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य पप्पू कुमार सिंह ने बुके देकर उनका स्वागत किया। वहीं, यूनियन के केंद्रीय सचिव उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में विनय सिंह मानकी का भी स्वागत किया गया।
इस दौरान सचिव अशोक गुप्ता, बिनोद साव एवं मोहम्मद हसन ने भी बुके देकर उनका स्वागत किया। स्वागत के बाद विनय सिंह मानकी के साथ पप्पू सिंह, बिनोद साव एवं संजय यादव ने बरका-सयाल क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं एवं कॉलोनियों का निरीक्षण करते हुए वहां की समस्याओं से अवगत कराया।
इस दौरान कॉलोनियों में सड़क, बिजली, पानी, साफ-सफाई एवं



अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को वेलफेयर बोर्ड मेंबर के समक्ष रखा गया। दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान वेलफेयर बोर्ड मेंबर विनय सिंह के साथ पप्पू सिंह भी मौजूद रहे।
उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं एवं कॉलोनियों में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की समस्याओं को विस्तार से वेलफेयर बोर्ड मेंबर के समक्ष रखा। इस पर वेलफेयर बोर्ड मेंबर विनय सिंह ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान सामने आई समस्याओं को मुख्यालय में होने वाली बैठक के दौरान प्रमुखता से रखा जाएगा, ताकि समस्याओं के समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## मंचूरियन खाने से चार बीमार, एक की मौत

**आरा।** जिले के हसन बाजार थाना क्षेत्र के हसन बाजार गांव में गुरुवार की रात मंचूरियन खाने के बाद दादी व पोती समेत चार लोगों की हालत बिगड़ गई। इसमें इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। वहीं बच्ची की दादी का इलाज सदर अस्पताल, आरा में कराया जा रहा है। दो अन्य बच्चों का निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। मृत बच्ची सात वर्षीय काव्या कुमारी हसन बाजार गांव निवासी कुंदन कुमार गुप्ता की पुत्री थी। बीमार लोगों में उसका 13 वर्षीय भाई बिट्टू कुमार, नौ वर्षीय भाई रोहित कुमार और 70 वर्षीय दादी चंद्रावती कुंवर शामिल हैं। मृतका की दादी चंद्रावती कुंवर ने बताया कि उनके रिश्ते में लगने वाला भांजा बाजार से मंचूरियन खरीदकर घर लाया था। परिवार के सभी लोगों ने उसे खाया था। खाने के कुछ देर बाद सभी को दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। इसी दौरान काव्या की हालत अचानक गंभीर हो गई। स्वजन उसे इलाज के लिए रोहतास जिले के बिक्रमगंज स्थित निजी अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं और शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने बारी-बारी से लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। जनता दरबार में सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन योजनाओं, अबुआ आवास योजना, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, दखल दिहानी, मुआवजा राशि, पेयजल, रोजगार, विद्यालय शिफ्टिंग तथा नाली निर्माण से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। लोगों की समस्याओं पर उपायुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों की निष्पक्ष जांच करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि जिला प्रशासन आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# कस्तूरबा विद्यालय में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर प्रशिक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त मो० जावेद हुसैन के मार्गदर्शन में पीएम श्री कस्तूरबा बालिका विद्यालय, प्रखण्ड-अड़की में आत्मा, खूंटी एवं केवीके, खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित था।कार्यक्रम के दौरान केवीके, खूंटी के डॉ. प्रदीप कुमार ने छात्राओं को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृदा स्वास्थ्य एवं फसल उत्पादकता में सुधार के लिए मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का संतुलित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए बताया कि जैविक पदार्थों के उपयोग से मिट्टी के पीएच, जैविक पदार्थ की मात्रा एवं मृदा संरचना में सुधार किया जा सकता है।

## सड़क बनी स्विमिंग पूल

**बेगूसराय।** ऐजनी पंचायत के राजोपुर वार्ड नंबर एक में जलजमाव से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराया। सड़क पर जमा गंदे पानी के बीच ग्रामीणों ने फीता काटकर और केक काटकर सांकेतिक रूप से 'स्विमिंग पूल' का उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह कोई जश्न नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही जलनिकासी की समस्या की ओर जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराने का शांतिपूर्ण तरीका है। ग्रामीणों के अनुसार, बारिश के बाद वार्ड की पक्की सड़क पर कई जगह घुटने भर पानी जमा हो गया है। स्थिति यह है कि सड़क से गुजरने वाली बाइक के साइलेंसर तक पानी में डूब जा रहे हैं। बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और राहगीरों को इसी गंदे पानी से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जलजमाव से वार्ड की करीब 500 की आबादी प्रभावित है। करीब 50 घरों में पानी प्रवेश करने की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण गंदगी और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।

# घर में घुसकर महिला से मारपीट

## गहने व नगद समेत लाखों की संपत्ति ले गए अपराधी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाना क्षेत्र की भटौरा पंचायत अंतर्गत अखतवारा गांव में गुरुवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर अकेली महिला के साथ मारपीट की और गहने, मोबाइल फोन एवं नगद रुपये समेत करीब साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति लेकर फरार हो गए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। गंभीर रूप से घायल महिला को स्थानीय लोगों की मदद से शिवाजीनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया।घटना रामचंद्र मंडल की पत्नी पूनम देवी के घर में हुई। पूनम देवी ने शिवाजीनगर थाने में आवेदन देकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, गुरुवार की रात करीब 10 बजे वह अपने घर में अकेली थीं।

### पुलिस कर रही मामले की छानबीन

इसी दौरान पश्चिम दिशा स्थित गेट की ओर से दो अज्ञात युवक घर में प्रवेश कर गए। दोनों युवकों ने अपने चेहरे को गमछे से ढक रखा था, जिससे उनकी पहचान नहीं हो सकी घर में घुसते ही दोनों बदमाशों ने महिला को अपने कब्जे में ले लिया और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, बदमाशों ने थप्पड़ के अलावा पीवीसी पाइप एवं लोहे की रॉड से भी हमला किया। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके बाद बदमाशों ने उनके गले से मंगलसूत्र, टॉप, अंगूठी और पायल समेत अन्य आभूषण उतार लिए तथा मोबाइल फोन भी छीन लिया।
बताया गया है कि वारदात को अंजाम देने के दौरान बदमाशों ने महिला से अलमारी की चाबी भी ले ली। इसके बाद अलमारी खोलकर उसमें रखे चांदी के पायल और नगद रुपये निकाल लिए। घटना के बाद बदमाश घर की चाबी भी अपने साथ लेकर फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि दोनों अपराधियों ने घटना के दौरान धमकी भी दी और कहा कि वे काफी दिनों से मौके की तलाश में थे पूनम देवी के पति रामचंद्र मंडल मुंबई में रहकर मजदूरी करते हैं, जबकि उनके दोनों पुत्र भी घटना के समय घर पर मौजूद नहीं थे। इसी का फायदा उठाकर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। महिला के शोर मचाने के बाद आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल महिला को इलाज के लिए शिवाजीनगर पीएचसी पहुंचाया पीड़िता के अनुसार, चोरी किए गए गहने और नगद राशि समेत कुल संपत्ति की कीमत करीब 3.50 लाख रुपये से अधिक है। घटना की सूचना मिलने के बाद शिवाजीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

## तटवर्ती इलाकों में बढ़ा खतरा

**पटना।** बिहार में गंगा, गंडक, कोसी एवं सोन नदी में जलस्तर घटने के साथ ही तटवर्ती इलाकों में कटान का खतरा बढ़ गया है।
पानी कम होने के उपरांत नदी की धारा कई जगह किनारों की ओर दबाव बना रही है। इसे देखते हुए जल संसाधन विभाग ने संवेदनशील तटबंधों और कटाव संभावित स्थलों पर निगरानी बढ़ा दी है।
शासन की ओर से अधिकारियों को लगातार स्थल निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय इंजीनियर के अतिरिक्त विभाग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से भी निगरानी रखी जा रही है।
भागलपुर के नवगछिया में सबक लेते हुए सतर्कता बढ़ा दी गई है। गंगा के जलस्तर में कमी आने के बाद कई स्थानों पर नदी की मुख्य धारा का रुख बदलने की आशंका है। इससे तटों पर कटाव की स्थिति बन सकती है।
खासकर उन क्षेत्रों में अधिक सतर्कता बरती जा रही है, जहां पिछले वर्षों में कटान के कारण तटबंध और आसपास के गांव प्रभावित हुए हैं।

# झारखंड इनक्यूबेटर कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण

## ग्रामीण महिला उद्यमियों को मिलेगा प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जुड़ने का अवसर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में झारखंड इनक्यूबेटर कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तीकरण एवं ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज ने की।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक ममता देवी तथा उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल उपस्थित रहे। यह महत्वाकांक्षी कार्यक्रम भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा अनुमोदित पहल है, जिसे झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी तथा आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क के संयुक्त सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रामगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की गैर-कृषि आधारित महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना, उनके लघु उद्योग एवं व्यवसाय को गति देना तथा स्थायी आजीविका के अवसरों का सृजन करना है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ऋतुराज ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आईं जेएसएलपीएस की सखी मंडल की दीदियों एवं महिला उद्यमियों के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने गांव-देहात में महिलाओं द्वारा संचालित विभिन्न कुटीर उद्योगों,



सिलाई-कढ़ाई, खाद्य प्रसंस्करण, विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। संवाद के दौरान महिला उद्यमियों ने व्यवसाय संचालन में आ रही विभिन्न व्यावहारिक कठिनाइयों को उपायुक्त के समक्ष रखा। इनमें कच्चे माल की उपलब्धता, पूंजी की कमी, उत्पादों की पैकेजिंग तथा उचित बाजार नहीं मिलने जैसी समस्याएं प्रमुख थीं। उपायुक्त ने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिला उद्यमियों को आ रही तकनीकी एवं प्रशासनिक अड़चनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्हें बैंकों से ऋण सुविधा उपलब्ध कराने तथा स्थानीय हाट-बाजारों के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यमों से उनके उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित कराने में हरसंभव सहयोग दिया जाए।
उपायुक्त ने कहा कि झारखंड इनक्यूबेटर कार्यक्रम रामगढ़ जिले की ग्रामीण महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी उद्यमियों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाने में सहायक साबित होगा। ग्रामीण महिलाएं अत्यंत मेहनती हैं, लेकिन अपने व्यवसाय को बड़े स्तर पर ले जाने के लिए उन्हें उचित मार्गदर्शन, आधुनिक तकनीक, वित्तीय सहायता और बाजार से जुड़ाव की आवश्यकता है।
उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी तो परिवार और समाज भी मजबूत होगा। रामगढ़ विधायक ममता देवी ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं में अपार हुनर और कार्यकुशलता है।
आज सखी मंडल की दीदियां न केवल अपने घरों की जिम्मेदारी संभाल रही हैं, बल्कि छोटे-छोटे उद्योग स्थापित कर परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यह कार्यक्रम महिलाओं की आय बढ़ाने और उन्हें सफल उद्यमी के रूप में स्थापित करने का बेहतर मंच है।
कार्यक्रम के माध्यम से जिले एवं राज्य भर से कुल 150 उत्कृष्ट महिला उद्यमियों का चयन किया जाएगा। चयनित उद्यमियों को अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए 10 लाख रुपये तक का अनुदान अथवा ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
इसके अलावा आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क की विशेषज्ञ टीम द्वारा उद्यमियों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन, व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं उद्यम विकास से संबंधित सहायता दी जाएगी। महिला उद्यमियों को उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग, ब्रांडिंग, आधुनिक उपकरणों की जानकारी, नेटवर्किंग तथा सरकारी योजनाओं से जोड़ने में भी सहायता प्रदान की जाएगी।

# महाप्रबंधक ने दो सांसदों से की रेल सुविधाओं पर चर्चा

## राजा राम सिंह और विष्णु दयाल राम से मुलाकात, स्टेशन पुनर्विकास कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छिपी गर्ग ने शुक्रवार को दानापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अंकोरहा स्टेशन पर काराकाट के सांसद राजा राम सिंह और डाल्टनगंज स्टेशन पर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम से मुलाकात कर अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में रेल सुविधाओं से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। दोनों सांसदों से रेल सुविधाओं के विस्तार और स्थानीय जरूरतों को लेकर सुझाव एवं मार्गदर्शन भी प्राप्त किए गए। अंकोरहा में महाप्रबंधक ने एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थानीय विद्युत संयंत्र से संबंधित रेल संपर्क तथा कोयला आपूर्ति से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। महाप्रबंधक ने जहानाबाद स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं और संरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण और बेहतर यात्री सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके बाद गया स्टेशन पहुंचकर प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, नवनिर्मित भवन समेत यात्री सुविधाओं एवं संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने गया स्टेशन पुनर्विकास परियोजना में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन, गुणवत्तापूर्ण कार्य और निर्धारित समय-सीमा में निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने गया जंक्शन से सोन नगर स्टेशन होते हुए गढ़वा रोड तक विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से रेलखंड का निरीक्षण किया और संरक्षा, अनुरक्षण एवं रेल परिचालन की स्थिति देखी। धनबाद मंडल के बरवाडीह स्टेशन पर भी रेल परिचालन, सुरक्षा और संरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत स्टेशनों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। इसमें आधुनिक प्रतीक्षालय, बेहतर प्लेटफार्म, सुगम आवागमन, स्वच्छता और आधारभूत संरचना से जुड़े कार्य शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना और धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र अपने-अपने क्षेत्राधिकार में उपस्थित रहे।

# सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने में जुटेगा भाजपा ओबीसी मोर्चा

## 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम, बिहार में तीन करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित कैलाशपति मिश्र सभागार में भाजपा ओबीसी मोर्चा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर तथा मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी 25 वर्षों की जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण की यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। अभियान के तहत 'आशीर्वाद का दिया', 'मेरे सपनों का भारत', 'नमो सेवा-अनकही कहानियां', 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम', 'सेवा की कहानी', 'सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प', 'वडनगर-बनारस सेवा यात्रा', 'सेवा-मेरा योगदान', 'सेवा सेतु अभियान', 'सेवा के रंग-राष्ट्र के संग', 'सेवा फ़स्ट इनोवेशन चैलेंज' और 'सुशासन सेवा संवाद' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 17 सितंबर को शाम सात बजे प्रत्येक घर, विशेषकर लाभार्थी परिवारों के घर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा है। प्रचारक के रूप में सेवा के बाद 2001 से मुख्यमंत्री और वर्तमान में प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश का नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से देश में 25 करोड़ और बिहार में तीन करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य है। कार्यकर्ता 2047 तक विकसित भारत और भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं। अभियान की तैयारी के लिए 13 सितंबर को पटना के अटल सभागार में राज्य स्तरीय कार्यशाला होगी। बैठक में मुकेश पटेल, अभिषेक यादव, वीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, संतोष पटेल, संजय निषाद, मुकेश मंडल, शिवपूजन राम, भूपेंद्र यादव, रमन सिंह चंद्रवंशी, अनीता देवी, शिवपूजन कुशवाहा, जज सामंत, प्रदीप कुमार, प्रदीप निषाद, रमन चंद्रवंशी, विकास कुमार राय, करण यादव, संजय चंद्रवंशी, पहलाद कुशवाहा और पवन कुमार सहित दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिंदी पखवाड़ा पर बाल कवि सम्मेलन का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में एक विशेष बाल कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह साहित्यिक आयोजन विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय राजकुमार भार्गव, जो हिंदी साहित्य एवं प्रकाशन के क्षेत्र में प्रख्यात व्यक्तित्व थे एवं ज्ञानपीठ के टीपू बाबू (त्रिपुरेश्वर पांडे) की पावन स्मृति को समर्पित रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ध्रुव कुमार सिंह तथा प्रसिद्ध लेखिका रेखा भारती मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा हिंदी भाषा एवं साहित्य के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा 3 से कक्षा 9 तक के लगभग 70 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी ओजपूर्ण एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से हिंदी भाषा, साहित्य और काव्य की समृद्ध परंपरा को जीवंत कर दिया।

# विश्व बंधुत्व दिवस पर बी. डी. कॉलेज में भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** स्वामी विवेकानन्द जी के ऐतिहासिक शिकागो भाषण की स्मृति में मनाए जाने वाले विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आज बी. डी. कॉलेज, पटना के सेमिनार हॉल में भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विवेकानन्द केन्द्र, कन्याकुमारी (पटना शाखा) एवं बी. डी. कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद, हिंदी विभाग के वरीय प्राध्यापक प्रोफेसर शत्रुघ्न शरण सिंह, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर लाडली कुमारी, रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विजय सिंह, अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ममता शर्मा, विवेकानंद केंद्र की पटना नगर प्रमुख निर्मला जायसवाल, द्रय-प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ. विजय शंकर विक्रम एवं नीतू तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को स्वामी विवेकानन्द के प्रेरणादायी विचारों, भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा तथा उनके विश्वबंधुत्व के संदेश से परिचित कराना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानन्द का शिकागो भाषण भारतीय संस्कृति की उदारता, सहिष्णुता और समन्वय की भावना का वैश्विक उद्घोष था। उनका संदेश आज भी मानवता, शांति, सद्भाव और सामाजिक समरसता के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन-दर्शन, भारतीय ज्ञान परंपरा, राष्ट्र निर्माण, युवा शक्ति तथा विश्व बंधुत्व जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम के आयोजन में इतिहास विभाग की प्रिया सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच स्वामी विवेकानन्द के जीवन एवं दर्शन तथा भारतीय संस्कृति से संबंधित ज्ञान को रोचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से विकसित किया गया।

# सदस्यों एवं पूर्व सदस्यों को मोबाइल ऐप से मिलेंगी जरूरी सुविधाएं

## डॉ. प्रेम कुमार ने सिंगल विंडो सिस्टम विकसित करने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा के सदस्यों एवं पूर्व सदस्यों को विभिन्न सुविधाओं और आवश्यक जानकारियां अब मोबाइल ऐप के माध्यम से एक ही मंच पर उपलब्ध कराने की तैयारी है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने इसके लिए मोबाइल ऐप आधारित 'सिंगल विंडो सिस्टम' विकसित करने का निर्देश विधानसभा के प्रभारी सचिव संजय कुमार सिंह को दिया है। ऐप के माध्यम से सदस्यों एवं पूर्व सदस्यों को यात्रा एवं दैनिक भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, अतिथि निवास सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही संबंधित सुविधाओं के लिए किए गए अनुरोध की अद्यतन स्थिति की जानकारी भी मोबाइल ऐप के माध्यम से मिल सकेगी। अध्यक्ष ने कहा कि तकनीक के प्रभावी उपयोग से विधानसभा सचिवालय की सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और सदस्य-केंद्रित बनाया जाएगा। इसके अलावा विधानसभा सचिवालय द्वारा व्हाट्सएप और संदेश के माध्यम से भी सदस्यों एवं पूर्व सदस्यों को आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# जूनियर एशिया कप में भारतीय हॉकी का जलवा

## हॉकी टीमों का शानदार प्रदर्शन देश के लिए गर्व : मंत्री श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** चीन के मोकी में आयोजित जूनियर एशिया कप हॉकी 2026 में भारतीय पुरुष एवं महिला हॉकी टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ाया। भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में मलेशिया को 3-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया, वहीं भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम ने क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को 19-0 के विशाल अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय महिला टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में शुरुआत से ही जबरदस्त आक्रामक हॉकी का प्रदर्शन किया। भारत ने पहले हाफ में ही 10 गोल कर मुकाबले पर पूरी तरह पकड़ बना ली और दूसरे हाफ में नौ और गोल दागते हुए 19-0 से शानदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले में भारत की ओर से 13 खिलाड़ियों ने गोल किए, जिसमें पूजा मलिक ने हैट्रिक सहित तीन गोल किए। महिला टीम अब 12 सितंबर को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। भारतीय टीम इस प्रतियोगिता में अब तक अजेय है और लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचने तथा खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। वहीं, भारतीय पुरुष जूनियर टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में मलेशिया को 3-1 से हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया। इस शानदार उपलब्धि पर ग्रामीण विकास मंत्री सह अध्यक्ष, हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार श्रवण कुमार ने भारतीय पुरुष एवं महिला जूनियर हॉकी टीम के सभी खिलाड़ियों, मुख्य प्रशिक्षकों, कोचिंग स्टाफ एवं सहयोगी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जूनियर एशिया कप में भारतीय पुरुष एवं महिला हॉकी टीमों का शानदार प्रदर्शन पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। पाकिस्तान के खिलाफ महिला टीम की 19-0 की ऐतिहासिक जीत और पुरुष टीम का मलेशिया को हराकर फाइनल में पहुंचना भारतीय हॉकी की मजबूत स्थिति को दर्शाता है। हमारी युवा प्रतिभाओं ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल कौशल से देश का गौरव बढ़ाया है।

# आरबीआई के उप-गवर्नर ने मल्टी-करेंसी क्षमताओं की शुरुआत की



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर रोहित जैन ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में भारत कनेक्ट पर फॉरेक्स कैटेगरी के लिए मल्टी-करेंसी क्षमताओं की शुरुआत की घोषणा की। यह पहल फिलहाल सॉफ्ट लॉन्च के रूप में की जा रही है। टेस्टिंग चरण के सफलतापूर्वक पूरा होने और उसके आकलन के बाद इस सुविधा को भारत कनेक्ट के अधिक चैनलों और भागीदार बैंकों तक विस्तारित करने का प्रस्ताव है। सीसीआईएल के एमडी नंद किशोर ने कहा कि आज का लॉन्च रिटेल विदेशी मुद्रा सेवाओं को सभी बाजार प्रतिभागियों के लिए अधिक सुलभ, सुविधाजनक और समावेशी बनाने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कई मुद्राओं में एफएक्स-रिटेल प्लेटफॉर्म का विस्तार ग्राहकों को अधिक विकल्प प्रदान करेगा जबकि भारत कनेक्ट के साथ इसका एकीकरण भागीदार संस्थानों के डिजिटल चैनलों के माध्यम से रिटेल फॉरेक्स सेवाओं तक पहुंच को और अधिक आसान बनाएगा।

# तकनीक की रोशनी में मानवता का संदेश देती है डॉ. आनन्द रंजन झा की कविता 'तकनीक का नया उजियारा'

## डिजिटल शिक्षा, कौशल और नवाचार को समावेशी विकास का आधार बनाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** तकनीकी क्रांति ने आज मानव जीवन के लगभग हर क्षेत्र को प्रभावित किया है। मोबाइल, कंप्यूटर, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा, रोजगार, सूचना और संचार के क्षेत्र में नए अवसरों के द्वार खोले हैं। इसी बदलती तकनीकी दुनिया और उसके सामाजिक प्रभावों को केंद्र में रखते हुए डॉ. आनन्द रंजन झा ने अपनी कविता 'तकनीक का नया उजियारा' के माध्यम से तकनीकी विकास के साथ मानवता, जिम्मेदारी और सामाजिक सरोकार को आगे बढ़ाने का संदेश दिया है। सरल, सहज और लयबद्ध भाषा में रची गई यह कविता तकनीक को केवल आधुनिक सुविधा के रूप में नहीं, बल्कि ज्ञान, शिक्षा, विकास और बेहतर भविष्य का माध्यम मानती है। कविता में वर्तमान दौर की सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियों में शामिल कृत्रिम बुद्धिमत्ता को भी विशेष स्थान दिया गया है। डॉ. झा का मानना है कि तकनीकी विकास का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना चाहिए। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को डिजिटल शिक्षा और तकनीकी कौशल से जोड़कर उनके लिए रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के नए अवसर तैयार किए जा सकते हैं। कविता का महत्वपूर्ण पक्ष तकनीक के जिम्मेदार और मानवीय इस्तेमाल पर दिया गया जोर है। डॉ. झा के अनुसार तकनीक का उद्देश्य केवल सुविधाओं का विस्तार नहीं, बल्कि शिक्षा, ज्ञान, कौशल और अवसरों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना होना चाहिए। तकनीकी विकास के साथ मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक जिम्मेदारी को प्राथमिकता देकर ही वास्तविक और समावेशी विकास संभव है।

# बिहार कांग्रेस ने 33 नेताओं को जारी किया कारण बताओ नोटिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार कांग्रेस ने पार्टी नेतृत्व के विरोध में नई दिल्ली स्थित एआईसीसी मुख्यालय (इंदिरा भवन) के समीप 8 सितंबर को आयोजित धरना-प्रदर्शन में सक्रिय रूप से शामिल होने के मामले में 33 नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पार्टी की अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने सभी से 72 घंटे के भीतर जवाब मांगा है। निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने पर एकतरफा कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सूची में तीन पूर्व विधायक, पूर्व प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव तथा कई पूर्व जिलाध्यक्ष शामिल हैं। नोटिस पाने वालों में पूर्व विधायक अनिल सिंह (चंडी, नालंदा), पूनम देवी (पटना), मदन मोहन तिवारी, पूर्व प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष जमाल अहमद भल्लू (नालंदा), पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश महासचिव नागेंद्र पासवान विकल (पटना), पूर्व जिलाध्यक्ष शौकत अली (गोपालगंज), विश्वेश्वर पांडेय (सिवान), भारत भूषण दुबे (बेतिया, पश्चिम चंपारण), सत्येंद्र यादव (मधेपुरा), अनिल सिंह (अररिया), मृत्युंजय सिंह, शैलेंद्र दुबे और राकेश सिंह पप्पू (सभी औरंगाबाद) शामिल हैं। इसके अलावा वरीय कांग्रेस नेता शशिकांत तिवारी (पटना), मो. इफ्तेखार हक (औरंगाबाद), नरेंद्र सिंह अंबा (औरंगाबाद), कामरान शेख (नौतन, पश्चिम चंपारण), विनय शाही (बेतिया), अबुल कलाम जौहरी (बेतिया), धीरेंद्र कुमार सिंह, राजीव कुमार मुन्ना (नालंदा), राज छविराज (पोस्टल पार्क, पटना), रमेश सिंह, अविनाश कुमार सिंह (पटना), शारीफ रंगरेज (पटना सिटी), बुद्धदेव प्रसाद यादव, रियाज अली, ई. युवराज गौरव, ज्ञानशंकर पांडेय (बक्सर), किशोर कुमार (नालंदा), संतोष श्रीवास्तव (सेवादल), मनोज मेहता (पटना सिटी) और मो. मुराद आलम (कुटुंबा, औरंगाबाद) को भी नोटिस दिया गया है। बिहार कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने यह जानकारी दी।

# भारत में 60 प्रतिशत कैंसर मरीज अनियमित जीवनशैली एवं खानपान से हो रहे प्रभावित : डॉ. कुमार प्रभाष

विनय कुमार



**पटना।** टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई के मेडिकल ऑंकोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. कुमार प्रभाष का मानना है कि भारत में 60 से 70 प्रतिशत कैंसर के मरीज अपने खानपान तथा अनियंत्रित जीवनशैली के कारण इसकी चपेट में आ रहे हैं और इसमें सुधार कर देश में कैंसर के मरीजों की संख्या को कम किया जा सकता है। डॉ. प्रभाष ने आज कहा कि कैंसर की एक बड़ी वजह अनियंत्रित खानपान के साथ शराब और तंबाकू का सेवन तथा शारीरिक निष्क्रियता है। उन्होंने कहा कि भारत में हर साल कैंसर के नए मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर के अनुमान के अनुसार भारत में एक वर्ष में करीब 14 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और सभी प्रकार के कैंसर के मरीजों को जोड़ दें तो प्रति एक लाख आबादी पर करीब 100 लोग कैंसर से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि यूरोप की स्थिति भारत से अलग है। वहां प्रति एक लाख आबादी पर करीब 400 कैंसर के मरीज हैं, लेकिन भविष्य में इस बीमारी का खतरा विकासशील देशों में बढ़ने के अनुमान के मद्देनजर भारत को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देशों में आज भी कई चिकित्सा उपकरण और नई दवाइयां बड़ी मात्रा में आयात की जाती है जिससे इस रोग के इलाज की लागत बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में काम करने वाली दवा कंपनियों को प्रोत्साहन देकर देश में ही कैंसर की महत्वपूर्ण दवाइयों के उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। डॉ. प्रभाष ने कहा कि भारत और यूरोप की तुलना करते समय आबादी की आयु संरचना को ध्यान में रखना जरूरी है। भारत की आबादी अपेक्षाकृत युवा है जबकि यूरोप में बुजुर्ग आबादी का अनुपात अधिक है। इसलिए केवल कुल मरीजों की संख्या की तुलना करने के बजाय आयु-मानकीकृत दर को देखना अधिक वैज्ञानिक होगा। उन्होंने कहा कि भारत में कैंसर के मामलों में वृद्धि के पीछे जीवनशैली में बदलाव, बढ़ती उम्र, मोटापा, तंबाकू और शराब जैसे जोखिम कारकों के साथ-साथ बेहतर जांच और कैंसर की पहचान की सुविधाओं में सुधार की भी भूमिका है। उन्होंने कैंसर के बढ़ते मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब मुंह के कैंसर, फेफड़े के कैंसर, कोलन कैंसर और पित्ताशय के कैंसर के मामले प्रमुखता से सामने आ रहे हैं जबकि सर्वाइकल कैंसर के मामलों में कमी आ रही है। कैंसर सामान्यतः 50 से 60 वर्ष की उम्र में अधिक देखा जाता है। उन्होंने कहा कि कैंसर केवल बुजुर्गों की बीमारी नहीं है। यह कम उम्र के लोगों और बच्चों में भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि कैंसर के करीब 50 प्रतिशत मामलों के कारण आज भी पूरी तरह ज्ञात नहीं हैं।

# ज्ञान भवन में तीन दिवसीय बिहार पोल्ट्री एवं एक्वा एक्सपो का भव्य समापन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** गांधी मैदान स्थित ज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय बिहार पोल्ट्री एवं एक्वा एक्सपो-2026 के चौथे संस्करण का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। कृषिका एवं ट्राइस एंड क्रिएट्स द्वारा आयोजित इस एक्सपो में देशभर से आई करीब 80 कंपनियों ने 130 स्टॉल के माध्यम से पोल्ट्री एवं एक्वा क्षेत्र से जुड़े आधुनिक उत्पादों, तकनीकों, मशीनरी, उपकरणों और सेवाओं का प्रदर्शन किया। तीन दिनों तक चले इस एक्सपो में बिहार के विभिन्न जिलों से आए किसानों, मुर्गी पालकों, मत्स्य पालकों, पशुपालकों, युवा उद्यमियों और व्यवसायियों ने विशेषज्ञों एवं कंपनियों से संवाद कर आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की। एक्सपो में पोल्ट्री फार्मिंग, फीड, ब्रीडिंग, हैचरी, पशु स्वास्थ्य, मत्स्य पालन, एक्वाकल्चर, फार्म उपकरण, तकनीकी समाधान सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी और उत्पाद उपलब्ध कराए गए।

# बिहार में पीजी चिकित्सा छात्रों को बड़ी सौगात, मानदेय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी

## बेहतर सुविधाओं के साथ बेहतर मानवबल तैयार करना सरकार की प्राथमिकता : मंत्री निशांत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य के सरकारी चिकित्सा एवं दंत महाविद्यालयों में पीजी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों के मानदेय में बिहार सरकार द्वारा महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी संकल्प के अनुसार 1 जनवरी 2026 से पीजी छात्रों के संशोधित मानदेय की नई दरें लागू होंगी। नई व्यवस्था के तहत प्रथम वर्ष के पीजी छात्रों को 92,800, द्वितीय वर्ष के छात्रों को 1,02,000 तथा तृतीय वर्ष के छात्रों को 1,12,200 प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इससे पूर्व पीजी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों को क्रमशः 82,000, 90,200 और 99,220 मानदेय प्रतिमाह दिया जा रहा था। मानदेय में यह वृद्धि राज्य के सरकारी चिकित्सा एवं दंत महाविद्यालयों में पीजी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पीजी छात्रों को उनके प्रशिक्षण एवं सेवाकाल के दौरान बेहतर आर्थिक सहयोग मिलेगा और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन को प्रोत्साहन मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि राज्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि पीजी छात्र भविष्य के विशेषज्ञ चिकित्सक हैं और राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। मानदेय में वृद्धि से उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा और चिकित्सा शिक्षा के प्रति बेहतर वातावरण तैयार होगा।

# बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि में विनोबा भावे की जयंती मनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि में भूदान यज्ञ प्रणेता आचार्य विनोबा भावे की 131वीं जयंती मनाई गई। गांधी स्मारक निधि के प्रदेश अध्यक्ष सह ग्राम निर्माण मंडल के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार ने संत विनोबा भावे की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। श्री कुमार ने कहा कि संत विनोबा भावे ने स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ बढ़-चढ़कर कार्य किया। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रथम सत्याग्रही थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भूदान ग्रामदान आंदोलन चलाया जिसमें लाखों गरीबों व भूमिहीनों के बीच भूदान की जमीन को वितरित किया। इस मौके पर समाजसेवी डा. मोखलाल हक, माखन लाल दास, विनोद चौबे, शिव बालक, उमेश मंडल, मुन्ना झा के अलावा खादी ग्रामोद्योग के अधिकारी महेश पाल ने भाग लिया।

# स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में साहित्योत्सव का आगाज, नन्हे कलाकारों ने बिखेरा हिंदी-संस्कृत का रंग

## साहित्य को जीवन में उतारना ही असली पढ़ाई : विजय प्रकाश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना/दानापुर।** दोहों की गूंज, मधुराष्टकम का सस्वर पाठ और कवि सम्मेलन की तालियों के बीच शुक्रवार को दानापुर स्थित 'स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग' में दो दिवसीय 'साहित्योत्सव' का शुभारंभ हुआ। पहला दिन हिंदी और संस्कृत भाषा एवं साहित्य को समर्पित रहा जिसमें एलकेजी से लेकर कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत स्वागत आरती और दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय के चेयरमैन विजय प्रकाश, प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश, विशिष्ट अतिथि पूर्व सीमा शुल्क आयुक्त मिहिर रंजन एवं वंदना रंजन, हिंदी शिक्षिका शिवानी कुमारी व राजू सिन्हा तथा संस्कृत शिक्षक शिवदानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। अपने संबोधन में विजय प्रकाश ने कहा कि साहित्य पाठ्यक्रम का एक विषय भर नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली शक्ति है। उन्होंने कहा साहित्य के उच्च विचारों को केवल पढ़ लेना पर्याप्त नहीं है, उन्हें आत्मसात कर अपने आचरण में उतारना ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर बिहार के मठ-मंदिरों में मनेगा दीपोत्सव, होगी विशेष पूजा-अर्चना


नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** आगामी 17 सितंबर को सनातन सम्राट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को बिहार के मठ मंदिरों में दीपोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद कार्यालय में सभी 38 जिला के मठ मंदिरों के प्रमुखों के साथ एक बैठक आयोजित की गई जिसमें इसकी तैयारी को लेकर रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर राज्य के प्रमुख मठ मंदिर धर्मशाला आदि में दीपोत्सव सतनारायण पूजा हनुमान चालीसा पाठ कबीर वाणी पाठ गरीब बच्चों के बीच पाठ सामग्री का वितरण प्रसाद वितरण सहित आदि सामाजिक कार्य करने के लिए मठ मंदिर प्रमुखों को प्रोत्साहित किया गया। इस संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने कहा कि इस बार बिहार में धार्मिक आस्था, जनसेवा और युवा सहभागिता से जोड़कर मनाने की तैयारी है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन को 'सेवा और संकल्प दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान किया है। इसके तहत राज्य के मठ-मंदिरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और देश की सुख-समृद्धि की कामना के लिए विशेष पूजा-अर्चना और सामूहिक प्रार्थना की अपील की जायेगी। वहीं युवाओं से इस अवसर पर किसी एक सामाजिक सेवा कार्य को अपनाकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया गया है। प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि सभी मठ मंदिरों से आग्रह है कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन केवल उत्सव तक सीमित न रहे, बल्कि इसे सेवा, साधना और संकल्प का अवसर बनाया जाए।







नवबिहार टाइम्स
बोकारो, शनिवार 12 सितंबर, 2026

# संपादकीय

## स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2026 में 21वें स्थान पर खिसकी दिल्ली, क्यों बिगड़ी स्थिति?

यह आलेख शहरों में स्वच्छ हवा की स्थिति को रेखांकित करता है। इसमें लखनऊ के शीर्ष पर रहने, दिल्ली के पिछड़ने और पहाड़ों में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताते हुए संयुक्त जिम्मेदारी की बात कही गई है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 का परिणाम एक ओर कुछ शहरों के लिए राहत भरा है, तो दूसरी ओर इसने कई शहरों की चिंता बढ़ा दी है।

दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में उत्तर प्रदेश के लखनऊ का पहला स्थान निश्चित ही उत्साह जगाता है, मगर इसी सूची में दिल्ली का 21वें पायदान पर होना और शीर्ष दस में हिमाचल प्रदेश के सिर्फ एक शहर का शामिल होना कई सवाल खड़े करता है।

पहाड़ों को हम स्वच्छ हवा, हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता का पर्याय मानते रहे हैं और यदि वहां भी प्रदूषण की दस्तक तेज हो रही है, तो समस्या विकास को लेकर हमारे दृष्टिकोण की भी है।हालांकि, वायु गुणवत्ता में सुधार के मामले में चंडीगढ़ का उदाहरण महत्त्वपूर्ण है। वर्ष 2024 में वह 27वें स्थान पर था, 2025 में आठवें पायदान पर पहुंचा और अब सातवें स्थान पर है।जिन शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर कम हुआ है, उसके पीछे कई कारण हैं।

हरित क्षेत्र बढ़ाने, निर्माण स्थलों की धूल नियंत्रित करने, कचरे के वैज्ञानिक निपटान, इलेक्ट्रिक वाहनों और यातायात प्रबंधन जैसे उपायों ने इसमें अहम भूमिका निभाई है।सवाल सिर्फ यह नहीं है कि कौन-सा शहर सूची में ऊपर है, बल्कि यह भी महत्त्वपूर्ण है कि किस शहर ने सुधार की राह पर चलकर अपने नागरिकों के लिए हवा को स्वच्छ बनाया और कौन केवल कागजी आंकड़ों में ही उलझा रहा।पहाड़ी प्रदेशों में वायू प्रदूषण का बढ़ाना भी गंभीर चिंता पैदा करता है। हैरत की बात है कि हिमाचल का इकलौता शहर कांगड़ा का डमटाल ही स्वच्छ वायु सर्वेक्षण की सूची में शीर्ष दस में जगह बना पाया है। यह इस बात का संकेत है कि अगर समय रहते नहीं चेते, तो पर्यटन, निर्माण, यातायात और कचरे का दबाव पहाड़ों की हवा को सांस लेने योग्य नहीं छोड़ेगा।सवाल यह भी है कि आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन है? सरकारें, नगर निकाय, प्रदूषण नियंत्रण संस्थाएं, उद्योग, वाहन या फिर आम नागरिक। इसमें दोराय नहीं कि प्रदूषण को कम करने में सभी की भागीदारी जरूरी है, लेकिन नीति निर्माताओं और कानून प्रवर्तन एजंसियों की जिम्मेदारी अधिक है। स्वच्छ हवा सभी नागरिकों का अधिकार है और इसके लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाने की जरूरत है।

**असम का बिहू, नगालैंड का हार्नबिल, मणिपुर की रासलीला, मिजोरम का चेराव और अरुणाचल के जीवंत जनजातीय उत्सव भारत की सांस्कृतिक पूंजी को अद्वितीय बनाते हैं। पूर्वोत्तर के लोग जब सीमा पर भारतीय सेना के साथ मिलकर 'जय हिंद' का नारा लगाते हैं, तो उनकी देशभक्ति पर संदेह करना या उन्हें सिर्फ उनके चेहरे के आधार पर 'पराया' समझ लेना राष्ट्र के प्रति एक नैतिक अपराध के समान है। पूर्वोत्तर के प्रति मुख्यधारा के समाज में व्याप्त इस भेदभाव की जड़ें नफरत से ज्यादा गहरी अज्ञानता में हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली और सामाजिक विमर्श में पूर्वोत्तर को कभी वह स्थान मिला ही नहीं, जिसका वह हकदार था। दशकों तक हमारे स्कूली इतिहास और भूगोल की किताबों में सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर गंगा-यमुना के मैदानों तक का विवरण तो विस्तार से पढ़ाया गया, लेकिन अहोम साम्राज्य, लचित बोरफुकन का पराक्रम, रानी गाइदिनल्यू का संघर्ष, ब्रिटिश सेना को रोकने वाले तिरोत सिंग और माटीमुर्ती कनकलता बरुआ के बलिदानों को एक-दो पन्नों में समेट दिया गया।**

## 'हमको चीनी मत बोलो, इंडियन बोलो', पूर्वोत्तर की मासूम पुकार और हमारे पूर्वाग्रहों का कड़वा सच

(गिरीश पंकज)



पिछले दिनों अरुणाचल प्रदेश की घाटियों से गूंजी एक नन्ही बच्ची कार्गा टिंकल गोंगो की तोतली आवाज ने पूरे देश के अंतर्मन को झकझोर कर रख दिया था। अपने मासूम चेहरे, खिलखिलाती मुस्कान और तुतलाती जुबान में उसने हाथ जोड़कर पूरे अधिकार से राष्ट्रगान गाया और फिर सहज भाव से यह गुहार लगाई कि 'हमको चीनी मत बोलो, इंडिया बोलो'।

उसकी अनुगूंज अभी शांत भी नहीं हुई थी कि छह सितंबर की रात दिल्ली में मणिपुर के प्रख्यात गिटारवादक चोंगथाम विक्रम सिंह की हत्या ने एक बार फिर पूर्वोत्तर के लोगों को दुख पहुंचाया। इस घटना के विरोध में मणिपुर की युवा पीढ़ी में गहरा आक्रोश है।

समय-समय पर पूर्वोत्तर के लोगों को लेकर उत्तर भारत के कुछ अल्पज्ञ लोगों की मानसिकता विचलित करती है। जबकि पूर्वोत्तर के लोग न केवल इस देश से, बल्कि यहां की भाषा से भी प्यार करते हैं। मणिपुरी साहित्य का हिंदी में अनुवाद करने वाले कम नहीं हैं। इसी वर्ष जनवरी माह में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास नई दिल्ली द्वारा अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में वहां के लेखकों के साथ एक नवलेखन कार्यशाला आयोजित हुई थी।

वहां अरुणाचल का लगभग हर व्यक्ति भलीभांति हिंदी बोल रहा था, समझ रहा था। मणिपुर में भी हिंदी प्रेमियों की कमी नहीं। वहां विश्वविद्यालय में हिंदी का अध्ययन हो रहा है। वहां के लोग विशुद्ध रूप से अपने आप को हिंदुस्तान से ही जुड़ा महसूस करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि उत्तर भारत के कुछ लोग नादानीवश वहां के लोगों के रंगरूप को देखकर कुछ और दुराग्रह पाल लेते हैं।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जिसकी नींव विविधता के सम्मान पर टिकी है। यहां भाषा, खान-पान, वेशभूषा और शारीरिक बनावट हर कुछ सौ किलोमीटर पर बदल जाती है। इसके बावजूद, यह अफसोस की बात है कि जब उत्तर-पूर्व का कोई नागरिक देश के अन्य राज्यों, विशेषकर दिल्ली, मुंबई, बंगलुरु या कोलकाता जैसे महानगरों में कदम रखता है, तो उसे अक्सर तिरछी और अजनबी नजरों का सामना करना पड़ता है।

चेहरे की बनावट, विशेषकर 'मंगोली' नैन-नक्श के कारण उन पर कुछ अपमानजनक टिप्पणियां करना एक आम विकृति बन चुकी है। किराए पर मकान ढूंढ़ने से लेकर शैक्षणिक संस्थानों, कार्यस्थलों और सार्वजनिक परिवहन तक, पूर्वोत्तर के युवाओं को लगातार यह अहसास कराया जाता है कि वे 'यहां के नहीं हैं'! जब उन्हें विदेशी कहकर पुकारा जाता है, तो उनके भीतर एक गहरी मनोवैज्ञानिक टूटन पैदा होती है।

अरुणाचल प्रदेश, जिसे 'उगते सूरज की भूमि' कहा जाता है, भारत का वह सीमांत प्रहरी है, जो देश की सीमाओं की रक्षा में दिन-रात अडिग खड़ा रहता है। यहां के लोग प्रतिकूल परिस्थितियों, कठोर मौसम और पड़ोसी देशों की विस्तारवादी गिद्ध-दृष्टि के बावजूद पूरे गर्व से सीना तानकर भारतीय होने का जयघोष करते हैं। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और पूरा पूर्वोत्तर क्षेत्र देश की सुरक्षा व्यवस्था का सबसे संवेदनशील और महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।

असम का बिहू, नगालैंड का हार्नबिल, मणिपुर की रासलीला, मिजोरम का चेराव और अरुणाचल के जीवंत जनजातीय उत्सव भारत की सांस्कृतिक पूंजी को अद्वितीय बनाते हैं। पूर्वोत्तर के लोग जब सीमा पर भारतीय सेना के साथ मिलकर 'जय हिंद' का नारा लगाते हैं, तो उनकी देशभक्ति पर संदेह करना या उन्हें सिर्फ उनके चेहरे के आधार पर 'पराया' समझ लेना राष्ट्र के प्रति एक नैतिक अपराध के समान है।

पूर्वोत्तर के प्रति मुख्यधारा के समाज में व्याप्त इस भेदभाव की जड़ें नफरत से ज्यादा गहरी अज्ञानता में हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली और सामाजिक विमर्श में पूर्वोत्तर को कभी वह स्थान मिला ही नहीं, जिसका वह हकदार था। दशकों तक हमारे स्कूली इतिहास और भूगोल की किताबों में सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर गंगा-यमुना के मैदानों तक का विवरण तो विस्तार से पढ़ाया गया, लेकिन अहोम साम्राज्य, लचित बोरफुकन का पराक्रम, रानी गाइदिनल्यू का संघर्ष, ब्रिटिश सेना को रोकने वाले तिरोत सिंग और माटीमुर्ती कनकलता बरुआ के बलिदानों को एक-दो पन्नों में समेट दिया गया।

दिल्ली या मध्य भारत में बैठे औसत नागरिक को यह तक ठीक से ज्ञात नहीं होता कि पूर्वोत्तर के आठ राज्यों, जिन्हें 'अष्टलक्ष्मी' भी कहा जाता है, उनकी राजधानियां, भाषाएं और जनजातीय परंपराएं क्या हैं। जब तक देश का समाज यह नहीं समझेगा कि भारत सिर्फ आर्य और द्रविड़ बनावट तक सीमित नहीं है, बल्कि 'मंगोलायड' और 'आस्ट्रो-एशियाटिक' नस्लें भी इस मिट्टी की उतनी ही सच्ची संतानें हैं, तब तक कार्गा टिंकल जैसी बच्चियों को अपने भारतीय होने का प्रमाण देना पड़ेगा।

वर्ष 2014 में दिल्ली के लाजपत नगर में अरुणाचल प्रदेश के 19 वर्षीय छात्र निडो तानिया की उसके बालों और नैन-नक्श पर फब्तियां कसने के बाद पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। कोविड-19 महामारी के दौरान पूर्वोत्तर के नागरिकों के साथ हुए दुर्व्यवहार, उन्हें किराए के घरों से निकाले जाने और उन पर छींटाकशी किए जाने की घटनाएं यह साबित करती हैं कि हमारे समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी गंभीर पूर्वाग्रहों का बंधक है।

राष्ट्र की अवधारणा किसी चेहरे की लंबाई, आंखों के आकार या त्वचा के रंग से तय नहीं होती। राष्ट्र का निर्माण उन साझा मूल्यों, संविधान और भावनात्मक जुड़ाव से होता है, जो नागरिकों को एक सूत्र में पिरोते हैं। विडंबना देखिए कि जब ओलंपिक या अंतरराष्ट्रीय खेलों में मैरी काम, मीराबाई चानू या लवलीना बोरगोहेन देश के लिए पदक जीतकर तिरंगा लहराती हैं, तब सभी भारतीय गर्व से सीना फुलाते हैं, लेकिन जैसे ही वे मंच से नीचे उतरती हैं, उसी क्षेत्र के एक आम छात्र को दिल्ली या बंगलुरु की सड़कों पर अपनी पहचान के लिए जूझना पड़ता है।

यह अब जरूरी हो गया है कि प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर तक की पाठ्यपुस्तकों में पूर्वोत्तर के इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों, लोककथाओं और भूगोल को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' जैसी पहलों को केवल सरकारी आयोजनों तक सीमित न रखकर स्कूलों, विश्वविद्यालयों और युवा मंडलों के बीच नियमित विनिमय कार्यक्रमों के रूप में जमीनी स्तर पर लागू किया जाए।

भारतीय सिनेमा और धारावाहिकों में पूर्वोत्तर के कलाकारों को रूढ़िवादी किरदारों से बाहर निकालकर मुख्यधारा की भूमिकाओं में समान अवसर दिया जाए। कार्गा टिंकल गोंगो की तोतली जुबान ने देश को जो संदेश दिया है, वह एक चेतावनी भी है और एक विनम्र आह्वान भी। अब समय आ गया है कि हम अपनी संकीर्ण दृष्टि को त्यागें। कार्गा टिंकल की मासूम पुकार का वास्तविक सम्मान तभी होगा, जब किसी भी भारतीय को यह साबित न करना पड़े कि वह विदेशी नहीं, बल्कि इस भारत भूमि का सच्चा सपूत है। मणिपुर के जाने-माने गिटारवादक विक्रम सिंह इसी देश के नागरिक थे।

उनके साथ दिल्ली में जो हुआ, वह एक तरह से अलगाव को बढ़ावा देता है। एक व्यक्ति या उसका समाज अगर किसी भी समुदाय के प्रति पूर्वाग्रह या दुराग्रह रखता है, तो इसका नुकसान केवल उसे नहीं, बल्कि उसके समाज और देश को भी उठाना पड़ता है। (यह लेखक के अपने विचार है)

## रूस-भारत संबंध नई ऊंचाइयों पर

(प्रोफ़ेसर (डॉ.) डी. के. पांडेय)

यह एक साल से भी कम समय में पुतिन का दूसरा दौरा होगा- पिछला दौरा दिसंबर 2025 में 23वें भारत-रूस वार्षिक समिट के लिए हुआ था। भारत 'अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय' (आईसीसी) का सदस्य नहीं है; इसलिए गिरफ्तारी वारंट का मुद्दा, जैसा कि 2023 में दक्षिण अफ्रीका में हुआ था, यहाँ लागू नहीं होता। ब्रिक्स 2026 समिट पूर्व रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत आगामी दौरे से काफी उम्मीदें हैं, और इस पर तेज़ी से काम चल रहा है। भारत अपनी 2026 की अध्यक्षता के तहत 18वें ब्रिक्स समिट की मेज़बानी कर रहा है। यह समिट 12-13 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में होना तय है। राष्ट्रपति पुतिन के मुख्य समिट से एक दिन पहले, 11 सितंबर को नई दिल्ली पहुँचने की उम्मीद है। उनके दौरे में हैदराबाद हाउस में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक खास द्विपक्षीय बैठक होगी, जिसमें कई रणनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। भौगोलिकसंदर्भ यह एक साल से भी कम समय में पुतिन का दूसरा दौरा होगा- पिछला दौरा दिसंबर 2025 में 23वें भारत-रूस वार्षिक समिट के लिए हुआ था। भारत 'अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय' (आईसीसी) का सदस्य नहीं है; इसलिए गिरफ्तारी वारंट का मुद्दा, जैसा कि 2023 में दक्षिण अफ्रीका में हुआ था, यहाँ लागू नहीं होता।

**द्विपक्षीय एजेंडा में कई अहम क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है** – रक्षा और परमाणु ऊजार्- क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पुष्टि की- भारत को एडवांस्ड सू-57 फाइटर जेट्स की बिक्री एजेंडा में सबसे ऊपर होगी। पेस्कोव ने मंगलवार को नई दिल्ली में ब्रिक्स नेताओं के समिट से पहले भारतीय पत्रकारों के साथ एक वर्चुअल बातचीत में यह बात कही। अमका में देरी के बाद भारतीय वायु सेना दो स्क्वाड्रन पर विचार कर रहा है। चर्चा में भारत को 5वीं पीढ़ी के सू-57 फाइटर एयरक्राफ्ट के अलावा एस-500 सिस्टम की संभावित बिक्री भी शामिल होने की उम्मीद है। इसके अलावा, रूस नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने पर भारत के साथ बातचीत का इंतज़ार कर रहा है।

**व्यापार और वित्तीय सहयोग** – दोनों देशों के पश्चिमी प्रतिबंधों के असर को कम करने के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने पर ज़ोर देने की उम्मीद है। रूसी अधिकारियों ने बताया है कि ब्रिक्स देशों के साथ उनके 90 प्रतिशत तक लेन-देन अब राष्ट्रीय मुद्राओं में किए जाते हैं, जो वित्तीय मज़बूती की दिशा में एक कदम है। द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य .100 बिलियन है। रेयर अर्थ (दुर्लभ खनिजों) की खोज में सहयोग भी एजेंडा में शामिल है। भारत को सेमीकंडक्टर के लिए इनकी ज़रूरत है। रूस के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा भंडार है, जबकि भारत के पास वैश्विक भंडार का लगभग सात प्रतिशत हिस्सा है। रूस रेयर अर्थ खनिजों की खोज में भारत की मदद कर सकता है। सरकारीएजेंसियां

**टेक्नोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग** – पेमेंट की दिक्कतों के कारण भारत-रूस व्यापार 65 बिलियन पर अटका हुआ है, क्योंकि रूस को डॉलर इम्पोर्ट करने की इजाज़त नहीं है। रूस और ब्रिक्स के बीच अब लगभग 90 प्रतिशत लेन-देन नेशनल करेंसी में हो रहा है, और रुपये के सरप्लस (अतिरिक्त) का मुद्दा धीरे-धीरे सुलझाया जा रहा है। रुपये का वह ढेर - रूस के पास भारतीय बैंकों में लगभग 8 बिलियन अतिरिक्त रुपये पड़े हैं जिनका वह इस्तेमाल नहीं कर सकता - मुख्य मुद्दों में से एक होगा। समिट से पहले, भारतीय इंडस्ट्रियल एजेंसियां मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में गहरे संबंधों के लिए माहौल तैयार कर रही हैं। समिट के दौरान, भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग, क्वांटम टेक्नोलॉजी और सेमीकंडक्टर रिसर्च में सरकार और रिसर्च के स्तर पर करीबी सहयोग को बढ़ावा देने की उम्मीद कर रहा है।

**भू-राजनीतिक पहलू** – भू-राजनीतिक नज़रिए से, यह दौरा भारत की रणनीतिक स्वायत्तता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। नई दिल्ली रूस पर अपनी पारंपरिक रक्षा और ऊर्जा निर्भरता को संतुलित करते हुए अमेरिका के साथ सहयोग को गहरा कर रही है और व्यापक क्षेत्रीय स्थितियों को भी संभाल रही है। इसके अलावा, राष्ट्रपति पुतिन मोदी को यूक्रेन युद्ध की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी देंगे - भारत को फिर से एक संभावित मध्यस्थ के रूप में देखा जा रहा है। मॉस्को ने यूक्रेन संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के प्रयासों में योगदान देने की भारत की इच्छा का सार्वजनिक रूप से स्वागत किया है, जिससे राजनयिक बातचीत में एक सकारात्मक माहौल बना है। ट्रंप प्रशासन ने भारत को रूसी तेल खरीदने (50 प्रतिशत टैरिफ की धमकी) के बारे में चेतावनी दी है, लेकिन भारत की ऊर्जा ज़रूरतें ज़्यादा अहम हैं। अमेरिका इस समिट पर बारीकी से नज़र रखेगा क्योंकि इसमें डी-डॉलराइज़ेशन पर चर्चा हो सकती है - पेस्कोव पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं- रूस डी-डॉलराइज़ेशन नहीं चाहता; अमेरिका ने खुद डॉलर को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया है।

भारत की 2026 ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम, मज़बूती, इनोवेशन, सहयोग और सस्टेनेबिलिटी के लिए निर्माण के तहत, समिट 11-सदस्यीय समूह में व्यावहारिक सहयोग को बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। इसमें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को आगे बढ़ाना, क्लाइमेट एक्शन और प्रस्तावित ग्लोबल रिसर्च एडवांस्ड इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क जैसी मल्टीलेटरल पहल शामिल हैं, जो सदस्य देशों के बीच हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग संसाधनों को साझा करेंगी।

## बांग्लादेश को दुश्मन खेमे में जाने से रोकने के लिए भारत ने चला बड़ा दांव! शुरू हो सकती है रेल सेवाएं

**ऐसे में पूर्वी सीमा पर किसी नए सुरक्षा गठबंधन की मौजूदगी नई दिल्ली के लिए साधारण कूटनीतिक घटनाक्रम नहीं होगी। भारत को अपने पड़ोस को केवल द्विपक्षीय रिश्तों के नजरिये से नहीं, बल्कि एक संभावित मल्टी-फ्रंट सिक्योरिटी थिएटर के रूप में देखना पड़ सकता है। यही वजह है कि भारतीय बैकचैनल यह टटोलने में जुटे हैं कि ढाका वास्तव में कोई बाध्यकारी सैन्य प्रतिबद्धता चाहता है या फिर इस तरह की संभावनाओं का इस्तेमाल भारत समेत अन्य शक्तियों से कूटनीतिक लाभ लेने के लिए कर रहा है।**

(नीरज कुमार दुबे)




भारत और बांग्लादेश बंद पड़ी यात्री ट्रेन सेवाओं को फिर शुरू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ढाका में आज से दोनों देशों के रेलवे अधिकारियों की बैठक शुरू हुई है, जिसमें मैत्री, बंधन और मिताली एक्सप्रेस को दोबारा पटरी पर लाने पर चर्चा हो रही है।बांग्लादेश को दुश्मन खेमे में जाने से रोकने के लिए भारत तेजी से सक्रिय हो गया है। ढाका के संभावित रूप से सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान से जुड़े 'मक्का ज्वाइंट डिफेंस एग्रीमेंट' जैसे सामूहिक सुरक्षा ढांचे में शामिल होने की खबरों ने नई दिल्ली की रणनीतिक चिंताएं बढ़ा दी हैं। भारत ने इस मुद्दे पर तीव्र बैकचैनल कूटनीति शुरू कर दी है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आखिर बांग्लादेश की असली मंशा क्या है। इसी बीच भारत और बांग्लादेश के बीच वर्षों से बंद पड़ी यात्री रेल सेवाओं को फिर शुरू करने की कवायद भी तेज हो गई है। रिपोर्टों के मुताबिक, बांग्लादेश मक्का ज्वाइंट डिफेंस एग्रीमेंट में शामिल होने की संभावनाओं पर विचार कर रहा है। यह एक ऐसा पारस्परिक रक्षा ढांचा बताया जा रहा है, जिसमें सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान शामिल हैं। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बदले राजनीतिक माहौल में ढाका अपनी विदेश नीति को अधिक विविध बनाने की कोशिश कर रहा है। बांग्लादेशी रणनीतिक हलकों में संभावित सदस्यता को तुर्किये की सैन्य तकनीक, सऊदी अरब की आर्थिक सहायता और पाकिस्तान के साथ सुरक्षा सहयोग हासिल करने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है। इसे व्यापक रूप से 'मुस्लिम फैमिली' के ढांचे में कूटनीतिक सहयोग बढ़ाने की कोशिश के तौर पर पेश किया जा रहा है। लेकिन नई दिल्ली की नजर से तस्वीर कहीं अधिक गंभीर है। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि पाकिस्तान से जुड़े किसी सामूहिक रक्षा ढांचे का विस्तार सीधे उसके पूर्वी मोर्चे तक हो सकता है। यदि बांग्लादेश औपचारिक रूप से ऐसे किसी सैन्य समझौते में शामिल होता है, तो भारत के आसपास एक नए सामरिक समीकरण का निर्माण हो सकता है। बंगाल की खाड़ी तक फैला सामूहिक सुरक्षा ढांचा भारत की रणनीतिक गणनाओं को बदल सकता है। हम आपको बता दें कि भारत और बांग्लादेश के बीच करीब 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा है। ऐसे में पूर्वी सीमा पर किसी नए सुरक्षा गठबंधन की मौजूदगी नई दिल्ली के लिए साधारण कूटनीतिक घटनाक्रम नहीं होगी। भारत को अपने पड़ोस को केवल द्विपक्षीय रिश्तों के नजरिये से नहीं, बल्कि एक संभावित मल्टी-फ्रंट सिक्योरिटी थिएटर के रूप में देखना पड़ सकता है। यही वजह है कि भारतीय बैकचैनल यह टटोलने में जुटे हैं कि ढाका वास्तव में कोई बाध्यकारी सैन्य प्रतिबद्धता चाहता है या फिर इस तरह की संभावनाओं का इस्तेमाल भारत समेत अन्य शक्तियों से कूटनीतिक लाभ लेने के लिए कर रहा है। शहरऔर स्थानीय मार्गदर्शिकाइसी रणनीतिक तनाव के बीच भारत-बांग्लादेश संबंधों में एक सकारात्मक संकेत भी उभर रहा है। दोनों देश बंद पड़ी यात्री ट्रेन सेवाओं को फिर शुरू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ढाका में आज से दोनों देशों के रेलवे अधिकारियों की बैठक शुरू हुई है, जिसमें मैत्री, बंधन और मिताली एक्सप्रेस को दोबारा पटरी पर लाने पर चर्चा हो रही है। बांग्लादेश रेलवे के अतिरिक्त महानिदेशक (ऑपरेशंस) मोहम्मद नजमुल इस्लाम के अनुसार, दोनों देशों के बीच यात्री रेल संपर्क अगस्त 2024 के बाद से बंद है, जबकि मालगाड़ियां बिना किसी बाधा के लगातार चलती रही हैं। मैत्री एक्सप्रेस ढाका कैंटोनमेंट और कोलकाता के बीच चलती थी, बंधन एक्सप्रेस खुलना और कोलकाता को जोड़ती थी, जबकि मिताली एक्सप्रेस ढाका कैंटोनमेंट से न्यू जलपाईगुड़ी तक संचालित होती थी। इन सेवाओं को जुलाई 2024 में आधिकारिक रूप से निलंबित किया गया था। इसके बाद देशव्यापी अशांति, शेख हसीना सरकार के पतन और 5 अगस्त 2024 को उनके भारत जाने के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव बढ़ गया। नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम व्यवस्था के दौरान शेख हसीना की भारत में मौजूदगी और उनके प्रत्यर्पण की मांग जैसे मुद्दों ने संबंधों में खटास पैदा की। हालांकि, बांग्लादेश में 22 फरवरी 2026 को हुए आम चुनाव के बाद एक नया राजनीतिक अध्याय शुरू हुआ। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की जीत के बाद तारिक रहमान के नेतृत्व में नई सरकार बनी और अब दोनों देशों के बीच सामान्य रिश्तों की बहाली की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा महसूस की जा रही है। वर्तमान अंतर-सरकारी रेलवे बैठक यानी द्धत्त्त्र्र्त्रू में केवल ट्रेनों को शुरू करने पर ही नहीं, बल्कि वित्तीय हिसाब-किताब, सीमा पार ट्रेन परिचालन, वार्षिक लेखा संतुलन, परिचालन क्षमता, रोलिंग स्टॉक और रेलवे ढांचे के विकास जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हो रही है। बांग्लादेश की योजना राजशाही से कोलकाता के लिए एक नई ट्रेन शुरू करने की भी है। साथ ही, मैत्री एक्सप्रेस को जमुना ब्रिज के बजाय पद्मा ब्रिज के रास्ते चलाने का प्रस्ताव भी सामने आ सकता है। भारत द्वारा 27 जून से बांग्लादेशी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा फिर शुरू किए जाने के बाद आम लोगों के बीच भी रेल सेवाओं की बहाली की मांग तेज हुई है। भारतीय उच्चायुक्त ने भी दोनों देशों के बीच 'पीपुल-टू-पीपुल रिलेशन' को बेहद अहम बताया है। दरअसल, यही इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण संदेश है। एक तरफ भारत बांग्लादेश के संभावित नए सैन्य समीकरणों को लेकर सतर्क है, दूसरी तरफ वह रेल, वीजा, व्यापार और जनसंपर्क के जरिए रिश्तों को सामान्य बनाने की कोशिश कर रहा है। नई दिल्ली समझती है कि अगर ढाका रणनीतिक रूप से दूर गया, तो भारत की पूर्वी सुरक्षा चुनौती स्थायी रूप से बदल सकती है। इसलिए कूटनीति अब सिर्फ दोस्ती बचाने की नहीं, बल्कि बांग्लादेश को किसी संभावित दुश्मन खेमे की ओर झुकने से रोकने की रणनीतिक लड़ाई बन चुकी है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# सितंबर तक आवास पूरा करें, नहीं तो अटक सकती है सरकारी सहायता : नगर आयुक्त

## वार्ड 21 के तियरपाड़ा में लाभार्थियों से की गई सीधी बातचीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अधूरे आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के उद्देश्य से कटिहार नगर निगम की ओर से 15 दिवसीय विशेष ह्णआवास पूर्ण महाअभियानह्न चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 से 45 तक लाभार्थियों के साथ वार्डवार बैठक आयोजित कर आवास निर्माण की प्रगति की समीक्षा की जा रही है।इसी क्रम में शुक्रवार को वार्ड संख्या 21 के तियरपाड़ा में लाभार्थियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार ने लाभार्थियों से एक-एक कर बातचीत की तथा आवास निर्माण में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रथम अथवा द्वितीय किस्त की राशि प्राप्त कर चुके, लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं करने अथवा निर्माण को अधूरा छोड़ने वाले लाभार्थियों को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के लिए प्रेरित किया।नगर आयुक्त श्री कुमार ने लाभार्थियों को बताया कि एचएफए 1.0 के आवासों को सितंबर 2026 तक पूर्ण कराने का विभागीय निर्देश प्राप्त हुआ है। उन्होंने लाभार्थियों से अपील किया कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने आवास का निर्माण पूरा करें। ताकि सरकार से मिलने वाली शेष सहायता राशि का भुगतान ससमय किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन लाभार्थियों ने अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है, वे बिना विलंब कार्य शुरू करें। वहीं अधूरे आवासों को भी शीघ्र पूरा करने की आवश्यकता है। नगर आयुक्त ने कहा कि निर्धारित समय-सीमा के बाद आवास पूर्ण करने पर सरकारी सहायता राशि प्राप्त करने में कठिनाई उत्पन्न हो सकती है, इसलिए सभी लाभार्थी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।अभियान के दौरान वार्डवार बैठकें आयोजित कर लाभार्थियों की समस्याओं को सुना जा रहा है। निर्माण में आ रही अड़चनों की जानकारी लेकर उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया जा रहा है। साथ ही लाभार्थियों को आवास निर्माण की प्रगति तेज करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।नगर निगम का उद्देश्य 15 दिवसीय विशेष अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक अधूरे आवासों को पूर्ण कराना है, ताकि पात्र लाभार्थियों को सरकार की सहायता राशि का लाभ समय पर मिल सके। नगर निगम ने लाभार्थियों से अपील की है कि वे आवास निर्माण में किसी प्रकार की देरी न करें और निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना आवास पूर्ण कर ह्णसबके लिए आवासह्न के लक्ष्य को साकार करने में सहयोग करें।

## 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार कोर्ट।** आम लोगों को त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए कल 12 सितंबर को कटिहार व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणवीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में लोक अदालत की सफलता को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए बारसोई, रेल सहित कुल 16 बेंचों का गठन किया गया है। डीएलएसए सचिव कमलेश सिंह देबू ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बिजली, टेलीफोन, ट्रैफिक चालान सहित विभिन्न सुलहनीय मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक मामलों के निपटारे और आम लोगों को इसका लाभ दिलाने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# बाढ़ से पीसीसी सड़क टूटी, दो हजार लोगों का आवागमन ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के भेड़मारा पंचायत के वार्ड संख्या 03 चामा टोला में कारी कोसी बांध से पैक्स अध्यक्ष मो. रज्जाक के घर होते हुए चामापाड़ा तक जाने वाली मुख्य सड़क में जामा मस्जिद मुजफ्फर अली के घर से शेर मोहम्मद के घर तक बाढ़ का पानी आने से लगभग दो सौ फीट पीसीसी ढलाई सड़क हजार लोग का आवागमन ठप सा हो गया। इस मार्ग में जन वितरण प्रणाली की दुकान, प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी एवं मदरसा हैं। सड़क के टूटने से यहां जन वितरण प्रणाली के दुकान पर राशन नहीं पहुंच पा रहा हैं। वहीं छोटे- छोटे बच्चों को प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनवाड़ी पढ़ाई करने के लिए जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा



टूटकर नीचे गिर गया हैं। इस सड़क के टूटने से दो हजार परिवार का आवागमन ठप सा हो गया हैं। इस बाबत स्थानीय ग्रामीण मंसूर आलम, मो. हकीम, मो. अशरफुल हक, मो. तंजीर,मो. जैदुल, मो. नजीर, मो. जमाल, शेर मोहम्मद, मो. सफीक, मो. अशफाक, मो. शमीम, मनकु कोड़ा, सीताराम कोड़ा, सुरेश कोड़ा, गणेश कोड़ा, लुढ़की देवी, जीछिया देवी,नेश मोहम्मद, जान मोहम्मद आदि ने बताया कि बाढ़ का पानी लगातार कारी कोसी बांध के अंदर बढ़ रहा हैं और विगत दिन वर्षा होने से जामा मस्जिद मुजफ्फर अली के घर के सामने से शेर मोहम्मद के घर तक लगभग दो सौ फीट पीसीसी ढलाई सड़क टूटकर जमीन में समा गया हैं। इस सड़क के टूटने से वार्ड संख्या 03 चामा टोला के दो हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क के पश्चिम तरफ सड़क के नीचे से काफी तीव्र गति से जमीन के नीचे से पानी निकल रहा हैं और चापाकल से पानी निकल रहा हैं। जिससे सड़क के नीचे जमीन का मिट्टी नीचे से धस रहा हैं। कई लोगों का घर गिर गया हैं। अगर समय रहते इस टूटे हुए सड़क का निर्माण और वार्ड दीवाल का निर्माण नहीं किया जाता हैं तो ये सड़क कुछ दिनों में पूरी तरीके से टूट जाएगा। सड़क टूटने की जानकारी स्थानीय पंचायत के मुखिया को दिया गया हैं,जिस पर अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया हैं। वहीं स्थानीय वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मो0 आमिर ने बताया कि अगर इस जगह पर छोटा पुल के साथ वार्ड दीवाल का निर्माण कर दिया जाए तो सड़क को टूटने से बचाया जा सकता हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### घरेलू विवाद में दो भाइयों के बीच मारपीट

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के एकौना में घरेलू विवाद में एक भाई और उनके पुत्रों ने दूसरे भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को लेकर पीड़ित भाई गंगा पंडित ने मनसाही थाने में लिखित आवेदन देते हुए पुलिस से आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में मनसाही थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद ने बताया कि मामले को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ हैं । पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही हैं। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे,उसके आधार पर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डॉन बॉस्को स्कूल में मना ग्रैंड पेरेंट्स डे

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के ललियाही स्थित डॉन बॉस्को स्कूल में शुक्रवार को ग्रैंड पेरेंट्स डे समारोह उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान फादर के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की शानदार प्रस्तुति पर पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में अभिभावक एवं दादा-दादी उपस्थित रहे। इस दौरान स्कूल का पूरा सभागार खचाखच भरा रहा और समारोह का माहौल उत्सवमय बना रहा। बच्चों की प्रस्तुतियों ने बुजुर्गों और अभिभावकों के चेहरों पर खुशी बिखेर दी।



### कोढ़ा पहुंचे प्रशांत किशोर समर्थकों ने फूल-मालाओं से किया भव्य स्वागत

**कोढा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के कोढ़ा पहुंचने पर शुक्रवार को नगर पंचायत कोढ़ा के गेराबाड़ी बाजार चौक पर समर्थकों एवं कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। उनके पहुंचते ही कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। समर्थकों ने नारेबाजी करते हुए प्रशांत किशोर का स्वागत किया और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर जोश का प्रदर्शन किया। इस दौरान कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र से जनसुराज पार्टी के पूर्व विधायक प्रत्याशी निर्मल कुमार पासवान के नेतृत्व में समर्थकों ने प्रशांत किशोर को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर जनसुराज पार्टी के नेता सतनारायण शर्मा, वार्ड पार्षद विमल पासवान, सिक्कू शर्मा, राजीव कुमार, पंचायत समिति सदस्य नईम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। गेराबाड़ी बाजार चौक पर कुछ देर तक कार्यकताओं की भीड़ जुटी रही। समर्थकों ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों और संगठन को मजबूत करने पर भी चर्चा की।इस अवसर पर निर्मल कुमार पासवान ने कहा कि कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र की जनता अब बदलाव चाहती है। जनसुराज पार्टी आम लोगों की आवाज को मजबूती से उठाने का काम कर रही है।



### हिन्दी काव्य-साहित्य के अनमोल रत्न हैं महाकवि केदारनाथ मिश्र 'प्रभात'

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महाकवि केदारनाथ मिश्र 'प्रभात' हिन्दी काव्य-साहित्य के अनमोल रत्न हैं। उनकी काव्य-कल्पनाएँ अत्यंत मोहक और चकित करती हैं। उन्होंने अपनी विलक्षण काव्य-प्रतिभा से हिन्दी-कविता को साहित्य के शिखर पर प्रतिष्ठित किया। महाभारत के महान-योद्धा कर्ण पर लिखित उनका खंड-काव्य 'कर्ण' हो अथवा रामायण की खल स्त्री-पात्र 'कैकेयी' , प्रभात जी ने इन पर पाठकों को नयी दृष्टि से सोचने पर विवश किया है। यह बातें शुक्रवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा महाकवि की जयंती पर आयोजित समारोह और कवि-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि, उनके गीत-संग्रह 'बैठो मेरे पास' पठनीयता और रमणीयता के पुलकनकारी उदाहरण हैं। पाठकों में लोकप्रियता और विक्रय की दृष्टि से कीर्तिमान स्थापित करने वाले उपन्यासों 'मृत्युंजय' और 'युगंधर' का अत्यंत लोकप्रिय उपन्यासकार शिवाजी सामंत की दृष्टि में, प्रभात जी का 'कर्ण' हिन्दी-काव्य-साहित्य का 'एक मात्र अनमोल गहना' है। वरिष्ठ साहित्यकार डा रत्नेश्वर सिंह ने कहा कि प्रभात जी की काव्य-रचनाएँ पाठकों को उद्वेलित करती हैं। उनकी पुस्तक 'ज्वाला' ने क्रांति को एक ऐसा बल दिया कि उससे डरी हुई अंग्रेजी सरकार ने प्रेस में ही उसपर प्रतिबन्ध लगा दिया था। महाकवि 'प्रभात' के कनिष्ठ पुत्र मोहन मृगेंद्र, पुत्रवधु नम्रता कुमारी, निर्मला मिश्र, पौत्र वंश प्रभात, बंगलुरु से आयीं कवयित्री और सुप्रसिद्ध ध्रुवपद-गायिका श्वेता मिश्र, विभारानी श्रीवास्तव, डा पूनम आनन्द और पं उमेश मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा महाकवि को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित कवि-गोष्ठी का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, प्रो समरेंद्र नारायण आर्य, डा ओम्प्रकाश पाण्डेय 'वदनाम', शुभचंद्र सिन्हा, शमा कौसर 'शमा', प्रियंका श्रीवास्तव, 'शुभ्र', पूनम कतरियार, ई अशोक कुमार, सदानन्द प्रसाद, अभिराम बुद्धवाहा, अमितेश राज, अनुराग कुमार, इन्दु भूषण सहाय, शंकर शरण मधुकर ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।



# सफाई व्यवस्था को लेकर नगर आयुक्त ने विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** नगर निगम कटिहार की ओर से शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर एवं प्रभावी बनाए रखने को लेकर लगातार निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में नगर आयुक्त संतोष कुमार एवं स्वच्छता पदाधिकारी द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया तथा सड़क, गली-मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता व्यवस्था को देखा। इस दौरान जहां कहीं भी सफाई व्यवस्था में कमी पाई गई, वहां संबंधित कर्मियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।नगर आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं सफाई कर्मियों को नियमित रूप से सफाई कार्य करने, कूड़े का उठाव समय पर सुनिश्चित करने तथा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी नहीं फैलने देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिकता है। स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित निगरानी रखने तथा आम नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया।

# 16 अंचलों में विशेष भूमि सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के सभी 16 अंचलों में विशेष भूमि सर्वेक्षण का कार्य प्रगति पर है।जिला बंदोबस्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम चरण में 03 अंचल कोढ़ा, फलका एवं कुसेर्ला के कुल- 178 राजस्व ग्रामों में विशेष सर्वेक्षण का कार्य अब अंतिम चरण में चल रहा है। 151 राजस्व ग्रामों का अंतिम प्रारूप प्रकाशन प्रपत्र-20 हुआ है एवं कुल- 57 राजस्व ग्रामों का अंतिम प्रकाशन प्रपत्र-25 की कार्रवाई की जा चुकी है। जबकि दूसरे चरण में द्वितीय चरण 13 अंचलों के कुल 1336 राजस्व ग्रामों में कार्य प्रगति पर है । 365 राजस्व ग्रामों का किस्तवार, 75 राजस्व ग्रामों का खानापुरी एवं 17 राजस्व ग्रामों का एलपीएम वितरण का काम पूरा हो चुका है। बाढ़ एवं बरसात के मौसम के बाद विशेष सर्वेक्षण में गति लाने के लिए विशेष योजना तैयार की जा रही है।ताकि विशेष सर्वेक्षण का कार्य पूर्व निर्धारित समय पर पूरा किया जा सके । विशेष सर्वेक्षण कार्य के लिये जिला में 11 शिविर प्रभारी, 13 सर्वे कानूनगो, 18 वि० सर्वे लिपिक एवं 261 वि० सर्वे अमीन कार्यरत है ।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान को लेकर सड़क पर उतरे डीटीओ

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर परिवहन विभाग की सख्ती जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** सड़क सुरक्षा को मजबूत करने एवं यातायात नियमों के शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने को लेकर जिला परिवहन विभाग की ओर से जिले में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस क्रम में रौतारा टोल प्लाजा, दलन चौक सहित विभिन्न स्थानों पर चलाए गए अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया गया। दोपहिया वाहन चालकों एवं पीछे बैठे यात्रियों को हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन चालकों एवं यात्रियों को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया गया। नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई भी हुई। यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में कुल 03 लाख 87 लाख रुपये जुमार्ने का चालान काटा गया। इस क्रम में बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने सहित अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई।जिला परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रुप से करें। डीटीओ ने बताया कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं एवं अन्य सड़क उपयोगकताओं की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु एवं गंभीर चोटों में कमी लाने के लिए इस प्रकार के विशेष वाहन जांच एवं हेलमेट-सीट बेल्ट जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# काली पट्टी बांधकर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने किया सांकेतिक विरोध प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**डंडखोरा (कटिहार)।** प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार अपने बांह में काली पट्टी बांधकर शुक्रवार को दायित्व निर्वहन करते देखे गये।इस बाबत उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कल्याण पदाधिकारी संघ के निर्णय के आलोक में जिले के एक दर्जन से अधिक प्रखंडों के कल्याण पदाधिकारी अपनी सात सूत्री मांगों के समर्थन में काली पट्टी बांधकर अपने कर्तव्य पालन करते हुए सांकेतिक प्रदर्शन कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि मांगों का ज्ञापन जिला पदाधिकारी को सौंपकर उन्हें अपने सांकेतिक प्रदर्शन की जानकारी दी गई है।उन्होंने बताया कि हम क्षेत्रीय समस्याओं एवं संसाधनों की कमी कमी के कारण लाचार हैं।जबकि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की आबादी के सर्वांगीण विकास का दायित्व उठाने वाले प्रखंड एवं अनुमंडस्तर के कल्याण पदाधिकारी मूलभूत संसाधनों का अभाव तथा प्रत्यक्ष योजनाओं की कमी से अपने आपको बेबस महसूस कर रहे हैं।श्री कुमार ने अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर विभाग से अनुरोध किया गया है।लेकिन कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाये जाने पर संघ के निर्णय के अनुसार कल्याण संवर्ग के पदाधिकारीगण 11 सितंबर से काली पट्टी बांधकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सांकेतिक विरोध का प्रदर्शन कर रहे है।उन्होंने बताया कि इसके बाद भी अगर मांगों पर विचार नहीं हुआ तो संघ सामुहिक अवकाश पर जाने के साथ लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने का भी निर्णय ले सकता है। उनकी मांगों में प्रखंड एवं अनुमंडल कल्याण शाखा में मूलभूत संसाधनों की उपलब्धता, सरकारी वाहन या निर्धारित यात्रा भत्ता की उपलब्धता,कल्याण विद्यालय तथा छात्रावास के प्रबंधक का प्रभार मुख्यालय स्तर के पदाधिकारी को सौंपने, संवर्ग नियमावली में सुधार सहित कई अन्य भी शामिल है।

# बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** कटिहार विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 41 में कोसी बांध के निकट रह रहे वार्डवासियों के बीच बाढ़ की कठिन परिस्थिति में भाजपा जिला महामंत्री सह वार्ड संख्या 41 के निगम पार्षद प्रतिनिधि सौरभ कुमार मालाकार ने पहुँचकर राहत सामग्री का वितरण किया। बाढ़ के कारण कई परिवारों के घरों में पानी प्रवेश कर जाने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे विपरीत समय में सौरभ कुमार मालाकार ने प्रभावित परिवारों के बीच पहुँचकर उनकी समस्याओं को जाना तथा राहत सामग्री उपलब्ध कराकर हरसंभव सहयोग एवं सहायता पहुँचाने का प्रयास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनसेवा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और समर्पण का संकल्प है। विपदा की इस घड़ी में वार्डवासियों के साथ खड़ा रहना और उनकी जरूरत के समय सहयोग करना ही सच्चे जनप्रतिनिधित्व का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की समस्याओं को लेकर वे लगातार संपर्क में रहेंगे और आवश्यकता के अनुसार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा।

# सहयोग आरटीएमएस पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की नगर आयुक्त ने की समीक्षा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** नगर निगम कटिहार की ओर नागरिकों की समस्याओं एवं विभिन्न सेवाओं से संबंधित आवेदनों के त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन को लेकर शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक नगर आयुक्त संतोष कुमार कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सहयोग आरटीएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन तथा विभिन्न सहयोग शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा की गई। नगर आयुक्त द्वारा संबंधित आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेते हुए लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन तथा प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान संबंधित कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि नागरिकों से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो तथा सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। नगर निगम कटिहार द्वारा नागरिकों को बेहतर एवं सुगम सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहयोग शिविरों एवं ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की लगातार समीक्षा की जा रही है।

# बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे प्रभारी मंत्री प्रमोद कुमार

## बाढ़ पीड़ितों और विस्थापितों की समस्याओं की ली जानकारी, सरकार द्वारा संचालित राहत बचाव का धरातलीय जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनिहारी (कटिहार)।** बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व तथा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग सह जिला के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित मनिहारी पहुंचे और यहां बाढ़ पीड़ित परिवारों की स्थिति का जायजा लिया। मंत्री ने प्रभावित लोगों के लिए संचालित सामुदायिक रसोई का निरीक्षण कर भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। मनिहारी पहुंचने के बाद मंत्री प्रमोद चन्द्रवंशी सीधे सामुदायिक रसोई पहुंचे। जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और बाढ़ के कारण उत्पन्न कठिनाइयों की जानकारी भी ली। इस दौरान मंत्री ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ बैठकर भोजन किया। मंत्री सहित अन्य नेताओं ने भोजन के बाद भोजन की गुणवत्ता से संतोष जताया।उनके इस व्यवहार से पीड़ित परिवारों ने अपनी समस्याओं को सीधे मंत्री के समक्ष रखने का अवसर पाया। मंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जरूरतमंद लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री श्री चन्द्रवंशी चरवाहा विद्यालय क्षेत्र में चल रही सामुदायिक रसोई की जानकारी ली। सडक किनारे पनाह ले रखे बाढ पीडित परिवारों के बीच प्लास्टिक सीट का वितरण किया। मंत्री के दौरे के दौरान स्थानीय स्तर पर बाढ़ राहत एवं सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित लोगों से यह सुनिश्चित करने की अपेक्षा की कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन सहित आवश्यक सुविधाएं समय पर मिलती रहें और राहत कार्यो में किसी प्रकार की कमी न हो।मंत्री के मनिहारी दौरे को बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच सरकार की राहत एवं सहायता व्यवस्था का जायजा लेने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके पहुंचने से पीड़ित परिवारों में यह उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं के समाधान और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्रभारी मंत्री के बाढग्रस्त क्षेत्र भ्रमण के दौरान पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, बरारी विधायक विजय सिंह, एडीएम आपदा फिरोज अख्तर, राज्य एसटी आयोग के पूर्व अध्यक्ष शंभू सूमन, अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह, जिप सदस्य सुमति देवी,सीओ चंदन कुमार, बीपीआरओ सोनू गुप्ता, आर ओ रामसागर पासवान, संजीव श्रीवास्तव, राजेश रजक, नगर जदयू अध्यक्ष बालेश्वर सिंह,गुड्डू यादव सहित अनेक अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विकास आयुक्त ने मंगल सेमिनरी (प्लस टू) विद्यालय का किया गया निरिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मिहिर कुमार सिंह, विकास आयुक्त, बिहार सरकार के द्वारा जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ सुमन यादव के साथ मोतिहारी स्थित मंगल सेमिनरी (प्लस टू) विद्यालय का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में संचालित वर्ग कक्ष, आईसीटी लैब, आधुनिक पुस्तकालय, कंप्यूटर क्लासरूम, विज्ञान प्रयोगशाला एवं आईआईटी-जी-नीट क्लास के संचालन की बारीकी से जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने छात्रों से भी इंटरेक्ट किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु सभी आवश्यक टूल्स उपलब्ध करा रही है। उनके द्वारा शिक्षा से जुड़े सभी महानुभावों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए अपने अपने दायित्वों का सफल निर्वहन करने संबंधी निर्देश दिया गया। निरीक्षण के समय सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, प्रभारी प्रधानाध्यापक मंगल सेमिनरी प्लस टू विद्यालय एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



### जनता के दरबार में 42 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 42 आवेदनकतोओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेन्द्र कुमार भारती की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण ने सुनवाई की। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एडीएम ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान शीघ्र किया जाएगा। भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम में एडीएम विभागीय जांच मो सिबगतुल्लाह और वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।




### जमीनी विवाद में मारपीट

**एकमा/रसूलपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के असहनी गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान स्व. चंद्रदेव पंडित के पुत्र 60 वर्षीय रविंद्र नाथ पंडित के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले मामूली कहासुनी हुई। इसके बाद मामला बढ़ गया और दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा रविंद्र नाथ पंडित के साथ मारपीट की गई, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. गुंजन कुमार ने स्वास्थ्य कर्मियों की सहायता से उनका प्राथमिक उपचार किया। बताया गया है कि घटना की सूचना रसूलपुर थाना पुलिस को दे दी गई है। रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। पुलिस घटना के कारणों एवं मारपीट में शामिल लोगों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।



### दुष्कर्म का आरोप का सात माह बाद हुआ खुलासा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने पड़ोस के 55 वर्षीय व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मोकामा थाना में शिकायत दी है। आरोपी को परिवार द्वारा बच्ची का मुंहबोला चाचा बताया गया है।परिजनों के अनुसार घटना करीब सात माह पूर्व की बताई जा रही है। कुछ समय बाद बच्ची के पेट में दर्द रहने लगा और धीरे-धीरे उसका पेट फूलने लगा। परिजन उसे अस्पताल ले जाने के बजाय कई महीनों तक झाड़-फूंक कराते रहे। इस दौरान परिवार में अंधविश्वास भी फैल गया और उन्हें आशंका हुई कि पड़ोस में गर्भवती महिला की मौत के बाद उसकी आत्मा बच्ची के शरीर में प्रवेश कर गई है।जब बच्ची की तबीयत अधिक बिगड़ने लगी और पेट काफी फूल गया, तब परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच के दौरान चिकित्सकों ने बच्ची के गर्भवती होने की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई और उन्होंने मोकामा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया मामले को गंभीरता में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। नाबालिग से जुड़ा मामला होने के कारण पुलिस पीड़िता के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### कचरा पृथक्करण की शुरूआत घर से

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम मोतिहारी द्वारा स्रोत पर कचरा पृथक्करण के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शहर के विभिन्न मोहल्लों में घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क किया गया तथा उन्हें गीला, सूखा एवं अन्य प्रकार के कचरे को अलग-अलग रखने और उसका उचित तरीके से निस्तारण करने के संबंध में जानकारी दी गई। अभियान के दौरान नगर निगम की टीम द्वारा गली-मोहल्लों तक पहुंच बनाते हुए अधिक संख्या में नागरिकों से संपर्क कर उन्हें स्वच्छता एवं कचरा पृथक्करण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। नागरिकों को बताया गया कि कचरे का स्रोत पर ही उचित पृथक्करण करने से उसके संग्रहण, प्रसंस्करण एवं निस्तारण की पूरी प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, व्यवस्थित एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सकता है। जागरूकता अभियान के माध्यम से नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित श्रेणियों में अलग-अलग रखें और नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान करें। स्वच्छ शहर के निर्माण में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।



# भूमि विकास बैंक की वार्षिक आम सभा आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बहुराज्यीय सहकारी भूमि विकास बैंक, बुद्ध मार्ग, पटना (बिहार-झारखंड) की वार्षिक आम सभा आज दिनांक 11-09-2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे बिहार विधान परिषद् के उप सभागार में अध्यक्ष, ममता सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सभा के मुख्य अतिथि प्रेम कुमार, अध्यक्ष, बिहार विधान सभा उदघाटनकर्ता अतिथि अवधेश नारायण सिंह, सभापति, बिहार विधान परिषद्, विजय कुमार सिंह, अध्यक्ष, राष्ट्रीय सहकारी आवास बोर्ड / संघ, नई दिल्ली, अनिल कुमार, सविप, तरूण कुमार, सविप, महेश्वर सिंह, सविप रहे। सभा का उदघाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया । आम-सभा में अन्य सम्मानित अतिथि में विशाल सिंह, अध्यक्ष, बिस्कोमान, विनय शाही, अध्यक्ष, बिहार स्टेट कोऑपरेटिव फे., पटना, अजित सिंह, पूर्व मंत्री-सह-विधायक, विधायक केदारनाथ सिंह, विधायक अरूण कुमार सिंह इत्यादि शामिल हुए। वार्षिक आम सभा में बैंक के निदेशक / प्रतिनिधि में राजेश कुमार सिंह, सुनील कु सिंह, दिनेश सिंह, राम कलेवर सिंह, अमर पाण्डेय, राम विशुन सिंह तथा बिहार एवं झारखण्ड राज्य से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैंक के प्रबंध निदेशक, मुख्य निगरानी पदाधिकारी, निदेशक तकनीकी, सांख्यिकी पदाधिकारी एवं सभी पदाधिकारी, सभी क्षेत्र प्रबन्धक एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे। सभा में बैंक की कार्यावली एवं अन्य सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही बैंक द्वारा किसानों के हित में काम करने के लिए सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।



## मोकामा में गंगा के उफान से किसानों पर कहर, 5000 बीघा सब्जी की फसल बर्बाद



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा में आये उफान से जान-माल के साथ फसलों का भी भारी नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा मार सब्जी की खेती करने वाले किसानों पर पड़ी है।मोकामा प्रखंड की चार पंचायतों में आच्छादित फसल की आंशिक क्षति हुई है, जिसमें शिवनार और कसहा दियारा पंचायत में सबसे अधिक नुकसान हुआ है। घोसवरी प्रखंड में भी धान और मक्का की फसल बाढ़ की भेंट चढ़ गई है।प्रखंड कृषि पदाधिकारी मंगत राम ने बताया कि मोकामा प्रखंड में इस वर्ष 1430 हेक्टेयर भूमि पर मक्का और धान की खेती हुई थी। कसहा दियारा, जंजीरा दियारा, शिवनार और बरहपुर और मोर पूर्वी में सब्जी की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है। फसल नुकसान की प्रारंभिक सूचना 15 प्रतिशत की है। सबसे ज्यादा क्षति जंजीरा दियारा में हुई है, जहां सबसे ज्यादा सब्जी की खेती होती है।मोकामा के शिवनार गांव में सब्जी की खेती करने वाले किसानों पर इस बार बाढ़ का कहर टूटा है। सैकड़ों बीघे में लगी फसल को नुकसान हुआ है। अब पूंजी ऊपर होने की उम्मीद भी टूट गई है। किसानों ने भरपूर मात्रा में बेमौसम सब्जी लगाई थी, बेहतर खेती से अच्छी कमाई की उम्मीद थी, लेकिन गंगा के उफान ने पलभर में सब बेकार कर दिया।हुआ यह कि गंगा का पानी पुराने एन एच को क्रॉस कर सैकड़ों बीघे में लगी सब्जी की फसल में घुस गया। अब पानी तो घट गया है, लेकिन फसल पीली होकर सूख रही है। किसानों का कहना है कि गोभी, बैंगन, खीरा आदि लगाने में हजारों रुपये की लागत आई थी।मोकामा में पांच सौ किसानों की पांच हजार बीघे में लगी सब्जियां बाढ़ के पानी में बर्बाद हो गई। सबसे ज्यादा परेशानी उन किसानों को हो रही है जो कर्ज लेकर खेती किए थे। इन किसानों को 10 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान है।शिवनार, बरहपुर, मोर, कन्हाईपुर, सुल्तानपुर, मेकरा के किसान परेशान हैं।शिवनार निवासी अमित कुमार की सात बीघे में लगी गोभी, खीरा, करेला, शिमला मिर्च, मूली की फसलें बर्बाद हो गई। उन्होंने इसी साल खेती के लिए ड्रोन भी खरीदा था।कई किसानो की पट्टे पर जमीन लेकर की गई उनकी सारी फसलें डूब गईं।टाल क्षेत्र में आई बाढ़ में धान, मक्का और सब्जी की फसल को भी व्यापक नुकसान हुआ है। प्रखंड में नुकसान का आकलन तेज कर दिया गया है। बाढ़ से तबाह हुई फसल की क्षतिपूर्ति के लिए आकलन किया जा रहा है।



## 71 वीं वाहिनी एसएसबी ने 504 बोरी यूरिया खाद एवं 12 - पहिया ट्रक किया जब्त

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रफुल्ल कुमार, कमांडेंट, 71 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, मोतिहारी के निर्देशन में 71 वीं वाहिनी की डी समवाय, सीमा चौकी कोरैया द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर दरपा थाना पुलिस एवं कृषि विभाग, छौड़ादानो के सहयोग से संयुक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान में सशस्त्र सीमा बल के जवानों, दरपा थाना पुलिस तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी, छौड़ादानो की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बथुआहिया, थाना दरपा, जिला पूर्वी चंपारण स्थित एक गोदाम की जांच की गई। जांच के दौरान गोदाम में 208 बोरी तथा मौके पर खड़े 12 - पहिया ट्रक में 296 बोरी, इस प्रकार कुल 504 बोरी यूरिया खाद (45 किलोग्राम प्रत्येक बोरी) बरामद हुई । जिसकी कुल मात्रा 22,680 किलोग्राम (22.68 मीट्रिक टन) है। इसके साथ ही एक 12-पहिया ट्रक को भी जब्त किया गया। बरामद यूरिया खाद एवं ट्रक को भारत से नेपाल ले जाने के उद्देश्य से रखे जाने की आशंका व्यक्त की गई है। कार्रवाई के दौरान संबंधित व्यक्ति एवं ट्रक चालक मौके पर उपस्थित नहीं थे तथा खाद के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।जब्त यूरिया खाद एवं ट्रक को आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु थाना दरपा, जिला पूर्वी चंपारण को सुपुर्द किया गया। कृषि विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने हेतु थाना दरपा में लिखित आवेदन दिया गया है तथा अग्रिम कानूनी प्रक्रिया जारी है।



## बीएसआईडीटी में दीक्षारंभ-2026 कार्यक्रम का समापन


**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के बिहार स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी (बीएसआईडीटी) में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित दीक्षारंभ-2026 कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। 17 अगस्त से 10 सितंबर तक चले इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक वातावरण, संस्थागत व्यवस्था, परिसर जीवन, व्यावसायिक नैतिकता और करियर की संभावनाओं से परिचित कराना था। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए डेयरी और फूड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नए अवसरों की तलाश करने तथा उद्यमिता की सोच विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, व्यावसायिक नैतिकता, नवाचार, कौशल विकास और मेहनत सफल करियर की आधारशिला हैं। विद्यार्थियों को उपलब्ध शैक्षणिक एवं औद्योगिक अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने और बिहार सहित देश के डेयरी एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कुल 74 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें बीटेक डेयरी टेक्नोलॉजी के 47 और पहली बार शुरू किए गए बीटेक फूड टेक्नोलॉजी के 27 विद्यार्थी शामिल थे। इस दौरान कुल 38 सत्र आयोजित किए गए। इनमें शैक्षणिक अभिमुखीकरण, संस्थागत व्यवस्था, परिसर जीवन, अनुशासन एवं नैतिकता, स्वास्थ्य एवं कल्याण, उद्योग से परिचय, मेंटरशिप और रचनात्मक गतिविधियों से संबंधित सत्र शामिल रहे। बीएसआईडीटी के डीन डॉ. राकेश कुमार ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें कार्यक्रम के सफल समापन पर बधाई दी।



## मानसिक स्वास्थ्य की सार्वभौमिक पहुंच पर वेबिनार

### डॉ. अर्चना सिंह ने विशेषज्ञों के साथ किया महत्वपूर्ण संवाद

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के हर वर्ग तक सुलभ बनाने और उपचार की खाई को कम करने के उद्देश्य से इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी पॉडकास्ट इनिशिएटिव के तहत 'Achieving Universal Mental Health Coverage' विषय पर विशेष वेबिनार आयोजित किया गया। इसमें पटना की जानी-मानी न्यूरोसाइकैट्रिक डॉ. अर्चना सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेबिनार में बोस्टन से प्रसिद्ध साइकैट्रिस्ट एवं रिसर्चर डॉ. बिक्रम पटेल भी जुड़े। डॉ. अर्चना सिंह के साथ डॉ. जॉर्ज एवं डॉ. धनंजय ने मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। करीब एक घंटे चले इस संवाद में ट्रीटमेंट गैप और इंप्लीमेंटेशन गैप को कम करने, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने तथा अधिक से अधिक लोगों को उपचार व्यवस्था से जोड़ने के व्यावहारिक उपायों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि प्रभावी मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं केवल बड़े विशेषज्ञ केंद्रों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण तरीके से हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है। चर्चा के दौरान मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक बनाने के लिए कई नई संभावनाओं, नीतियों और रणनीतियों पर भी विचार सामने आए। डॉ. अर्चना सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम चिकित्सकों के लिए बेहद ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और प्रोत्साहन देने वाला रहा। इसमें पूरे भारत से बड़ी संख्या में साइकैट्रिस्ट शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आईपीएस पॉडकास्ट के माध्यम से देश-दुनिया के प्रमुख विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी को समाज, नीति और आम जीवन से जोड़ते हुए सार्थक संवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है।



## इतिहास, विरासत व संस्कृति पर आधारित फोटो प्रदर्शनी आयोजित

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एकमा के पुस्तकालय कक्ष में गुरुवार को भारतीय इतिहास, विरासत एवं संस्कृति पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में भारतीय इतिहास, स्थापत्य कला, मूर्तिकला, नृत्य कला सहित देश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से संबंधित विभिन्न चित्रों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के संयोजक एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में जिज्ञासा पैदा होती है। उनमें पढ़ने के प्रति रुचि बढ़ने के साथ-साथ खोजी प्रवृत्ति का भी विकास होता है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



## विश्व बंधुत्व दिवस पर बी. डी. कॉलेज में भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वामी विवेकानन्द जी के ऐतिहासिक शिकागो भाषण की स्मृति में मनाए जाने वाले विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में आज बी.डी. कॉलेज, पटना में भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विवेकानन्द केन्द्र, कन्याकुमारी (पटना शाखा) एवं बी. डी. कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को स्वामी विवेकानन्द के प्रेरणादायी विचारों, भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा तथा उनके विश्वबंधुत्व के संदेश से परिचित कराना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य दिवाकर प्रसाद ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का शिकागो भाषण भारतीय संस्कृति की उदारता, सहिष्णुता और समन्वय की भावना का वैश्विक उद्घोष था। उनका संदेश आज भी मानवता, शांति, सद्भाव और सामाजिक समरसता के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन-दर्शन, भारतीय ज्ञान परंपरा, राष्ट्र निर्माण, युवा शक्ति तथा विश्व बंधुत्व जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच स्वामी विवेकानन्द के जीवन एवं दर्शन तथा भारतीय संस्कृति से संबंधित ज्ञान को रोचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से विकसित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, के साथ साथ बर्सर, डॉ. अमित कुमार, हिंदी विभाग के डॉ. रवि कुमार, पाली विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राहुल अमृत राज, उर्दू विभाग की विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. महेश केवट, राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. राजीव कुमार, प्राचीन भारत एवं संस्कृति विभाग की डॉ. स्वर्णा कुमार, जूलॉजी विभाग की डॉ. कविता परमार सहित समस्त विभाग के शिक्षकगण की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस प्रतियोगिता में अध्यक्ष के रूप में प्राचार्य दिवाकर प्रसाद एवं जज के रूप में हिंदी विभाग के वरीय प्राध्यापक प्रोफेसर शत्रुधन शरण सिंह, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर लाडली कुमारी, रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विजय सिंह, अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ममता शर्मा, विवेकानंद केंद्र की पटना नगर प्रमुख निर्मला जायसवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मोहित कुमार, द्वितीय स्थान आदित्य कुमार जबकि तृतीय स्थान पर दो प्रतिभागियो अभय आदर्श एवं उज्जवल कुमार समान रूप से रहे। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर साहिल कुमार, द्वितीय स्थान प्रहलाद कुमार जबकि दो छात्रगण अजितेश कुमार एवं उज्जवल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में रष्ट्रीय सेवा योजना की प्रोग्राम पदाधिकारी, डॉ. विजय शंकर विक्रम के द्वारा ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



## विद्यार्थियों के कौशल विकास और करियर उन्मुख प्रशिक्षण को लेकर समझौता ज्ञापन संपन्न

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय में विद्यार्थियों को बदलती रोजगार आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने तथा उन्हें शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक एवं व्यावसायिक अनुभव उपलब्ध कराने की दिशा में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.(डॉ.) सीता सिन्हा ने महत्वपूर्ण पहल की। इसमें महाविद्यालय एवं यूथ ड्रीमर्स फाउंडेशन के बीच विद्यार्थियों के कौशल विकास और करियर उन्मुख प्रशिक्षण को लेकर समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ।यह पहल महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के माध्यम से की गई।समझौता ज्ञापन पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सीता सिन्हा तथा यूथ डीमर्स फाउंडेशन की ओर से बिहार स्टेट हेड श्री कृष्णा सिंह ने हस्ताक्षर किए। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सीता सिन्हा ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को रोजगार की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के लिए उनके अंदर संचार क्षमता, डिजिटल दक्षता, व्यावसायिक कौशल एवं व्यवहारिक समझ विकसित करना भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से यह समझौता विद्यार्थियों के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा।इस साझेदारी के माध्यम से विद्यार्थियों को करियर रेडीनेस, डिजिटल एवं प्रोफेशनल स्किल, मेंटरिंग, इंटर्नशिप, इंडस्ट्री एक्सपोजर, लाइव प्रोजेक्ट तथा प्लेसमेंट संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की योजना है। इससे विद्यार्थियों को अपने विषयगत ज्ञान को व्यावहारिक क्षेत्र से जोड़ने और रोजगार की दुनिया को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा।इस अवसर पर प्लेसमेंट सेल की कोऑर्डिनेटर डॉ. सरिता कुमारी, को-कोऑर्डिनेटर डॉ. निधि सिन्हा, नोडल ऑफिसर प्रो. (डॉ.) शैलजा सिन्हा एवं आई.क्यू.ए.सी कोऑर्डिनेटर डॉ. अमर कुमार की उपस्थिति रही।



## एकमा में चार ट्रकों की टक्कर से छपरा-सिवान एनएच-531 पर ढाई घंटे लगा जाम, छह लोग जख्मी

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सिवान मुख्य मार्ग एनएच-531 पर अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय के समीप शुक्रवार की अहले सुबह लगभग 2:30 बजे चार ट्रकों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और देखते ही देखते कई किलोमीटर तक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। करीब ढाई घंटे तक परिचालन बाधित रहने से यात्रियों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुर्घटना में चालक और सहचालक समेत करीब छह लोगों के जख्मी होने की सूचना है। इनमें एक चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जबकि अन्य को मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में फंसे चालक को जेसीबी की मदद से बाहर निकलवाया और इलाज के लिए एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटनास्थल के समीप पहले से एक ट्रक खड़ा था। इसी दौरान छपरा की ओर से आ रहे एक ट्रक ने खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद पीछे से आ रहे अन्य ट्रक भी एक-दूसरे से टकराते चले गए। हादसे में फंसे चालक की पहचान डोरीगंज थाना क्षेत्र के सिंगही गांव निवासी शिवजी राय के 28 वर्षीय पुत्र उपेंद्र राय के रूप में हुई है। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा रेफर कर दिया। इसके बाद पुलिस ने जेसीबी और हाइवा की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रकों को सड़क से हटवाया। वाहनों को हटाने के बाद जाम में फंसे वाहनों को धीरे-धीरे निकाला गया। करीब ढाई घंटे बाद एनएच-531 पर यातायात सामान्य हो सका।





**सड़क किनारे खड़े ट्रकों से हादसे का खतराः**

स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच-531 पर कई स्थानों पर दिन-रात सड़क किनारे ट्रक खड़े रहते हैं। कई जगह झुंड में ट्रकों की पार्किंग के कारण सड़क संकरी हो जाती है, जिससे रात में गुजरने वाले वाहनों को काफी परेशानी होती है। लोगों के अनुसार सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े ट्रकों के कारण दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से अनधिकृत पार्किंग पर रोक लगाने तथा सड़क किनारे खड़े वाहनों की नियमित निगरानी की व्यवस्था करने की मांग की है।

# 5-डे बैंकिंग की मांग को ले बैंक रहे बंद

## करोड़ों रुपये का कारोबार प्रभावित






**नबिटा टीम**

**धनबाद/पाकुड़।** 5-डे बैंकिंग लागू करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर शुक्रवार को धनबाद सहित पूरे झारखंड में बैंकिंग सेवाएं ठप रहीं। केंद्र सरकार और बैंक प्रबंधन के साथ दो दिवसीय वार्ता विफल होने के बाद बैंककर्मियों ने हड़ताल का फैसला लिया। हड़ताल के कारण जिले की 200 से अधिक बैंक शाखाओं में कामकाज प्रभावित रहा और करीब 250 से 300 करोड़ रुपये के कारोबार पर असर पड़ने का दावा किया गया।

धनबाद के हीरापुर, बैंक मोड़, पुलिस लाइन, सरायढेला और मटकुरिया समेत विभिन्न क्षेत्रों में बैंक कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार और बैंक प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों ने कहा कि 5-डे बैंकिंग लागू करने को लेकर दो वर्ष पहले समझौता होने के बावजूद अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। हर बार मामला विचाराधीन होने का आश्वासन देकर मांग को टाला जा रहा है।

हीरापुर इंडियन बैंक के अधिकारी विवेक कुमार ने कहा कि बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग लंबे समय से लंबित है। उन्होंने कहा कि बैंक बंद रहने से जिले में करोड़ों रुपये का कारोबार प्रभावित हुआ है।

इंडियन बैंक के संगठन सचिव राजीव कुमार रंजन ने कहा कि एलआईसी की तर्ज पर बैंकों में भी तत्काल 5-डे बैंकिंग लागू की जानी चाहिए। इसके साथ ही पीएलआई (परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव) से जुड़ी विसंगतियों को भी दूर करने की मांग की गई। बैंककर्मियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आगे तीन दिवसीय हड़ताल और इसके बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता अपनाया जा सकता है।

हालांकि, हड़ताल के दौरान ग्राहकों को पूरी तरह परेशानी न हो, इसके लिए एटीएम और ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं चालू रखी गईं। इसके बावजूद बैंक शाखाओं में नकद जमा-निकासी, चेक संबंधी कार्य और अन्य शाखा आधारित सेवाएं प्रभावित रहीं।

**पाकुड़ से संवाददाता के अनुसार** जिला मुख्यालय में शुक्रवार को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर एक दिन की हड़ताल रही। इस दौरान सभी बैंक पूरी तरह से बंद रहे, जिससे आम लोगों को काफी दिक्कत हुई। हड़ताल पर बैठे बैंक अधिकारी और कर्मचारियों ने शहर के भारतीय स्टेट बैंक की व्यवहार न्यायालय शाखा के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने जुलूस निकालकर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की। इस हड़ताल में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और केनरा बैंक समेत कई बैंकों के कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों के बीच हड़ताल को लेकर अच्छी एकजुटता दिखी।

मौके पर मौजूद सत्यजीत दत्ता, विकास कुमार, असद कमरान और सुबोध कुमार जैसे कई बैंक कर्मचारियों ने बताया कि उनकी मुख्य मांग पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करना है। साथ ही, वे बैंक कर्मचारियों की अन्य पुरानी मांगों का जल्द समाधान चाहते हैं।कर्मचारियों ने बताया कि उनकी मांगें काफी पुरानी हैं और कई बार बातचीत के बाद भी कोई हल नहीं निकला। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे आगे चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। इसके तहत 28, 29 और 30 सितंबर को तीन दिन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल बुलाई गई है।अगर इसके बाद भी मांगों का समाधान नहीं होता है, तो 26 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई है।इस दौरान सौमित्र सरकार, सौविक, शांति मुर्मू, देबलिना गोस्वामी, अनुरंजन आनंद, सुरेश राय और फ्रांसिस हेम्ब्रम समेत बड़ी संख्या में बैंक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।जिले भर के सभी बैंक बंद होने से आम लोगों के करोड़ों रुपए का लेनदेन रुक गया। सुबह बैंक पहुंचे कई लोगों को बिना काम कराए ही वापस लौटना पड़ा।

# विश्व बंधुत्व दिवस पर याद किये गये स्वामी विवेकानंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** विश्व बांग्ला हिंदी संगम परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को भगतसिंह चौक पर विश्व बंधुत्व दिवस स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया। विश्व बांग्ला हिंदी संगम परिषद के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार घोष ने कहा कि 11 सितंबर को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक शिकागो भाषण की स्मृति में याद किया जाता है। वर्ष 1893 में इसी दिन अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद ने अपने संबोधन से भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का प्रभावी परिचय कराया।

मुरहू के समाजसेवी डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिकागो के धर्म संसद में भाईयों एवं बहनों के साथ संबोधन ने पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु बना दिया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी मानवता, प्रेम, सहिष्णुता और सभी धर्मों के प्रति सम्मान का संदेश देते हुए विश्व को भाईचारे की भावना से जोड़ने का आह्वान किया। अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन घोष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का विचार था कि धर्म और विचारों की विविधता के बावजूद पूरी मानव जाति एक परिवार है। यही से विश्व बंधुत्व दिवस की परंपरा का अर्विभाव हुआ। युवा धर्मप्रेमी ध्रुवेन्द्र भास्कर ने स्वामी विवेकानंद जी महाराज को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज विश्व बंधुत्व दिवस पर उनके संदेश को आत्मसात करते हुए समाज में आपसी सद्भाव, शांति, समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लेना समय की आवश्यकता है। पूर्व शिक्षक सुधांशु दत्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश आज भी विश्व को एकता और मानव कल्याण की राह दिखाता है। जितेन्द्र पांडे, तुलसी प्रजापति, अनुप राय सहित अन्य ने भी विश्व बंधुत्व दिवस पर पूरे विश्व को विशेष ध्यान देने की बात कही।

# पंचायत की राजनीति के संघर्ष की कहानी है फिल्म 'बिगुल'

## साची तिवारी निभा रही मुख्य भूमिका



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** फिल्म बिगुल की कहानी पंचायत समिति सदस्यों और प्रखंड प्रमुख के चुनाव के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में पंचायत की सत्ता, राजनीतिक संघर्ष और महिलाओं के नेतृत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है।कहानी में पंचायत समिति के सदस्यों को एक शक्तिशाली प्रखंड प्रमुख पद के उम्मीदवार दादू काका द्वारा होटल में बंद कर दिया जाता है। इसके बाद फिल्म की नायिका ज्योति जिसका किरदार अभिनेत्री साची तिवारी निभा रही हैं,अन्याय और दबाव के खिलाफ आवाज उठाती हैं। संघर्ष के बाद वह दादू काका की राजनीतिक ताकत को चुनौती देती हैं और अंतत नई प्रखंड प्रमुख बनने में सफल होती हैं।

फिल्म में कई महत्वपूर्ण और रोचक किरदारों को शामिल किया गया है। अभिनेत्री प्रिया तिवारी बिजली रानी के किरदार में नजर आएंगी। बिजली रानी का किरदार एक कोठेवाली का है,जो फिल्म की कहानी में अपनी अलग पहचान और प्रभाव रखती है। वह अपनी पंचायत प्रस्तुत करती है और कहानी को एक अलग सामाजिक एवं राजनीतिक आयाम देती है।

साची तिवारी द्वारा निभाया गया ज्योति का किरदार फिल्म की केंद्रीय भूमिका है। ज्योति के संघर्ष, साहस और नेतृत्व के माध्यम से फिल्म पंचायत स्तर की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी और उनके नेतृत्व की क्षमता को रेखांकित करती है। बिगुल मनोरंजन के साथ-साथ ग्रामीण राजनीति और सामाजिक बदलाव का संदेश देने वाली फिल्म के रूप में सामने आती है। फिल्म के डायरेक्टर और राइटर अजय सिंह, प्रोड्यूसर सोनू कुमार सिन्हा,रौशन कुमार साहबान अंसारी है।

## डूबी 5 साल की बच्ची का शव बरामद

**पाकुड़।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के फरसा गांव में बाढ़ के पानी में डूबी 5 साल की बच्ची शरमीन खातून का शव शुक्रवार को मिला। बच्ची गुरुवार को लापता हो गई थी। शव मिलने के बाद परिजनों में मातम छा गया।

शरमीन खातून सादिकुल मोमीन की बेटी थी। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को शरमीन अपनी मां के साथ गांव के तालाब पर गई थी। तालाब के आसपास बाढ़ का पानी जमा था। इसी दौरान बच्ची अचानक गायब हो गई।लोगों ने आशंका जताई कि बच्ची बाढ़ के पानी में डूब गई है। ग्रामीणों ने तुरंत उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने मुफ्फसिल थाने को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गौरव कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।थाना प्रभारी ने तुरंत गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों ने गुरुवार को बच्ची की तलाश में पानी में उतरकर काफी खोजबीन की, लेकिन शरमीन का कोई सुराग नहीं मिल पाया।शुक्रवार सुबह एक बार फिर गोताखोरों, स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस जवानों ने बच्ची की तलाश शुरू की। दोपहर करीब 2 बजे बच्ची का शव बाढ़ के पानी में मिला।

# पॉलिटेक्निक के नए विद्यार्थियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** पाकुड़ पॉलिटेक्निक में शुक्रवार को नए सत्र में नामांकित विद्यार्थियों के स्वागत एवं संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, सुविधाओं, अनुशासन और रोजगार के अवसरों से परिचित कराने के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त मेघा भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि कॉलेज के तीन वर्ष जीवन के सबसे महत्वपूर्ण वर्षों में से हैं। विद्यार्थियों को इन वर्षों का सदुपयोग करते हुए नियमित मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने करियर की मजबूत नींव तैयार करनी चाहिए। उन्होंने पढ़ाई को पहली प्राथमिकता देने के साथ संस्थान की प्रयोगशालाओं और अन्य सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाने की अपील की।

उपायुक्त ने इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म का सकारात्मक उपयोग कर नई तकनीक और नए कौशल सीखने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ कम से कम एक नया कौशल विकसित करने और पियर लर्निंग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। साथ ही स्वास्थ्य, खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों को जीवन का हिस्सा बनाने तथा नशे और अन्य हानिकारक आदतों से दूर रहने की बात कही। उप निदेशक आलोक कुमार ने विद्यार्थियों को अच्छी संगति अपनाने और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने की सलाह दी। वहीं निदेशक अमिया रंजन बड़ाजेना ने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा, प्रायोगिक प्रशिक्षण और बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्राचार्य डॉ. सुषमा यादव ने बताया कि वर्ष 2016 में स्थापित पाकुड़ पॉलिटेक्निक ने 2026 में दस वर्ष पूरे किए हैं। संस्थान में डिप्लोमा इंजीनियरिंग के साथ वर्ष 2023 से बीसीए की पढ़ाई भी संचालित है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मौके पर संस्थान के शिक्षक, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को बेहतर करियर, व्यक्तित्व विकास और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया

# दो दिनों में उपलब्ध कराई गई पोस्टमार्टम रिपोर्ट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज के समक्ष जनता दरबार में प्राप्त एक आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महज दो दिनों के अंदर आवेदिका को पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपलब्ध करा दिया गया। कुरूम, छतरमांडू, रामगढ़ निवासी श्रीमती आशा देवी के पति स्वर्गीय चिंटू महली का निधन 25 मार्च को सदर अस्पताल, रामगढ़ में हुआ था। निधन के उपरांत नियमानुसार उनका पोस्टमार्टम कराया गया था। पोस्टमार्टम के कई माह बीत जाने के बावजूद आशा देवी को अपने पति का पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त नहीं हो पाया था, जिसके कारण वह काफी परेशान थीं। अपनी समस्या के समाधान को लेकर पीड़िता आशा देवी ने उपायुक्त के जनता दरबार में आवेदन देकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में संबंधित विभाग द्वारा मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई। इसके परिणामस्वरूप 11 सितंबर को सिविल सर्जन, डॉ. अनिल कुमार द्वारा आशा देवी को पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपलब्ध कराया। महज दो दिनों के अंदर समस्या का समाधान होने पर आशा देवी ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन की ओर से कहा गया कि जनता दरबार का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं को सीधे सुनना तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। जिला प्रशासन आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रति संवेदनशील है तथा पात्र मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# राधानगर ग्रिड में दो दिन से लगातार चोरी, लाखों की सामग्री गायब

## दोबारा चोरी करने पहुंचे दो गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**महुदा।** झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड (जेयूएसएनएल) के महुदा स्थित राधानगर ग्रिड में चोरों ने लगातार दो दिनों तक धावा बोलकर सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी। मंगलवार की रात ग्रिड परिसर से लाखों रुपये की सामग्री चोरी करने के बाद बुधवार को आरोपी दोबारा चोरी की नीयत से परिसर में घुस गए। इस दौरान ग्रिड कर्मियों की सतर्कता से दो संदिग्धों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने सोनारडीह तेलीपाड़ा निवासी गौतम भुइयां एवं भोला भुइयां को हिरासत में लिया। इनके पास से एक कार भी जब्त की गई, जिस पर बाघमारा विधायक प्रतिनिधि का बोर्ड लगा हुआ था। जेयूएसएनएल के प्रबंधक ज्ञान रंजन के अनुसार, मंगलवार की रात चोर ग्रिड परिसर में घुसे और टेस्टिंग किट, ट्रांसफॉर्मर की क्वायल समेत कई महत्वपूर्ण सामान चोरी कर फरार हो गए। चोरी के दौरान ग्रिड में लगे कई महंगे उपकरणों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार करीब 10 लाख रुपये की सामग्री चोरी तथा लगभग एक लाख रुपये के उपकरणों को नुकसान पहुंचने का अनुमान है। मंगलवार की घटना के बाद बुधवार को ग्रिड कर्मी विशेष सतर्कता बरत रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग दोबारा ग्रिड परिसर में पहुंचे। संदेह होने पर कर्मियों ने घेराबंदी कर दो लोगों को पकड़ लिया और महुदा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पुलिस ने संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर चोरी के कुछ सामान भी बरामद किए हैं। ग्रिड के साइट इंचार्ज दलेश्वर महतो ने महुदा थाना में लिखित शिकायत देकर चोरी का मामला दर्ज कराया। शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने गौतम भुइयां को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया, जबकि भोला भुइयां को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। जब्त कार पर विधायक प्रतिनिधि का बोर्ड लगे होने को लेकर भी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कार का इस्तेमाल चोरी की घटना में किस प्रकार किया गया था और बोर्ड किसके कहने पर लगाया गया था। थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर चोरी में शामिल अन्य लोगों की भूमिका तथा चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

# महेशपुर में पीरामल स्वास्थ्य कार्यालय का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले के महेशपुर प्रखंड मुख्यालय के भगत सिंह चौक के पास शुक्रवार को पीरामल स्वास्थ्य के नए कार्यालय का बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. सुनील कुमार किस्कु एवं सीडीपीओ नीलू रानी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस कार्यालय खोलने का मुख्य उद्देश्य प्रखंड में टी.बी. जनजातीय अभियान को सफल बनाने के लिए प्रखंड के सभी ग्राम में स्वास्थ्य जांच कैंप लगाना है। पीरामल स्वास्थ्य के बीपीएम कृष्णा कुमार पोद्दार ने अपने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारियां सबों के बीच साझा किया। बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने कहा कि पीरामल स्वास्थ्य द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया जा रहा कार्य काफी सराहनीय है। वहीं प्रभारी पदाधिकारी डा. सुनील कुमार किस्कु ने अभी प्रखंड में हो रहे 100 दिन कैंप में पीरामल स्वास्थ्य के टीम के सहयोग की सराहना किया। उन्होंने कहा कि इस टीम से लोगों को स्वास्थ्य जागरूकता लाभ मिलेगी। वहीं सीडीपीओ नीलू रानी एवं जेएसएलपीएस की टीम ने पीरामल स्वास्थ्य के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग देने की बातें कही। इस मौके पर पीरामल स्वास्थ्य और एलिओस मैनेजमेंट कंसल्टिंग के कर्मी मौजूद थे।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर धनबाद पुलिस की सख्ती

## अगस्त महीने में 69 लाख का चालान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निदेशार्नुसार यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए धनबाद पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। अगस्त माह में ट्रैफिक पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की।

अगस्त में 3,001 वाहनों से कुल 69 लाख रुपये का चालान किया गया। जुलाई में 3,965 वाहनों से करीब एक करोड़ रुपये का चालान किया गया था। वहीं ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान में 85 वाहन जब्त किए गए जिन पर न्यायालय द्वारा कुल 9 लाख 35 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

रॉन्ग साइड पार्किंग के खिलाफ जुलाई में 157 वाहनों पर कार्रवाई की गई थी जबकि अगस्त में यह संख्या बढ़कर 579 हो गई। इसी प्रकार हेलमेट जांच अभियान में 759 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 7 लाख 59 हजार रुपये का चालान किया गया।

जुलाई में जिले में कुल 42 सड़क हादसे दर्ज हुए थे जिनमें 35 लोगों की मौत हुई थी। अगस्त में हादसों की संख्या घटकर 30 रह गई, यानी करीब 28 प्रतिशत की कमी आई। वहीं हादसों में मरने वालों की संख्या 35 से घटकर 22 रही जो जुलाई के मुकाबले करीब 37 प्रतिशत कम है।

एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि यातायात व्यवस्था और सड़क सुरक्षा को लेकर ऑटो-टोटो चालकों पर पुलिस की सख्ती जारी रहेगी। यातायात नियमों की अनदेखी और ऑटो-टोटो चालकों की लापरवाही सड़क हादसों एवं यातायात अव्यवस्था की प्रमुख वजहों में शामिल है। ऐसे में नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा नियमित जांच और कार्रवाई का अभियान लगातार जारी रहेगा।

वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन करना स्वयं की और दूसरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की।

## जांच अभियान में नियमों के पालन की अपील

**पाकुड़।** जिला परिवहन पदाधिकारी मुहम्मद मोजाहिद अंसारी के नेतृत्व में डीसी आवास चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान में करीब 50 से 60 दोपहिया और 20 से 40 टोटो वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ई-पॉस मशीन से जुमार्ना लगाया गया और एक सप्ताह के भीतर भुगतान करने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, वैध नंबर प्लेट, प्रदूषण प्रमाण-पत्र, बीमा और ड्राइविंग लाइसेंस रखने की अपील की। वाहन खरीदने वालों से 20 दिनों के भीतर स्वामित्व हस्तांतरण कराने को कहा गया।ऑटो और टोटो चालकों को आगे-पीछे वैध नंबर प्लेट लगाने और निर्धारित वर्दी पहनकर वाहन चलाने का निर्देश दिया गया है। बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर 5 हजार रुपये तथा बिना निर्धारित वर्दी के पकड़े जाने पर 650 रुपये जुमार्ने की जानकारी दी गई। व्यावसायिक और भारी वाहनों में अनधिकृत अतिरिक्त लाइट हटाने, ओवरलोडिंग से बचने और खनन सामग्री को ट्रिपल ढककर परिवहन करने का निर्देश दिया गया।

# 630 अनमैप्ड मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले के महेशपुर में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड के चार सुनवाई स्थलों पर 630 अनमैप्ड मतदाताओं के नोटिस के आधार पर प्रस्तुत किए गए आवश्यक दस्तावेजों की सुनवाई की गई। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन महेशपुर में कानिझाड़ा पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 81, पंचायत भवन शहरग्राम में मतदान केंद्र संख्या 17 व 18, पंचायत भवन अभुवा में मतदान केंद्र संख्या 139 तथा ग्राम पंचायत भवन रोलाग्राम में मतदान केंद्र संख्या 109 के मतदाताओं की सुनवाई की गई। प्रखंड कार्यालय महेशपुर में एईआरओ सह बीडीओ डा. सिद्धार्थ शंकर यादव, जबकि पंचायत भवन रोलाग्राम में एईआरओ सह सीओ संजय कुमार सिंहा, शहरग्राम पंचायत भवन में भूमि सुधार उपसमाहर्ता ईआरओ अमित कुमार तथा पंचायत भवन अभुवा में जिला कृषि पदाधिकारी सह एईआरओ अभिषेक मिश्रा मौजूद थे। सुनवाई की प्रक्रिया संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) द्वारा विभिन्न सुनवाई स्थलों पर निर्धारित निर्वाचन नियमों के अनुरूप संपन्न कराई गई। सुनवाई के दौरान मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन तथा अग्रेतर कार्रवाई नियमानुसार की गई।

## गणपति महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पाकुड़। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर आगामी 14 से 17 सितंबर तक पाकुड़ रेलवे मैदान में आयोजित होने वाले 28वें गणपति महोत्सव को लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह और भक्ति का माहौल चरम पर है। सार्वजनिक गणेश पूजा समिति, रेलवे मैदान पाकुड़ की ओर से महोत्सव को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। पूजा पंडाल के निर्माण, आकर्षक सजावट, विद्युत एवं रंग-बिरंगी रोशनी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में समिति के सदस्य और युवा दिन-रात जुटे हुए हैं।गणेश चतुर्थी के अवसर पर विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की जाएगी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए समिति की ओर से पूजा स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी तैयारियां की जा रही हैं। पाकुड़ नगर के अलावा आसपास के गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के रेलवे मैदान पहुंचने की उम्मीद है।गणपति महोत्सव को लेकर बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। युवा वर्ग पंडाल निर्माण, सजावट, साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। पूजा के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं भक्तिमय कार्यक्रमों के आयोजन की भी तैयारी की जा रही है। शाम होते ही रंग-बिरंगी रोशनी से सजा पूजा पंडाल और आसपास का क्षेत्र श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा।गणेश पूजा के दिनों में रेलवे मैदान सहित पूरा पाकुड़ नगर भक्तिमय वातावरण में डूब जाता है। पूजा पंडाल से होने वाला मंत्रोच्चार, आरती और भक्ति गीतों की गूंज वातावरण को आध्यात्मिक बना देती है। वहीं, गणेश चतुर्थी को लेकर बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ने लगी है। पूजा सामग्री, सजावटी सामान एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ गई है।

सार्वजनिक गणेश पूजा समिति के संस्थापक हिसाबी राय ने कहा कि रेलवे मैदान पाकुड़ में विगत 27 वर्षों से भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना निरंतर आयोजित की जा रही है। यह पाकुड़वासियों के लिए गर्व और आस्था का विषय है कि इतने लंबे समय से धार्मिक परंपरा लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी जैसी कठिन परिस्थितियों में भी गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना की परंपरा को यथासंभव जारी रखा गया।

सार-समाचार

## महिला टी20 सीरीज - साउथ अफ्रीका के खिलाफ जिम्बाब्वे की 17 सदस्यीय टीम घोषित

### कप्तान नकोमो की वापसी

**हरारे,।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज से पहले जिम्बाब्वे की महिला टीम को बड़ी राहत मिली है। जोसेफिन नकोमो फिट होकर टीम की कमान संभालने के लिए वापस आ गई हैं। इस सीरीज के पांच मुकाबले 11, 13, 15, 17 और 19 सितंबर को बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे। जोसेफिन नकोमो चोट के कारण मई में पाकिस्तान के व्हाइट-बॉल दौरे पर नहीं जा सकी थीं, लेकिन तीन महीनों में वह अच्छी तरह से ठीक हो गई हैं और 17 सदस्यों वाली टीम की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं। उनके साथ अनुभवी बल्लेबाज शार्ने मेयर्स ने 2 साल तक बाहर रहने के बाद टीम में वापसी की है। मेयर्स अब तक 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में जिम्बाब्वे का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।



ऑलराउंडर न्याशा ग्वानजुरा ने भी टीम में वापसी की है, जबकि टीम की अनुभवी सदस्य, चिपो मुगेरी-तिरिपानो, मोडेस्टर मुपाचिकवा, लोरेन त्सुमा और लोरिन फिरी ने पाकिस्तान सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के चलते अपनी जगह बरकरार रखी है। जिम्बाब्वे की टीम में ऐसे तीन खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने पिछले हफ्ते आईसीसी अंडर-19 विमेंस टी20 वर्ल्ड कप अफ्रीका क्वालीफायर डिवीजन 1 में जिम्बाब्वे के लिए खेला था। इनमें कप्तान लोरेन पेम्हिवा, बिलव्ड बिजा और क्रिस्टीना मुतासा हैं, जिन्हें अब बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। जिम्बाब्वे सितंबर और अक्टूबर 2025 में क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में एक द्विपक्षीय सीरीज में यूनाइटेड अरब अमीरात की मेजबानी करने के बाद पहली बार अपने घरेलू मैदान पर वापसी करेगा।

**जिम्बाब्वे की टीम :** जोसेफिन नकोमो (कप्तान), बिलव्ड बिजा, कुदजई चिगोरा, फ्रांसेस्का चिपारे, न्याशा ग्वानजुरा, लिंडोकुहले मभेरा, तेंदई मकुशा, मिशेल मावुंगा, शार्ने मेयर्स, मोडेस्टर मुपाचिकवा, चिपो मुगेरी-तिरिपानो, क्रिस्टीना मुतासा, केलिस नधलोवु, लोरेन पेम्हिवा, लोरिन फिरी, नोमवेलो सिबांडा, लोरेन त्सुमा।

### मुरली कार्तिक

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यादगार जीत के नायक, नहीं मिल सके पर्याप्त मौके, कैरियर रहा छोटा

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व स्पिन गेंदबाज मुरली कार्तिक का करियर उतार-चढ़ाव से भरा रहा। कार्तिक वानखेड़े के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली यादगार जीत के नायक रहे। हालांकि, हरभजन सिंह और अनिल कुंबले के टीम में होने के कारण उन्हें इंटरनेशनल लेवल पर ज्यादा मौके नहीं मिले। मुरली कार्तिक का जन्म 11 सितंबर, 1976 को चेन्नई में हुआ। कार्तिक के परिवार में पढ़ाई को काफी महत्व दिया जाता था। हालांकि, उनका बचपन से क्रिकेट से खास लगाव हो गया था। 12 साल की उम्र में ही कार्तिक ने इस खेल में अपना करियर बनाने की ठान ली थी। क्रिकेट के साथ-साथ कार्तिक पढ़ाई में भी अच्छे थे। उन्होंने दिल्ली के हिंदू कॉलेज से वाणिज्य में ग्रेजुएशन की। कार्तिक ने फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में अपना डेब्यू साल 1996 में किया। घरेलू क्रिकेट में लगातार दमदार




प्रदर्शन के बूते जल्द ही वह सिलेक्टर्स का ध्यान अपनी ओर खींचने में सफल रहे। साल 2000 में मुरली कार्तिक को भारत की जर्सी में अपना पहला मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलने को मिला। डेब्यू टेस्ट मैच में कार्तिक ने 3 विकेट निकाले। इसके बाद उन्होंने साल 2002 में वनडे क्रिकेट में अपना डेब्यू जिम्बाब्वे के खिलाफ किया।

मुरली कार्तिक ने भारत के लिए कुल 8 टेस्ट मैच खेले और इस दौरान उन्होंने 24 विकेट अपने नाम किए। कार्तिक ने साल 2004 में वानखेड़े के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम को यादगार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कार्तिक ने पहली पारी में 4 और दूसरी में 3 विकेट लेते हुए भारत को रोमांचक से भरे मुकाबले में 13 रनों से जीत दिलाई। इस टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम दूसरी पारी में सिर्फ 93 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

हालांकि, अनिल कुंबले और हरभजन सिंह जैसे दिग्गज गेंदबाजों के टीम में होने की वजह कार्तिक को क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में ज्यादा मौके नहीं मिले। मुरली ने कुल 37 वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान उन्होंने 5.07 की इकोनॉमी से 37 विकेट चटकाए।

डीडीसीए ने की पुष्टि

दिल्ली पुलिस की गुजारिश के बावजूद

# 13 को ही होगा पहला टी20 मैच

**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाला पहला टी20 इंटरनेशनल मुकाबला तय कार्यक्रम के हिसाब से 13 सितंबर को ही खेला जाएगा। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने इस बात की पुष्टि की है। दरअसल, भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाले पहले टी20 मुकाबले को लेकर दिल्ली पुलिस के डिप्टी कमिश्नर ने दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ को पत्र लिखकर इस मैच को किसी और दिन कराने की मांग की थी। दिल्ली में 11 से 13 तारीख तक ब्रिक्स सम्मेलन होना है, जिसके चलते वीवीआईपी रूट की व्यवस्था रहेगी। मैच में 20 से 25 हजार फैंस के आने की संभावना है, ऐसे में डिप्टी कमिश्नर का कहना था कि दिल्ली पुलिस के लिए सुरक्षा उपलब्ध कराना मुश्किल होगा। हालांकि, डीडीसी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया, 'अरुण जेटली स्टेडियम में 13 सितंबर को होने वाला भारत-अफगानिस्तान का पहला टी20 इंटरनेशनल मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के साथ बैठक के बाद डीडीसीए को सभी जरूरी मदद और इंतजामों का भरोसा दिलाया गया है। मैच स्थगित नहीं होगा।'

भारत बनाम अफगानिस्तान




भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाली तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज के सभी मुकाबले दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में ही खेले जाने हैं। इस बार सीरीज की मेजबानी अफगानिस्तान कर रहा है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड को बीसीसीआई की तरफ से पूरा सपोर्ट किया जा रहा है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 15 और अंतिम मैच 17 सितंबर को खेला जाना है।

गुरुवार को बीसीसीआई ने बताया कि हर्षित राणा जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव आने की वजह से अफगानिस्तान के खिलाफ पूरी टी20 सीरीज और एशियन गेम्स 2026 से भी बाहर हो गए हैं। हर्षित की जगह पर भारतीय टीम में तेज गेंदबाज यश ठाकुर को शामिल किया गया है। यश जिम्बाब्वे सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे और उन्होंने 2 मैचों में 4 विकेट चटकाए थे।

शेफाली की फिफ्टी, दीप्ति-नंदिनी ने मिलकर चटकाए 5 विकेट

# बांग्लादेश को हराकर फाइनल में भारत

**दुबई।** भारत ने गुरुवार को विमेंस एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल-1 में बांग्लादेश को 40 रन से मात देकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां 13 सितंबर को उसका सामना पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच खेले जाने वाले सेमीफाइनल-2 की विजेता टीम



से होगा। गुरुवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 149 रन बनाए। टीम ने महज 9 के स्कोर पर स्मृति मंधाना (2) का विकेट गंवा दिया था। इसके बाद प्रतिका रावल ने शेफाली वर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन जुटाकर टीम को मजबूती दी। प्रतिका टीम के खाते में 20 रन जोड़कर पवेलियन लौटीं, जिसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' शेफाली वर्मा (40 गेंदों में 64 रन) के साथ 33 रन और ऋचा घोष (21) के साथ 36 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

इसके अलावा, कौर ने दीप्ति शर्मा (13) के साथ पांचवें विकेट के लिए 8 गेंदों में 21 रन जुटाए। कप्तान 28 गेंदों में 2 छक्कों के साथ 24 रन बनाकर नाबाद रहीं। विपक्षी खेमे से सुल्ताना खातून ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए, जबकि मारूफा अख्तर, नाहिदा अख्तर और राबिया खान ने ने 1-1 विकेट चटकाया।

इसके जवाब में बांग्लादेशी टीम निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 109 रन ही बना सकी। दिलारा अख्तर ने जुवैरिया फिरदौस के साथ पहले विकेट के लिए 33 गेंदों में 26 रन जोड़े। फिरदौस 14 रन बनाकर आउट हुईं, जिसके बाद शोभना मोस्तरी (18) ने कप्तान निगार सुल्ताना (19) के साथ तीसरे विकेट के लिए 31 रन जोड़कर टीम को 66 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद बांग्लादेशी टीम बिखर गई।

## बांग्लादेश के खिलाफ शांत रहते हुए पारी को बढ़ाने की कोशिश की: शेफाली वर्मा

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशिया कप 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। गुरुवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम की जीत में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की 64 रनों की विस्फोटक पारी की अहम भूमिका रही।



शेफाली को उनकी बेहतरीन पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वर्मा ने कहा कि उन्होंने गुरुवार को यहां महिला एशिया कप सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ मैच जिताने वाली 64 रन की पारी के दौरान मुश्किल बैटिंग पिच के हिसाब से खुद को ढालते हुए शांत रहने और टीम के लिए योगदान देने पर ध्यान दिया।

# ब्रेक ने मेरी गेंदबाजी को प्रभावित किया

### दलीप ट्रॉफी फाइनल के बाद मोहम्मद सिराज का बयान

**चेन्नई ।** दलीप ट्रॉफी 2026 का फाइनल मुकाबला ईशान किशन की कप्तानी वाली ईस्ट जोन और तिलक वर्मा की कप्तानी वाली साउथ जोन के बीच एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला गया। ईस्ट जोन विजेता रही। साउथ जोन की तरफ से खेल रहे भारतीय टीम के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज इस मुकाबले में प्रभावी नहीं रहे। मोहम्मद सिराज ने मैच में कुल 41ओवर गेंदबाजी की और महज 1 विकेट ले पाए। इस दौरान उन्होंने 187



रन लुटाए। सिराज के गेंदों की गति भी 125-130 किलोमीटर/घंटा के बीच रही। भारतीय टेस्ट टीम के नियमित और प्रभावी तेज गेंदबाज सिराज का यह प्रदर्शन निराशाजनक और क्रिकेट विश्लेषकों और फैंस के लिए चौंकाने वाला था। सिराज का मानना है कि श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले उनको मिले 2 महीने के ब्रेक ने उनकी गेंदबाजी को प्रभावित किया है। इसी वजह से श्रीलंका सीरीज के दौरान गाले और कोलंबो में हुए टेस्ट मैचों में उनकी गेंदबाजी की गति भी कम रही।

दलीप ट्रॉफी फाइनल की समाप्ति के बाद सिराज ने कहा, 'मैं पूरी तरह से एक रिदम गेंदबाज हूं। अगर मैं अपने रंग में नहीं हूं, तो मैं क्रीज से तेजी से नहीं निकल सकता। श्रीलंका में यही मुश्किल थी - मेरा रन-अप बिखरा हुआ लग रहा था। कुछ स्ट्राइड बहुत छोटे थे, कुछ बहुत लंबे, और इससे मेरा फ्लो टूट गया। इससे मेरी गति पर असर पड़ा।'

सिराज ने कहा, 'हर गेंदबाज का शरीर अलग होता है। मेरा शरीर लंबे ब्रेक को अच्छी तरह नहीं झेल पाता। छोटा ब्रेक ठीक है। दस साल के करियर में, मैंने कभी पूरे दो महीने की छुट्टी नहीं ली थी। मैं जिम में वर्कआउट कर रहा था और कभी-कभी गेंदबाजी भी कर रहा था, लेकिन कितना भी अभ्यास कर लो, मैच वाली स्थिति नहीं बनती। यह एक नया अनुभव था। यह मेरे आगे के करियर के लिए बेहद अहम था।'

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने कहा, 'हम सीधे श्रीलंका से आए थे, जहां हमने दूसरे टेस्ट में साढ़े तीन दिन फील्डिंग की, और एक सप्ताह के अंदर, हम यहां चेन्नई की चिलचिलाती गर्मी में खेल रहे थे। यह पैशन पर निर्भर है। जब आप अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं, तो आप बहाने नहीं बना सकते। आपको अपनी टीम और देश के लिए पूरी कोशिश करनी होती है। मुझे विकेट नहीं मिला, लेकिन यह अनुभव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम आएगा।' सिराज की गेंदबाजी पहली पारी की तुलना में दूसरी पारी में बेहतर रही।

उन्होंने कहा, 'पहली पारी में, पिच फ्रेश लग रही थी, इसलिए मैंने बहुत तेज गेंदबाजी करने की कोशिश की।

यूएस ओपनः सबालेंका ने पेगुला को हराकर फाइनल में जगह बनाई

# लगातार तीसरे खिताब से एक जीत दूर



**न्यूयॉर्क ।** टॉप सीड एरिना सबालेंका लगातार तीसरा यूएस ओपन खिताब जीतने से मात्र एक जीत दूर हैं। टॉप सीड एरिना सबालेंका ने सेमीफाइनल में तीसरी सीड अमेरिकी जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन 2026 के महिला एकल के फाइनल में जगह बना ली है। आर्थर ऐश स्टेडियम कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में एरिना सबालेंका ने जेसिका पेगुला को 7-5, 6-2 से हराकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। सबालेंका ने अपने शानदार सर्विस गेम और जबरदस्त ग्राउंडस्ट्रोक से पेगुला को कभी भी मुकाबले में आने ही नहीं दिया। हार के साथ ही पेगुला का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सपना टूट गया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने ज्यादा कुछ नहीं दिया, शानदार सर्व करते हुए मैच को 12वें गेम तक सर्व पर बनाए रखा, जिसमें सबालेंका 6-5 से आगे थीं। सबालेंका के जोरदार ग्राउंडस्ट्रोक के बाद पेगुला 0-40 से पीछे हो गईं और अंततः पहला सेट एरिना के नाम रहा। उन्होंने दूसरे सेट में भी मोमेंटम बनाए रखा, पेगुला के संदिग्ध दूसरे सर्व पर अटैक किया और कॉर्नर में लेजर फोरहैंड मारकर 3-1 की बढ़त के लिए जरूरी ब्रेक हासिल किया।

आठवें गेम तक बाकी सेट सर्व पर ही चला, जब पेगुला ने मैच पॉइंट देने के लिए लंबा रिटर्न मारा। सबालेंका ने एक और जबरदस्त फोरहैंड मारकर जीत पक्की कर दी। साबालेंका ने अपनी जीत में सात एस और 29 विनर लगाए।

### राजीव राम ने पुरुष डबल्स सेमीफाइनल में हार के बाद लिया संन्यास

**न्यूयॉर्क ।** पूर्व डबल्स वर्ल्ड नंबर 1 राजीव राम ने टेनिस को अलविदा कह दिया है। राम और जो सैलिसबरी की जोड़ी को छठी सीड वाली जर्मन जोड़ी ने यूएस ओपन 2026 के डबल्स के सेमीफाइनल में हराया। इस हार के साथ ही राजीव राम ने टेनिस को अलविदा कहा। 2021 से 2023 तक हर साल यूएस ओपन डबल्स का खिताब जीतने वाली राम और सैलिसबरी की जोड़ी को केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज से 6-3, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। यूएसटीए के सीईओ क्रेग टिली और यूएस ओपन टूर्नामेंट के निदेशक एरिक बुटोरैक ने राजीव राम को उनके बेहतरीन करियर के लिए बधाई दी। बता दें कि



टिली, इलिनोइस यूनिवर्सिटी में राम के कॉलेज कोच हैं, जबकि एरिक उनके पूर्व डबल्स पार्टनर रहे हैं।

राम और उनके लंबे समय के डबल्स पार्टनर सैलिसबरी टूर्नामेंट के इतिहास में अकेले ऐसे जोड़ी हैं जिन्होंने मेन्स डबल्स में तीन बार जीत हासिल की है। इंडियाना के रहने वाले राम ने लगातार 26 बार यूएस ओपन पुरुष डबल्स खेला है। यह अपने आप में ऐतिहासिक है।

राजीव राम ने सेमीफाइनल के बाद कहा, 'वह इस खेल को अलविदा कहने का इससे बेहतर तरीका सोच भी नहीं सकते थे।'

यूएसओपन.ओआरजी से बात करते हुए राजीव राम ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो, इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। मेरा परिवार, मेरी पत्नी और मेरी मां वहां थीं।

## सबालेंका के खिलाफ फाइनल में पूरी ऊर्जा के साथ उतरना होगा: एलेना

**न्यूयॉर्क ।** यूएस ओपन 2026 महिला एकल का फाइनल दुनिया की नंबर 1 एलेना रायबाकिना और नंबर 2 एरिना सबालेंका के बीच रविवार (आईएसटी के मुताबिक) को होना है। रायबाकिना पहली बार फाइनल में पहुंची हैं, जबकि सबालेंका लगातार अपना तीसरा यूएस ओपन खिताब जीतने की कोशिश में हैं। सेमीफाइनल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में सबालेंका के साथ होने वाले फाइनल को लेकर रायबाकिना ने कहा, 'मुझे सबालेंका के खिलाफ



अपनी पूरी ऊर्जा लगानी होगी। हम कई बार खेले हैं। हमने पहले भी अभ्यास किया है। वह बहुत आक्रामक खिलाड़ी हैं।' उन्होंने कहा, 'उनके साथ मानसिक और शारीरिक रूप से खेलना मुश्किल है। उनका गेम बड़ा है, सर्व बड़ा है, और मुझे अपनी पूरी ऊर्जा के साथ आना होगा। एरिना के खिलाफ अपनी बेस्ट सर्व लानी होगी और सही समय पर सही फैसले लेने होंगे क्योंकि ज्यादातर समय स्कोर टाइट होता है और यहीं पर फैसले से फर्क पड़ता है। हम देखेंगे कि क्या होने वाला है, लेकिन मैं निश्चित रूप से अपनी पूरी कोशिश करूंगी और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी।'

# बायर्न ने चैंपियंस लीग के पहले मैच में बोडो/ग्लिम्ट को 5-0 से हराया

**बर्लिन ।** जमाल मुसियाला ने बायर्न म्यूनिख की शुरुआती लाइनअप में वापसी करते हुए पहला गोल किया। इसकी मदद से जर्मन टीम ने यूईएफए चैंपियंस लीग में बोडो/ग्लिम्ट को 5-0 से हरा दिया। बायर्न ने शुरू से ही गेंद पर कब्जा बनाए रखा, लेकिन शुरुआत में मेहमान टीम की पांच लोगों की डिफेंसिव लाइन को तोड़ने में संघर्ष किया। लुइस डियाज को पांच मिनट बाद पहला हाफ में मौका मिला, जोशुआ किमिच के क्रॉस पर उन्होंने पास से हेडर मारा, लेकिन गोलकीपर निकिता हाइकिन ने उसे बचा लिया। किमिच का 22 मीटर का शॉट 33वें मिनट में पोस्ट के बाहर लगा, इससे पहले हाइकिन ने पहले हाफ के आखिर में मुसियाला और फिर किमिच को रोका। हाइकिन, जिन्हें बाद



में सेव करते समय कमर में दिक्कत हुई, उनकी जगह हाफटाइम में जूलियन फे लुंड ने ले ली, और बायर्न को रीस्टार्ट के बाद सिर्फ दो मिनट में ही बढ़त मिल गई।

हैरी केन को रोकने की कोशिश में व ब्लॉक हो गई, लेकिन मुसियाला ने लूज बॉल को पकड़ा और अपना शॉट बाएं कोने में मार दिया। केन ने 61वें मिनट में माइकल ओलिस की फ्री-किक डिलीवरी पर फे लुंड के पास से हेडर मारकर बढ़त दोगुनी कर दी। अल्फांसो डेविस ने 77वें मिनट में 17-मीटर का स्ट्राइक करके मैच को आसानी से खत्म कर दिया, जिसके छह मिनट बाद ओलिस ने लेनार्ट कार्ल के पास पर बायर्न के लिए चौथा गोल किया।

# डब्ल्यूबीबीएल सीजन 12: एडिलेड स्ट्राइकर्स में लौटीं सोफी एक्लेस्टोन, ऐसा रहा इनका रिकॉर्ड

**एडिलेड ।** इंग्लैंड की स्टार खिलाड़ी सोफी एक्लेस्टोन विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) सीजन 12 के लिए एडिलेड स्ट्राइकर्स में वापसी करेंगी। 27 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर ने पिछले सीजन में स्ट्राइकर्स के लिए डेब्यू किया था और वह एक बार फिर टीम की बॉलिंग लाइन-अप में अनुभव और गुणवत्ता जोड़ेंगी। विमेंस बिग बैश लीग का आगामी सीजन 29 अक्टूबर से 5 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। पहले मैच में मेलबर्न रेनेगेड्स और सिडनी सिक्सर्स की टीमें आमने-सामने होंगी। एडिलेड स्ट्राइकर्स 31 अक्टूबर को कैरन रोल्टन ओवल में मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।



एक्लेस्टोन ने एडिलेड स्ट्राइकर्स में वापसी पर खुशी जताते हुए कहा, 'मैं टीम के साथ दोबारा जुड़ने और पिछले सीजन में हासिल की गई कामयाबियों को आगे बढ़ाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। हम अगला कदम उठाने और फाइनल में जगह बनाने की कोशिश के लिए खुद को मजबूत स्थिति में लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

' स्ट्राइकर्स के कोच ल्यूक विलियम्स ने कहा कि एक्लेस्टोन की वापसी से टीम को बहुत मजबूती मिलेगी। विलियम्स ने कहा, 'सोफी एक वर्ल्ड-क्लास खिलाड़ी हैं। उनका हुनर, अनुभव और दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की काबिलियत उन्हें हमारी टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी बनाती है।

**संक्षिप्त समाचार**

## सरकारी जमीन पर नहीं रहेगा मंदिर, दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रियदर्शनी विहार अवैध मंदिर के मामले में खारिज की याचिका




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रियदर्शनी विहार में नर्सरी स्कूल के लिए आवंटित जमीन पर बने मंदिर को बनाए रखने की मांग वाली याचिका दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ ने कहा कि मंदिर बिना मंजूरी के और सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से बनाया गया था और इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है। डीडीए के 2021 के फैसले को रद करने की थी मांग याचिकाकर्ता संस्था ने कोर्ट से डीडीए के 2021 के फैसले को रद करने और वहां बने मंदिर को बनाए रखने की मांग की थी। कोर्ट ने पाया कि यह जमीन मूल रूप से नर्सरी स्कूल के लिए तय की गई थी। इलाके को विकसित कर रहे अमेरिकन एम्बेसी एम्प्लाइज कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी ने बाद में मंदिर बनाने के लिए जमीन के आवंटन की मांग की थी। 1987 में अलग धार्मिक सोसाइटी बनाने को कहा था डीडीए ने 1987 में सोसायटी से एक अलग धार्मिक सोसायटी बनाने और आवंटन के लिए आवेदन करने के लिए कहा था। इसके बाद याचिकाकर्ता-सोसायटी बनाई गई। बिना मंजूरी मंदिर निर्माण को कोर्ट ने माना अवैध हालांकि, फैसले के मुताबिक, उसने 1991-92 में बिना जमीन के इस्तेमाल में बदलाव या डीडीए से मंजूरी लिए बगैर अवैध रूप से मंदिर का निर्माण किया।

## दिल्ली के कड़कड़डूमा कम्युनिटी सेंटर के पास ताबड़तोड़ फायरिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार थाना क्षेत्र में कड़कड़डूमा कम्युनिटी सेंटर के पास फायरिंग की घटना में दो युवक गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल दोनों युवक हाईपर कैफे में पार्टी करके घर लौट रहे थे। वहीं, घायलों की पहचान ल मुरादनगर निवासी अफसर और सीलमपुर निवासी इरशाद के रूप में हुई है। दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है और चिकित्सकों के अनुसार, वे खतरे से बाहर हैं। आशंका है रंजिश में वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया कि हेडगेवार अस्पताल से आनंद विहार थाना पुलिस को दो घायलों के भर्ती होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। दोनों के शरीर के पिछले हिस्से में गोली लगी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कम्युनिटी सेंटर के पास किसी घटना के दौरान दोनों को गोली लगी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस फायरिंग के कारण और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। घायलों से भी घटना के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद फायरिंग की पूरी वजह और घटनाक्रम स्पष्ट हो सकेगा।

## दिल्ली में बदलेगा मौसम का मिजाज, झमाझम बारिश के आसार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले कई दिनों से राजधानी में मौसम साफ रहने के साथ ही तापमान में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है। लेकिन, शुक्रवार से मौसम का मिजाज बदलने और अगले कुछ दिनों तक हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा होने का पूर्वानुमान है। इसका अर्थ यह है कि ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान राजधानी में बारिश हो सकती है। बृहस्पतिवार को सुबह से ही धूप खिली रही। बीते छह दिनों में अधिकतम तापमान में नौ डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। पांच सितंबर को अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो बृहस्पतिवार को बढ़कर 36.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, पिछले तीन दिनों से उत्तर-पश्चिमी हवा चलने के कारण इस क्षेत्र से मानसूनी गतिविधियां कम हो गई थीं। अब बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

# ट्रैफिक पुलिस अगर आपकी गाड़ी उठा ले जाए, तो न हों परेशान, बस 1 क्लिक में ऑनलाइन मिलेगी लोकेशन, क्यूआर से भर सकेंगे चालान


**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में अब ट्रैफिक पुलिस आपकी गाड़ी टो कर लेती है तो परेशान होने की जरूरत नहीं। गाड़ी टो होने के बाद उसकी लोकेशन पता करने के लिए अब ट्रैफिक पुलिस के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की अपग्रेडेड वेबसाइट पर वाहन मालिक ऑनलाइन अपने टो किए गए वाहन की लोकेशन देख सकेंगे। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बृहस्पतिवार को इस नए पोर्टल का शुभारंभ किया।

अपग्रेडेड वेबसाइट पर वाहन मालिक अपने टो किए गए वाहन की लोकेशन ऑनलाइन ट्रैक कर सकेंगे। इसके अलावा वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज कर उसके खिलाफ जारी चालान की जानकारी भी देखी जा सकेगी। चालान का भुगतान क्यूआर कोड के जरिए करने की सुविधा भी पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है।

नई वेबसाइट को मोबाइल फ्रेंडली बनाया गया है। इसे स्मार्टफोन, टैबलेट और अन्य डिवाइस पर इस्तेमाल किया जा सकता है। पोर्टल पर ट्रैफिक जाम की रीयल टाइम जानकारी भी उपलब्ध होगी। इसके जरिए वाहन चालक अपने सफर के लिए उपयुक्त रूट की पहचान कर सकेंगे।

वेबसाइट पर सड़क संकेतों और रोड मार्किंग की जानकारी देने वाला इंटरैक्टिव सेक्शन भी जोड़ा गया है। इससे लोग ट्रैफिक नियमों और सड़क संकेतों को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे।



पोर्टल में साइबर सुरक्षा के उपायों को भी मजबूत किया गया है, जिससे उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित डिजिटल इंटरफेस उपलब्ध कराया जा सके।

वेबसाइट के शुभारंभ के दौरान उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म सिर्फ प्रशासनिक इंटरफेस तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसे सड़क सुरक्षा जागरूकता, नागरिक शिक्षा और नागरिकों की भागीदारी के लिए इंटरैक्टिव केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस आयुक्त, विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक), संयुक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक), अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) और डीसीपी मौजूद रहे।

## दिल्ली प्रमोद हत्याकांड: नरेला पुलिस शूटरों से करेगी गहन पूछताछ, खुलेंगे कई राज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली में नरेला के बाकनेर में प्रॉपर्टी डीलर प्रमोद की हत्या के मामले में नरेला थाना पुलिस गिरफ्तार शूटरों से पूछताछ करेगी। रोहिणी जिला पुलिस ने मुठभेड़ के बाद नीतिक, दीपक और किशोर को आर्म्स एक्ट व हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अब नरेला पुलिस अदालत से प्रोडक्शन रिमांड लेकर तीनों को पूछताछ के लिए अपने कब्जे में लेगी। पुलिस का मुख्य उद्देश्य हत्या की साजिश रचने वाले व्यक्ति, शूटरों को टारगेट की जानकारी देने वाले और वारदात के बाद उन्हें निर्देश देने वालों का पता लगाना है। हथियार उपलब्ध कराने वाले जसवीर की भूमिका की भी जांच की जा रही है। वहीं, जांच में सामने आया है कि शूटर सुपारी लेकर हत्या करते थे और एक वारदात के लिए करीब पांच लाख रुपये तक लेते थे। पुलिस हिमांशु भाऊ और नीरज फरीदपुरी गिरोह से उनके कथित संपर्क तथा राजस्थान में फरारी के दौरान उन्हें पनाह देने वालों की भी जानकारी जुटाएगी।



## शिल्प और संस्कृति की झलक: ब्रिक्स बाजार में अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकेंगे देश भर के कारीगर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचने वाले विदेशी मेहमानों को भारत की समृद्ध शिल्प परंपरा से रूबरू कराने के लिए विशेष ब्रिक्स बाजार सजाया जाएगा।




बाजार में देश के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प और लोक शिल्प को प्रदर्शित किया जाएगा। इसका उद्देश्य विदेशी प्रतिनिधियों को भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाने के साथ स्थानीय कारीगरों की हुनरमंदी को अंतरराष्ट्रीय मंच देना है। ब्रिक्स बाजार में अलग-अलग राज्यों के शिल्प की अपनी अलग पहचान नजर आएगी। कहीं मिट्टी और लकड़ी से तैयार कलाकृतियां आकर्षित करेंगी तो कहीं हाथ से बुने वस्त्र, पारंपरिक आभूषण, धातु शिल्प और सजावटी सामान भारतीय कारीगरी की बारीकी बयां करेंगे। बाजार में देश के अलग-अलग हिस्सों से जुड़े शिल्प को इस तरह प्रस्तुत किया जाएगा कि विदेशी मेहमान एक ही स्थान पर भारत की विविध कला परंपराओं को करीब से देख सकें। ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसके मद्देनजर प्रमुख म्यूजियम जैसे सुप्रीम कोर्ट स्थित मेट्रो म्यूजियम और राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र को 13 सितंबर तक आम लोगों के लिए बंद रखा गया है। सुरक्षा कारणों से इन स्थानों पर पर्यटकों और अन्य आगंतुकों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। मेट्रो म्यूजियम और राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र दिल्ली आने वाले पर्यटकों के पसंदीदा स्थानों में शामिल हैं। सामान्य दिनों में यहां दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड, बिहार और मध्य प्रदेश सहित दूसरे राज्यों से भी लोग पहुंचते हैं। छुट्टियों और सप्ताहांत में बड़ी संख्या में परिवार बच्चों के साथ यहां आते हैं। वहीं, दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों की ओर से भी विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए इन स्थानों पर लाया जाता है।

# पत्नी सबीला खातून की हत्या कर बाथरूम में छिपाई लाश, दिल्ली पुलिस ने बिहार से आरोपी पति को दबोचा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में पत्नी की हत्या कर शव बाथरूम में छिपाने और बेटे को लेकर फरार होने के आरोपी मोहम्मद लाल बाबू को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के बाद आरोपी लगातार पुलिस को चकमा देता रहा।

पुलिस को उसके बिहार के सीतामढ़ी स्थित गृह नगर में छिपे होने की आशंका थी। इसके बाद पुलिस की एक टीम वहां पहुंची, लेकिन वह पहले ही किसी रिश्तेदार के यहां चला गया था। कई संभावित ठिकानों पर दबिश देने के बाद पुलिस ने आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, प्रहलादपुर बांगर गांव स्थित मकान नंबर 416 के बाथरूम से 22 वर्षीय सबीला खातून का शव 29 अगस्त को बरामद हुआ था। आशंका है कि मोहम्मद लाल बाबू ने घटना से 1-2 दिन पहले सबीला की हत्या की थी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में छिपाकर वह अपने कुछ माह के बेटे को लेकर फरार हो गया।

शव बरामद होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो आरोपित के बिहार भागने की जानकारी सामने आई। पुलिस के मुताबिक, आरोपित बार-बार अपना ठिकाना बदलकर टीम को गुमराह करता रहा। आखिरकार बृहस्पतिवार को उसे दबोच लिया गया।

**2 साल पहले किया था निकाहत्न**

वहीं, जांच में सामने आया है कि सबीला और मोहम्मद लाल बाबू ने करीब दो साल पहले निकाह किया था। शादी के बाद से ही



दोनों के बीच किसी न किसी बात को लेकर विवाद रहता था। हालांकि, हत्या की वास्तविक वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

पुलिस आरोपित से पूछताछ कर घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी है। वहीं, मृतका के भाई गुलाब का कहना है कि बहन के घर पहुंचने पर उसे घटना की जानकारी हुई और उसने ही पुलिस को सूचना दी थी।

### मामले में एक महिला की भूमिका की हो रही जांच

भूमिका भी जांच के दायरे में है। पुलिस को जानकारी मिली है कि घटना के समय वह घर में मौजूद थी। उसकी पहचान और मोहम्मद लाल बाबू से उसके संबंधों के बारे में पता लगाया जा रहा है। साथ ही, फरारी के दौरान आरोपी कहां-कहां रहा और किन लोगों ने उसे शरण दी, इसकी भी जांच की जा रही है। पुलिस पूछताछ के बाद हत्या की वजह और पूरे घटनाक्रम का पता चलने की उम्मीद है।

## तपती धरती, उबलते समंदर: अगस्त बना इतिहास का सबसे गर्म महीना, पूर्वी यूरोप में गंभीर सूखे की स्थिति



**जेनेवा, एजेंसी।** वैश्विक स्तर पर जलवायु संकट ने एक बार फिर खतरे की घंटी बजा दी है। यूरोपीय संघ की प्रमुख निगरानी संस्था कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2026 जुलाई 2023 के साथ संयुक्त रूप से इतिहास का सबसे गर्म महीना दर्ज किया गया है। इस दौरान दुनिया का औसत वायु तापमान 16.96 डिग्री सेल्सियस रहा, जो 1991-2020 के औसत से 0.85 डिग्री सेल्सियस और पूर्व-औद्योगिक काल (1850-1900) की तुलना में 1.65 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह अप्रत्याशित गर्मी जीवाश्म ईंधन (कोयला, तेल, गैस) के जलने से वायुमंडल में लगातार बढ़ रही ग्रीनहाउस गैसों और भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में सक्रिय हो रही मजबूत अल नीनो परिस्थितियों का मिला-जुला नतीजा है। महासागरों का तापमान भी रिकॉर्ड स्तर पर है। 60 डिग्री दक्षिण से 60 डिग्री उत्तर के बीच गैर-ध्रुवीय महासागरों का औसत सतही तापमान 21.07 डिग्री दर्ज किया। इसने अगस्त 2023 में बने 20.98 डिग्री के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

# जेल में बिगड़ी मादुरो की पत्नी की सेहत: 11 किलो वजन घटा; दिल की बीमारी के बीच घर में नजरबंदी की मांग

**अल्बानी, एजेंसी।** वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की पत्नी और देश की पूर्व प्रथम महिला सीलिया फ्लोरेस ने अमेरिका की अदालत से जेल से बाहर आने की मांग की है। 69 वर्षीय फ्लोरेस इस समय ब्रुकलिन की संघीय जेल में बंद हैं। उनके वकीलों ने कहा है कि जेल में रहने के दौरान उनकी दिल की बीमारी और बिगड़ गई है। इसलिए उन्हें मुकदमे की सुनवाई तक जेल के बजाय घर में नजरबंद रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। फ्लोरेस के वकीलों ने बुधवार को अदालत में आवेदन दिया है। उन्होंने मैनहट्टन संघीय अदालत के क्षेत्र में घर में रखने की मांग की। अगले साल जून में फ्लोरेस और मादुरो का मुकदमा होना है। घर में रहने के दौरान 24 घंटे सशस्त्र निगरानी की बात कही गई है। वकीलों मार्क डोनेली और एंड्रेस सांचेज ने अदालत को बताया कि घर में रहने की अनुमति मिलने पर फ्लोरेस की कड़ी निगरानी की जाएगी। उनके मुताबिक, उन्हें 24 घंटे सशस्त्र सुरक्षा में रखा जाएगा। उनसे मिलने वाले लोगों को अदालत और संघीय अभियोजकों से मंजूरी लेनी होगी। घर में वीडियो के जरिये निगरानी होगी और उनके फोन कॉल रिकॉर्ड किए जाएंगे। यानी वकील जेल से बाहर आने की मांग कर रहे हैं, लेकिन पूरी तरह खुली आजादी नहीं। फ्लोरेस कई वर्षों से माइट्रल वाल्व प्रोलैप्स नाम की दिल की बीमारी से जूझ रही हैं। वकीलों का कहना है कि




गिरफ्तारी के बाद से उन्हें इस बीमारी को संभालने के लिए जरूरी मासिक इंजेक्शन नहीं मिला है। इसके बजाय उन्हें बेबी एस्पिरिन, स्टैटिन और डिल्टियाजेम दी जा रही हैं, जबकि सीने में दर्द होने पर नाइट्रोग्लिसरीन लेने को कहा गया है। फ्लोरेस लगातार रिफ्लक्स और गैस्ट्राइटिस से भी परेशान हैं। जेल में रहते हुए उनके दो दांत निकल चुके हैं। उनका वजन 11.3 किलोग्राम से ज्यादा कम हो गया है। डॉक्टरों ने उन्हें कार्डियक कैथेटराइजेशन कराने की सलाह दी है। फ्लोरेस और उनके पति निकोलस मादुरो को जनवरी की शुरुआत में काराकास स्थित उनके घर से अमेरिकी बलों ने आधी रात की कार्रवाई में हिरासत में लिया था। इसके बाद दोनों को न्यूयॉर्क लाया गया। अमेरिका ने दोनों पर कोकीन को अमेरिका पहुंचाने की साजिश में शामिल होने के आरोप लगाए हैं। दोनों ने इन आरोपों में खुद को निर्दोष बताया है। अलग अदालत में दाखिल एक याचिका में दोनों ने अपने खिलाफ आरोपपत्र खारिज करने की मांग भी की है। उनका कहना है कि किसी विदेशी देश के नेता और प्रथम महिला होने के कारण उन्हें कानूनी छूट यानी इम्युनिटी हासिल है। अभी अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने फ्लोरेस की घर में नजरबंदी की मांग पर जवाब दाखिल नहीं किया है। मैनहट्टन स्थित अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के प्रवक्ता ने भी टिप्पणी करने से इनकार किया है। जज एल्विन के. हेलरस्टीन ने फ्लोरेस की मांग पर अभी कोई फैसला नहीं सुनाया है।वकीलों ने यह भी माना है कि जेल के कर्मचारियों ने फ्लोरेस और मादुरो के साथ बेहद सम्मानजनक व्यवहार किया है और उन्हें जेल तथा अस्पताल में मेडिकल विशेषज्ञों से अच्छी देखभाल मिली है। लेकिन उनका तर्क है कि हिरासत केंद्र में दिल की किसी प्रक्रिया के बाद ठीक होने के लिए जरूरी माहौल नहीं है। अगर कैथेटराइजेशन या आगे कोई दिल की प्रक्रिया होती है, तो फ्लोरेस को स्वस्थ होने के लिए पर्याप्त समय और बेहतर माहौल की जरूरत होगी।

# पुतिन का प्लेन नहीं, कमांड सेंटर: किसमें हैं रूसी राष्ट्रपति पहचानना मुश्किल

**मॉस्को, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत पहुंचे हैं। लेकिन उनकी यात्रा में सिर्फ कूटनीतिक मुलाकातें ही चर्चा में नहीं हैं। उनके भारत आने के तरीके ने भी लोगों का ध्यान खींचा है। पुतिन जिस खास विमान से यात्रा करते हैं, उसकी सुरक्षा व्यवस्था इतनी गोपनीय रखी जाती है कि बाहर से यह पता लगाना मुश्किल होता है कि राष्ट्रपति आखिर किस विमान में सवार हैं। हाल की रिपोर्टों में उनके विमान को 'फ्लाइंग क्रेमलिन' भी कहा गया है।इस यात्रा के दौरान खास बात यह रही कि पुतिन के साथ एक जैसा दूसरा विमान भी उड़ता दिखाई दिया।

दोनों का मॉडल, रंग और बाहरी डिजाइन एक जैसा था। यानी आसमान से देखने वाले के लिए दोनों में अंतर करना आसान नहीं था। यही पूरी सुरक्षा रणनीति का सबसे अहम हिस्सा है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने मॉस्को से आईएल-96-300पीयू मॉडल के दो एक जैसे विमानों के साथ भारत के लिए उड़ान भरी। इनमें से




एक विमान में राष्ट्रपति होते हैं, जबकि दूसरा डिकॉय विमान के तौर पर साथ उड़ता है। इसका मकसद यह भ्रम बनाए रखना है कि पुतिन वास्तव में किस विमान में मौजूद हैं। दोनों विमान एक ही मॉडल के होते हैं और उनका रंग-रूप भी एक जैसा रखा जाता है, ताकि बाहर से पहचान करना मुश्किल रहे। दोनों विमान एक साथ उड़ान भरते हैं और पुतिन इनमें से किसी एक में होते हैं, लेकिन कौन से विमान में हैं, यह सार्वजनिक तौर पर पता नहीं चलता। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा फायदा यही है कि किसी संभावित हमलावर के लिए पहले यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि राष्ट्रपति किस विमान में यात्रा कर रहे हैं। राष्ट्रपति के विमान की वास्तविक पहचान की जानकारी उनकी सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों तक ही सीमित रहती है।

**क्या रडार पर भी दोनों विमानों को लेकर भ्रम पैदा किया जाता है-** दी गई जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ दो एक जैसे विमान उड़ाने तक सीमित नहीं है। दोनों विमानों के रडार सिग्नल में भी समय-समय पर बदलाव होता है। कभी एक विमान का सिग्नल बंद दिखाई देता है तो कभी दूसरे का। कुछ समय के लिए दोनों विमान ट्रैकिंग सिस्टम पर दिखाई नहीं देते। यही वजह है कि केवल सार्वजनिक फ्लाइट ट्रैकिंग के आधार पर यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि पुतिन किस विमान में हैं।

### कजाकिस्तान यात्रा में भी दिखी थी ऐसी ही रणनीति

कजाकिस्तान की यात्रा के दौरान दोनों विमानों को फ्लाइट ट्रैकर पर एक-दूसरे के बेहद करीब उड़ते देखा गया था। दोनों विमान लगभग एक ही गति से उड़ रहे थे, जिससे यह पहचानना और मुश्किल हो गया कि राष्ट्रपति किस विमान में हैं। उस समय दोनों विमानों की पहचान आरएसडी221 और आरएसडी369 के तौर पर हुई थी। इसके बावजूद सार्वजनिक ट्रैकिंग से यह स्पष्ट नहीं हो सका कि पुतिन इनमें से किस विमान में सवार थे। पुतिन का विमान आईएल-96-300पीयू सामान्य यात्री विमान का साधारण रूप नहीं है। यह आईएल-96-300 का विशेष रूप से तैयार किया गया संस्करण है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, पीयू का इस्तेमाल रूसी राष्ट्रपति के विशेष विमान के तौर पर होता है। इस विमान की सबसे महत्वपूर्ण खासियत उसकी सुरक्षित संचार व्यवस्था बताई जाती है। इसमें सैटेलाइट फोन और ऐसी विशेष संचार सुविधाओं का जिक्र है, जिनकी मदद से राष्ट्रपति यात्रा के दौरान भी रूस से संपर्क में रह सकते हैं। विमान को मिसाइल हमले से बचाने के लिए विशेष सुरक्षा उपकरणों से लैस बताया गया है। इसी वजह से इसे आम राष्ट्रपति विमान से कहीं ज्यादा सुरक्षित और विशेष विमान माना जाता है। विमान में सैटेलाइट फोन और विशेष संचार व्यवस्था मौजूद होने की जानकारी दी गई है, ताकि यात्रा के दौरान भी संपर्क बना रहे। इसमें मिसाइल हमले से बचाने वाली विशेष सुरक्षा व्यवस्था का जिक्र है, जो विमान की सुरक्षा को मजबूत बनाती है। इस विमान को रूस की परमाणु ताकत को नियंत्रित करने में सक्षम विशेष कमांड विमान के तौर पर भी बताया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### रिश्वत के आरोपित धनबाद के पूर्व सहायक श्रम आयुक्त को हाईकोर्ट से राहत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के पूर्व सहायक श्रम आयुक्त को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। रिश्वतखोरी के आरोप में ट्रायल कोर्ट से हुई सजा को हाईकोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में रद्द करते हुए उन्हें बरी कर दिया है। मामला छात्रवृत्ति से जुड़ा था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि छात्रवृत्ति स्वीकृत करने के नाम पर अधिकारी ने रिश्वत मांगी थी। इसी शिकायत पर एसीबी ने जाल बिछाकर कार्रवाई की थी और निचली अदालत ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 13(1)(डी) के तहत 2-2 साल की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट में अपील के दौरान बचाव पक्ष ने दलील दी कि शिकायतकर्ता खुद संदेह के घेरे में था। पूर्व में शिकायतकर्ता के खिलाफ 50,700 रुपये की छात्रवृत्ति हड़पने की जांच रिपोर्ट दी गई थी। इसके अलावा अधिकारी के पास छात्रवृत्ति स्वीकृत करने का अधिकार ही नहीं था, यह अधिकार विकासखंड शिक्षा अधिकारी को दिया गया था। अदालत ने पाया कि रिकॉर्डेड बातचीत में रिश्वत मांगने की स्पष्ट बात नहीं है और आरोपों के समर्थन में ठोस सबूत नहीं मिले हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मामला दुश्मनी और झूठे केस में फंसाने का भी हो सकता है। संदेह का लाभ देते हुए अदालत ने पूर्व सहायक श्रम आयुक्त को बरी कर दिया।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत जमुआटांड में ई-रिक्शा का वितरण



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाघमारा विधानसभा अंतर्गत जमुआटांड पंचायत के ग्राम खमारगोडा स्थित प्रखंड स्तरीय प्लास्टिक प्रबंधन इकाई केंद्र में स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत ई-रिक्शा का वितरण किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने ई-रिक्शा का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस ई-रिक्शा के माध्यम से पंचायत क्षेत्र में घर-घर से गीले एवं सूखे कचरे का संग्रहण कर उसे प्लास्टिक प्रबंधन इकाई केंद्र तक पहुंचाने में सुविधा होगी। इस पहल से गांवों में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी, कचरे का उचित प्रबंधन होगा और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण होगा और ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम में जमुआटांड मुखिया निरंजन गोप, राजगंज मुखिया बंदना नरूर, रंगूनी मुखिया अनीता देवी, मोहलीडीह मुखिया नूरजहाँ, कपुरिया मुखिया ममता देवी, बांसजोड़ा मुखिया समीर लाला, राजू मंडल, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बिना नंबर का मिनी हाइवा अवैध बालू के साथ जब्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अवैध बालू के कारोबार पर रोक लगाने को लेकर बरवाअड्डा पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के एक मिनी हाइवा को जब्त किया है। पुलिस ने वाहन को बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जीटी रोड से पकड़ा। वाहन में बालू लदा हुआ था और जांच के दौरान चालक के पास बालू परिवहन से संबंधित परमिट और चालान समेत अन्य जरूरी कागजात नहीं मिले। पुलिस के अनुसार, वाहन को रोककर चालक से बालू से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह किसी तरह का कागजात नहीं दिखा सका। जांच में वाहन पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी मिली। इसके बाद पुलिस ने मिनी हाइवा को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करा दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### अनियंत्रित कार घर में घुसी, चालक फरार

**झरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे झरिया-भौंरा चेक पोस्ट के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे स्थित एक घर में जा घुसी। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, टक्कर में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद कार चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, चालक के नशे में होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।

### सोनपुरा में मनाया गया राष्ट्रीय पोषण माह

**कसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड अंतर्गत सोनपुरा पंचायत में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन शुक्रवार को जिला समाज कल्याण विभाग,सहयोगिनी तथा फोर्सेज झारखंड के संयुक्त तत्वावधान हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के बीच स्वास्थ्य, सही खान-पान और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किशोरी समूह की बालिकाओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं गांव की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सहयोगिणी की मंजू देवी ने बताया कि कुपोषण जैसी गंभीर समस्या को जड़ से मिटाने के लिए सही उम्र में सही पोषण मिलना बेहद जरूरी है। विशेषकर किशोरियों और गर्भवती महिलाओं के खान-पान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि आने वाली पीढ़ी पूरी तरह से स्वस्थ और सशक्त बन सके। इस दौरान किशोरी समूह की बालिकाओं ने पोषण और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए और गांव-गांव जाकर अन्य लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। साथ ही जंक फूड से होने वाले नुकसान पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। स्थानीय पौष्टिक आहार को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम मे मंजू देवी, आशा देवी, अनामिका कुमारी सिंह, शिवानी कुमारी, मुस्कान कुमारी, गौरी कुमारी, प्रीति कुमारी, अंजली कुमारी, शांति कुमारी सहित किशोरी शामिल हुई।

### बीएसएल में सतर्कता अभियान के तहत साइबर सुरक्षा सत्र का सफल आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत संचालित तीन माह के प्रिवेंटिव विजिलेंस अभियान के अंतर्गत 11 सितंबर 2026 को प्रोजेक्ट्स सम्मेलन कक्ष में साइबर सुरक्षा एवं साइबर स्वच्छता विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता सत्र का सफल आयोजन किया गया। सतर्कता विभाग द्वारा कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी (सीएंडआईटी) विभाग के सहयोग से आयोजित इस सत्र का मुख्य उद्देश्य दैनिक परिचालन में डेटा सुरक्षा को पुष्ट करना तथा अधिकारियों को उभरते डिजिटल खतरों के प्रति सतर्क करना रहा। इस कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं), मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ, प्रोजेक्ट्स प्रभाग के मुख्य महाप्रबंधक सहित सतर्कता एवं परियोजना विभाग के 47 अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलाने के साथ हुआ। तत्पश्चात तकनीकी सत्र के दौरान सीएंडआईटी विभाग के प्रशिक्षकों - वरिष्ठ प्रबंधक तथा उप प्रबंधक द्वारा संयंत्र के वर्तमान साइबर सुरक्षा ढांचे पर सारगर्भित प्रस्तुतियां दीं गई।

# तेलमोच्चो से सेक्टर-6 तक बनेगी फोरलेन सड़क

## 47.18 करोड़ की परियोजना का शिलान्यास



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेलमोच्चो ब्रिज से सेक्टर-6 टीवी टावर चौक तक फोरलेन सड़क का निर्माण कराया जाएगा। करीब 47.18 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क का शिलान्यास धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने संयुक्त रूप से तेलमोच्चो ब्रिज के पास किया। सड़क का निर्माण सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड से कराया जाएगा और परियोजना को 22 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सड़क बनने के बाद गोला, पेटरवार और रांची की ओर जाने वाले लोगों की राह आसान होगी। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि नई सड़क के बनने से यात्रियों को करीब 15 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ेगी। इससे हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और बोकारो से इन क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। वहीं विधायक श्वेता सिंह ने परियोजना को बोकारो के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि फोरलेन सड़क बनने से क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विधायक के अनुसार, सड़क निर्माण के लिए बीएसएल से एनओसी मिल चुकी है। हालांकि, सेक्टर-11 रेलवे फाटक के पास प्रस्तावित पुल के कारण रेलवे से एनओसी मिलना अभी बाकी है। रेलवे की अनुमति लंबित होने के बावजूद जल्द एनओसी मिलने की उम्मीद जताई गई है। एनओसी मिलने के बाद परियोजना का काम आगे बढ़ेगा। 22 महीने में निर्माण पूरा होने के बाद यह सड़क बोकारो की कनेक्टिविटी को मजबूत करने के साथ गोला, पेटरवार और रांची जाने वाले लोगों के लिए दूरी और समय दोनों कम करने में अहम भूमिका निभाएगी।

# सिटी सेंटर में अतिक्रमण के विरुद्ध बीएसएल का विशेष अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा सिटी सेंटर क्षेत्र में आम लोगों की सुविधा, सुरक्षा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए कॉमन एरिया में किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। ज्ञातव्य है कि विगत दिनों बीएसएल द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से दो बार सार्वजनिक सूचना जारी कर सिटी सेंटर के वैसे प्लॉटधारियों से अपील की गई थी, जिन्होंने बरामदा अथवा कॉमन एरिया में किसी प्रकार का अतिक्रमण कर रखा है, कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटा लें। ऐसे अतिक्रमण के कारण आम लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही थी तथा यह सुरक्षा की दृष्टि से भी उचित नहीं था। इस संबंध में प्रशासन द्वारा हाल में सिटी सेंटर का निरीक्षण भी किया गया था, जिसमें कॉमन एरिया में किए गए अतिक्रमण के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जरूरत सामने आई थी। इसी के आलोक में आज बीएसएल द्वारा पुलिस एवं दंडाधिकारी की उपस्थिति में विशेष अभियान चलाकर कॉमन एरिया में पाए गए अतिक्रमण को हटाया गया। यह अभियान विधि-सम्मत प्रक्रिया के तहत आगे भी जारी रहेगा तथा सिटी सेंटर के कॉमन एरिया में किए गए सभी प्रकार के अतिक्रमण को हटाया जाएगा। यह कार्रवाई आम जनता की सुविधा, सुरक्षा एवं व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। इसके साथ ही सिटी सेंटर के समग्र विकास एवं सुविधाओं के उन्नयन के लिए सड़क मरम्मत, ड्रेनेज सिस्टम के सुधार, पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने सहित अन्य आवश्यक कार्य भी किए जाएंगे, ताकि सिटी सेंटर में आने वाले लोगों एवं व्यवसायियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। बीएसएल की ओर से सिटी सेंटर के सभी प्लॉटधारियों एवं दुकानदारों से पुनः अपील की जाती है कि वे सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए कॉमन एरिया को अतिक्रमणमुक्त बनाए रखने में सहयोग करें ।

# बोकारो इस्पात प्रबंधन की दोहरी नीति का शिकार बना सिटी सेंटर

## व्यापारियों में भारी आक्रोश, समाधान नहीं हुआ तो होगा बोकारो बंद : मनोज चौधरी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो की हृदयस्थली कहे जाने वाले सिटी सेंटर में पार्किंग स्थलों के अतिक्रमण, जलजमाव एवं सीवेज की समस्या को लेकर व्यापारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि बोकारो इस्पात प्रबंधन की दोहरी नीति के कारण सिटी सेंटर के व्यापारी परेशान हैं। यदि शीघ्र इसका स्थायी समाधान नहीं निकाला गया, तो व्यापारी बोकारो बंद जैसे कठोर कदम उठाने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि वर्षों पूर्व बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सिटी सेंटर सहित बोकारो इस्पात नगर के विभिन्न सेक्टरों में मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया था। इसके साथ ही व्यवस्थित पार्किंग स्थल, सीवरेज की व्यवस्था, बच्चों के लिए पार्क, सड़क, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य नागरिक सुविधाएं भी विकसित की गई थीं। कालांतर में सिटी सेंटर ने बोकारो शहर की हृदयस्थली के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि आज इस्पात प्रबंधन की लापरवाही के कारण सिटी सेंटर के लगभग सभी प्रमुख पार्किंग स्थलों पर खुदरा दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। पार्किंग स्थल के अतिक्रमण के कारण ग्राहकों एवं आम नागरिकों को अपने वाहन खड़े करने में भारी परेशानी होती है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है तथा पर्याप्त जल निकासी नहीं होने के कारण जगह-जगह जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कहा कि सीवेज टंकियों एवं सीवेज लाइन के ऊपर अतिक्रमण कर दुकानें बना दिए जाने के कारण सीवेज व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सीवेज लाइनें जाम होने से गंदा पानी बाजार परिसर में भर जाता है, जिससे व्यापारियों के साथ-साथ ग्राहकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस गंभीर समस्या की शिकायत पूर्व में इस्पात प्रबंधन से की जा चुकी है, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। चैंबर महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कहा कि हाल ही में उपायुक्त, बोकारो द्वारा सिटी सेंटर के निरीक्षण के दौरान इस्पात प्रबंधन की ओर से कुछ दुकानदारों द्वारा अपने बरामदे में सामान का डिस्प्ले करने से ग्राहकों को होने वाली असुविधा का विषय उठाया गया था। चैंबर का कहना है कि यदि ग्राहकों की सुविधा एवं व्यवस्थित बाजार व्यवस्था प्रबंधन की प्राथमिकता है, तो फिर पार्किंग स्थलों पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ भी समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। इस विषय में प्रबंधन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई की बात सामने नहीं आना दुर्भाग्यपूर्ण है। महामंत्री ने कहा कि सिटी सेंटर के व्यापारी एवं उद्यमी बोकारो के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। वे विभिन्न प्रकार के शुल्क एवं देय राशि का नियमित भुगतान करते हैं। ऐसे में बोकारो इस्पात नगर के उद्यमी एवं व्यापारी सम्मानजनक एवं समान व्यवहार के हकदार हैं। उन्होंने इस्पात प्रबंधन से मांग की कि सिटी सेंटर के सभी पार्किंग स्थलों को शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि आम लोगों एवं ग्राहकों को पर्याप्त पार्किंग सुविधा मिल सके। साथ ही मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पार्किंग एवं सार्वजनिक स्थानों पर दुकान लगाकर व्यवसाय कर रहे खुदरा व्यापारियों को इस्पात प्रबंधन द्वारा अन्यत्र उचित स्थान पर व्यवस्थित किया जाए, जिससे व्यापारियों की आजीविका भी प्रभावित न हो और सिटी सेंटर की मूलभूत व्यवस्था भी बहाल हो सके। उन्होंने कहा कि चैंबर व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संवाद एवं सकारात्मक पहल का पक्षधर है, लेकिन यदि प्रबंधन द्वारा इस गंभीर समस्या पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापारी आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर महेश गुप्ता, चंदन कुमार, पुनीत जौहर, पीयूष गोरसिया, मुकुल देवराज, कमलेश कुमार जायसवाल, केतन मेहता, विपुल मेहता, नरेश अग्रवाल, शिखर,मनीष केजरीवाल ,अनूप त्रिपाठी,रस्तोगी, संदीप जायसवाल, ज्योति प्रकाश द्विवेदी, राजकुमार गुप्ता ,गौतम जैनसहित काफी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

### कूलिंग पौंड में मिला 20 वर्षीय युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 4 थाना क्षेत्र स्थित कूलिंग पौंड से शुक्रवार सुबह एक 20 वर्षीय युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सेक्टर-9 स्ट्रीट-11, आवास संख्या 134 निवासी रोहन कालिंदी, पिता बिशु कुमार के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह टाइगर मोबाइल के जवान क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें कूलिंग पौंड में शव दिखाई देने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक के मामा अशोक कालिंदी ने बताया कि रोहन परिवार में सबसे छोटा था और सिटी कॉलेज में स्नातक की पढ़ाई कर रहा था। पिछले कुछ दिनों से वह काफी शांत रह रहा था। उन्होंने बताया कि जब भी उसे किसी तरह की परेशानी होती थी, वह सेक्टर-4 स्थित उनके घर आया करता था। गुरुवार शाम से रोहन घर से लापता था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की। रात में कूलिंग पौंड के पास उसकी टोपी और चप्पल रखी होने की जानकारी मिली थी।

# लोक संवाद में उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं, 41 मामलों की सुनवाई



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में ह्यहम आपको सुनते हैंह्व लोक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं को सुना। लोक संवाद के दौरान लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। कार्यक्रम में कुल 41 मामलों पर सुनवाई हुई। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों और पदाधिकारियों को भेजते हुए उपायुक्त ने मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर जिला प्रशासन के पास पहुंचते हैं। ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि शिकायतों का संवेदनशीलता, गंभीरता और समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने मामलों की नियमित समीक्षा करने और आवेदकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखने को कहा। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में कई मामलों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, उप निदेशक पीआरडी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### अवैध खनन रोकने को टास्क फोर्स की बैठक, चेकनाका और हेल्पलाइन बनाने का निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने को लेकर शुक्रवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद उपायुक्त अजय नाथ झा ने पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा और जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह के साथ बैठक कर प्रभावी कार्रवाई की रणनीति पर चर्चा की। उपायुक्त ने जिले के संवेदनशील यानी वल्नरेबल प्वाइंट्स को चिह्नित कर चेकनाका स्थापित करने और वहां दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध खनन से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी और त्वरित कार्रवाई के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स सेल गठित करने को कहा। अवैध खनन और परिवहन से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और कार्रवाई की रिपोर्ट जिला स्तर पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने जब्ती की कार्रवाई के दौरान जब्त वाहनों का पंजीकरण नंबर स्पष्ट रूप से दर्ज करने को कहा, ताकि कार्रवाई में पारदर्शिता बनी रहे और अभिलेखों का सही तरीके से संधारण हो सके।

# बोकारो में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल प्रभावी, मांगों को लेकर रैली और प्रदर्शन

## मांगे नहीं मानी गई तो 28, 29 और 30 सितंबर को तीन दिवसीय हड़ताल, 26 अक्टूबर 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) के आह्वान पर शुक्रवार को बोकारो जिले के सभी बैंकों में एकदिवसीय हड़ताल रही। हड़ताल के कारण बैंकों की शाखाओं और कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने चास, बोकारो एवं आसपास के क्षेत्रों में रैली निकालकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। बैंक ऑफ इंडिया, बोकारो स्टील सिटी शाखा, सेक्टर-4 से निकली रैली सिटी सेंटर का भ्रमण करते हुए भारतीय स्टेट बैंक, सेक्टर-4 के सामने पहुंची, जहां यह सभा में तब्दील हो गई। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में बैंक कर्मी और अधिकारी प्रदर्शन में शामिल हुए। महिला बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। यूएफबीयू नेताओं ने प्रदर्शन के दौरान पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने, प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि यानी पीएलआई में कथित भेदभाव समाप्त करने और लंबित मांगों के समाधान की मांग की। नेताओं का आरोप है कि कर्मचारियों एवं स्केल-3 तक के अधिकारियों के लिए पीएलआई भुगतान में भेदभावपूर्ण व्यवस्था लागू की गई है। जिला संयोजक ने कहा कि इंडियन बैंक एसोसिएशन और बैंक यूनियनों के बीच पांच दिवसीय बैंकिंग लागू करने को लेकर पहले ही लिखित समझौता हो चुका है, लेकिन अब तक सरकार की मंजूरी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि दो शनिवार की छुट्टी के बदले बाकी कार्यदिवसों में काम के समय में बढ़ोतरी का प्रस्ताव भी स्वीकार किया गया है। बैंक यूनियनों ने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द समाधान नहीं हुआ तो 28, 29 और 30 सितंबर को तीन दिवसीय हड़ताल की जाएगी। इसके बाद भी समाधान नहीं निकला तो 26 अक्टूबर 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी गई। प्रदर्शन में सिद्धेश नारायण दास, राघव कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, कृष्ण मुरारी, मिथलेश कुमार, सुधीर कुमार, सुबोध रजक, राजेश ओझा समेत विभिन्न बैंक यूनियनों के नेता और बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी मौजूद रहे।

# बीएसएल में डिजाइन एवं इंजीनियरिंग विशेषज्ञों की दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के टेक्निकल सेल विभाग द्वारा डिजाइन एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में तकनीकी ज्ञान, अनुभव एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान तथा आपसी सीख को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय 'एलइओ कार्यशाला का आयोजन बोकारो में किया जा रहा है। कार्यशाला में सेल की विभिन्न इकाइयों जैसे भिलाई स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, दुर्गापुर स्टील प्लांट, आईआईएससीओ स्टील प्लांट एवं बोकारो स्टील प्लांट के डिजाइन एवं इंजीनियरिंग क्षेत्र के विशेषज्ञ एवं प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में अधिशासी निदेशक (संकार्य) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (टेक्निकल सेल) ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डिजाइन एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को अपनाने तथा सेल की विभिन्न इकाइयों के बीच तकनीकी ज्ञान एवं अनुभवों के प्रभावी आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण), मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएं), मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिकी), मुख्य महाप्रबंधक (शॉप्स) सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अधिशासी निदेशक (संकार्य) ने ऐसी कार्यशालाओं की उपयोगिता को महत्वपूर्ण बताते हुए सेल की विभिन्न इकाइयों में उपलब्ध सामूहिक तकनीकी विशेषज्ञता का अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न संयंत्रों के विशेषज्ञों के बीच नियमित संवाद तथा तकनीकी अनुभवों एवं कार्यप्रणालियों का साझा किया जाना व्यावहारिक, प्रभावी एवं नवोन्मेषी इंजीनियरिंग समाधानों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने डिजाइन एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिए आपसी सीख, ज्ञान-साझाकरण एवं तकनीकी सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता भी रेखांकित की। कार्यशाला के दौरान सेल की विभिन्न इकाइयों में अपनाई जा रही डिजाइन एवं इंजीनियरिंग कार्यप्रणालियों, तकनीकी चुनौतियों तथा उनके प्रभावी समाधानों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। तकनीकी सत्रों, प्रस्तुतियों एवं संवादात्मक चचाओं के माध्यम से प्रतिभागी अपने अनुभवों, तकनीकी समाधानों एवं नवोन्मेषी विचारों को साझा करेंगे। इसके साथ ही, विभिन्न इकाइयों के बीच तकनीकी ज्ञान एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान, बेहतर समन्वय तथा सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने के उपायों पर भी चर्चा की जाएगी। टेक्निकल सेल विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यशाला सेल की विभिन्न इकाइयों के बीच ह्लर्न, शेयर एंड कोलैबोरेट' अर्थात ह्सीखें, साझा करें और सहयोग करेंह्व की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यशाला के दौरान साझा किए गए अनुभवों, श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों एवं तकनीकी समाधानों का उपयोग डिजाइन एवं इंजीनियरिंग प्रक्रियाओं में सुधार, तकनीकी दक्षता में वृद्धि तथा संयंत्रों की परिचालन एवं कार्यक्षमता को और बेहतर बनाने में किया जा सकेगा।

# बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम, कुरीतियों के खात्मे का संकल्प



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोमिया प्रखंड के ससबेड़ा स्थित मॉडर्न उच्च विद्यालय और मध्य विद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन नेटवर्क और सामाजिक संस्था सहयोगिनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह, बाल तस्करी और बाल अधिकारों के हनन जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोमिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव महतो, पंचायत प्रतिनिधि पिंटू पासवान, आईईएल थाना के एएसआई कुजूर, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चंदन पासवान समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। बीडीओ महादेव महतो ने कहा कि गोमिया प्रखंड को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जा चुका है, लेकिन इसे पूरी तरह समाप्त करने के लिए गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से मिलकर काम करने की अपील की। पंचायत प्रतिनिधि और पुलिस अधिकारी ने कहा कि बाल विवाह सामाजिक कुरीति के साथ कानूनी अपराध भी है। वहीं प्रधानाध्यापिका ने कहा कि बच्चों, खासकर बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित कर बाल विवाह को रोका जा सकता है। सहयोगिनी के एनिमेटर विनोद कुमार यादव ने बताया कि जिले में बाल विवाह, बाल तस्करी और बाल श्रम के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK